भाद्रपद कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 28 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 282, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्लैक होल के बिना जीवन संभव नहीं हो सकता 14

कोहरा 2 में शामिल हुईं मोना सिंह 13

## सैफई में सूदखोरों से परेशान परिवार ने पिया जहर, मुखिया सहित तीन की मौत

संवाददाता, सैफई (इटावा)

- सैफई थाना क्षेत्र के गांव भदेई में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार :** कर्ज में डूबे एक किसान परिवार ने कोल्ड ड्रिंक में कीटनाशक घोलकर पी लिया। इससे किसान, उसकी भतीजी और विधवा भाभी की मौत हो गई। किसान की मां का कहना है कि कर्ज का काफी पैसा चुका देने के बाद भी सूदखोर परेशान करते थे। इसी कारण यह कदम उठाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

थाना क्षेत्र के गांव भदेई निवासी किसान दयाशंकर सिंह (28) ने अपने दिवंगत बड़े भाई उमाशंकर की पत्नी पूजा (30) व उसकी 13 महीने की बच्ची शिवि को सोमवार सुबह घर में कोल्ड ड्रिंक में कीटनाशक मिलाकर पिला दिया और खुद भी पी लिया।

घटना के वक्त दयाशंकर की मां अपने दो अन्य नातियों के साथ बाहर गई हुई थीं। जब वापस आई तो तीनों को घर के आंगन में तड़पता देखा और शोर मचाया। पड़ोसियों ने तीनों को उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सोमवार देर रात दयाशंकर व बच्ची शिवि की मौत हो गई, जबकि पूजा ने भी मंगलवार शाम दम तोड़ दिया।

> किसान के परिवार के सदस्यों ने कोल्ड ड्रिंक में कोई जहरीला पदार्थ मिलाकर पी लिया है। प्रथम दृष्टया यह बात सामने आई है कि दयाशंकर को शराब पीने की लत थी। उसने पड़ोस के दुकानदार से सामान उधार ले रखा था। उसकी उधारी देनी थी। परिवार में आपसी विवाद की बात भी सामने आ रही है। इन्हीं दोनों कारणों से परेशान होकर यह कदम उठाया। जांच करके विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> – **संजय कुमार**, एसएसपी इटावा

## मंदिर गईं दो सहेलियों के शव पेड़ से लटके मिले, हत्या का आरोप

### फर्रुखाबाद के कायमगंज कोतवाली क्षेत्र का मामला, विपक्षी दलों ने महिला सुरक्षा को लेकर सरकार को घेरा

संवाददाता, कायमगंज (फर्रुखाबाद)



बबली (फाइल)



शशि (फाइल)

**अमृत विचारः** गांव भगौतीपुर में सोमवार रात जन्माष्टमी के पर्व पर मंदिर के लिए घर से निकलीं दो सहेलियों के शव मंगलवार सुबह गांव के बाहर बाग में पेड़ पर फंदे पर लटकते मिले। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि दोनों के शव दो दुपट्टे जोड़कर बनाए गए फंदे से लटके थे।

पुलिस के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के भगौतीपुर गांव निवासी पप्पू जाटव की 15 वर्षीय पुत्री शशि गांव में ही रहने वाली अपनी सहेली बबली (18) पुत्री रामवीर के साथ मंदिर में दर्शन के लिए निकली थी। रामवीर ने बताया कि शशि व बबली सोमवार रात करीब 10 बजे घर से कुछ ही दूरी पर स्थित मंदिर के लिए निकली थीं, जहां जन्माष्टमी का आयोजन किया गया था। पुलिस के अनुसार काफी देर के बाद जब दोनों वापस नहीं आईं तो परिजनों को आशंका हुई और दोनों की तलाश शुरू की गई, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। पुलिस के अनुसार, मंगलवार सुबह दोनों के शव गांव के ही निकट बाग में आम के पेड़ से लटके पाए गए।सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, सीओ जय सिंह परिहार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों के शवों को फंदे से उतरवाकर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने हत्या करने के बाद शव लटका देने का आरोप लगाया है। एसपी आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि पहली नजर में ये लग रहा है कि लड़कियों ने खुद से ऐसा किया है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा। उनके शव के पास में मोबाइल फोन और एक लड़की के कपड़ों से सिम कार्ड मिला है। घरवालों ने तहरीर दी है। पुलिस की जांच चल रही है।

### घटना की खबर लगते ही सियासत हुई तेज...

इस घटना की खबर आने के बाद सियासत तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह एक बेहद संवेदनशील घटना है। भाजपा सरकार इस मामले में तत्काल निष्पक्ष जांच कराए और हत्या के इस संदिग्ध मामले में अपनी आख्या प्रस्तुत करे।' उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से समाज में एक भयावह वातावरण बनता है, जो नारी समाज को मानसिक रूप से बहुत गहरा आघात पहुंचाता है। महिला सुरक्षा को राजनीति से ऊपर उठकर एक गंभीर मुद्दे के रूप में उठाने का अपरिहार्य समय आ गया है।' इस मसले पर कांग्रेस ने भी राज्य सरकार को घेरा है। पार्टी की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर लिखा कि आज उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में दो लड़कियों के शव बगीचे में लटके मिले। दोनों कल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिर गई थीं। वो घर वापस नहीं आईं। बटेंगे-कटेंगे जैसी घटिया बयानबाजी से वक्त मिले तो बेटियों को सुरक्षित कीजिए योगी जी।"

LAST 1 DAY
MONTE CARLO
7 DAYS OPEN
• शर्ट, टी-शर्ट
• जीन्स, पैन्ट
• ट्राउजर
• ट्रैक सूट्स
• लोअर
• बरमूडा एवं ऑल मान्टी कार्लो
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

मास्टर कूपन सं.-1
उपहार ही उपहार
28.08.2024

# संस्कृत के सभी विद्यार्थियों को मिलेगी अब बढ़ी हुई छात्रवृत्ति

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर

- 19 करोड़ 65 लाख 94 हजार 800 रुपये का आएगा व्यय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में आए 14 प्रस्ताव में से 13 पर मुहर लगी। इन महत्वपूर्ण प्रस्तावों में से एक उप्र. के संस्कृत विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई है। इसके तहत जहां कक्षा छह, सात और आठ के बच्चों को भी वजीफा देने का निर्णय लिया गया है, वहीं कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं को मिलने वाली छात्रवृत्ति की राशि में वृद्धि की गई है।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि पहले यह नियम था कि 50 हजार रुपये तक सालाना आमदनी वाले परिवार के बच्चों को ही छात्रवृत्ति दी जाती थी, लेकिन अब आमदनी की सीमा को हटा दिया गया है। अब जो भी छात्र संस्कृत विद्यालयों की निर्धारित कक्षाओं में पढ़ते हैं, उन सभी को छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस कवायद से 01 लाख 21 हजार 573 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। साथ ही, 19 करोड़ 65 लाख 94 हजार 800 रुपये का व्यय संभावित है। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने बताया कि इसके अंतर्गत प्रथमा के कक्षा 6 एवं 7 के लिए 50 रुपये प्रतिमाह और कक्षा 8 के लिए 75 रुपये प्रतिमाह निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ ही, पूर्व मध्यमा (कक्षा 9 व 10) के लिए 100 रुपये, उत्तर मध्यमा (कक्षा 11 व 12) के लिए 150 रुपये, शास्त्री के लिए 200 रुपये एवं आचार्य के लिए 250 रुपये प्रति माह की दर से दिए जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

### ग्रामीणों को मिलेगा स्वच्छ व पर्याप्त पेयजल

**लखनऊ।** मंत्रिमंडल ने ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल आपूर्ति योजनाओं के लिए संचालन एवं अनुरक्षण नीति-2015 के स्थान पर 'उप्र. के ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजनाओं की संचालन एवं अनुरक्षण नीति-2024' को स्वीकृति गई है। दरअसल, भारत सरकार द्वारा साल 2019 में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत समाहित करते हुए जल जीवन मिशन शुरु किया गया और वर्ष 2017-18 से भारत सरकार द्वारा पाइप पेयजल योजनाओं के लिए 15 प्रतिशत धनराशि की व्यवस्था समाप्त कर दी गई। अब ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल की निरन्तर एवं पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

### निजी कंपनियों को सौंपे जाएंगे घाटे में चल रहे गेस्ट हाउस

**लखनऊ।** मंत्रिमंडल ने सरकारी पर्यटक अतिथि गृहों को निजी हाथों में सौंपने का फैसला भी लिया। राज्य पर्यटन विकास निगम के सरकारी पर्यटक आवास गृह (सरकारी गेस्टहाउस) को निजी हाथों में 30 साल के लिए देने के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई गई है। इसी क्रम में निजी कंपनियां इन आवास गृहों का रखरखाव के साथ इनका संचालन करेंगी और सरकार को भी इससे आय होगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य में कुल 87 ऐसे टूरिस्ट गेस्ट हाउस हैं, जिनमें से घाटे में चल रहे गेस्ट हाउस को निजी कंपनियों को सौंपा जाएगा। इसी के तहत राज्य पर्यटन निगम के गेस्टहाउस ठेके पर देशी व विदेशी पर्यटकों के लिए दिए जाएंगे। जिससे पर्यटकों को बेहतर आवासीय सुविधाएं मिल सके और पर्यटन को विशेष रूप से बढ़ावा मिल सके।

## बंगाल में डॉक्टर से दरिंदगी के खिलाफ नबान्न मार्च, पुलिस ने किया लाठचार्ज

### आंसू गैस के गोले छोड़े, झड़पों में पुलिसकर्मियों समेत कई घायल



राज्य सचिवालय की ओर कूच कर रहे प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश करती पुलिस। • एजेंसी

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता और इससे लगे हावड़ा के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच उस वक्त झड़पें हुईं, जब आंदोलनकारियों ने सचिवालय की ओर मार्च करने के लिए अवरोधकों को गिराने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों ने आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए 'नबान्न' (सचिवालय) पहुंचने की कोशिश कर रहे थे।

एमजी रोड, हेस्टिंग्स रोड और प्रिंसेप घाट के पास के इलाकों, संतरागाछी और हावड़ा मैदान में ज्यादा झड़पें हुईं, जिनमें कई प्रदर्शनकारी और कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और पानी की बौछारें और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। एक महिला प्रदर्शनकारी ने कहा, 'हमें पुलिस ने क्यों पीटा? हमने कोई कानून नहीं तोड़ा। हम डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करने को लेकर शांतिपूर्ण रैली कर रहे हैं। मुख्यमंत्री को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए।' भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने 'नबान्न अभियान' रैली में बर्बर कार्रवाई की है।

### भाजपा का पुलिस कार्रवाई के खिलाफ बंगाल बंद का ऐलान

पश्चिम बंगाल में डॉक्टर दुष्कर्म-हत्याकांड को लेकर तनाव जारी है। मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ भाजपा ने बुधवार को बंगाल बंद का ऐलान किया है। पश्चिम बंगाल में पार्टी के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा है कि कोलकाता में छात्रों के नबान्न आंदोलन में जिस तरह की बर्बरता ममता सरकार की तरफ से दिखाई जा रही है, वह लोकतंत्र की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बंगाल में महिला सुरक्षा पर बोलना अपराध जैसा है, जबकि ममता राज में दुष्कर्म और हत्या जैसी घटनाएं आम हो गई हैं।

## एक नजर

### निर्विरोध आईसीसी के अध्यक्ष चुने गए शाह



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अगले अध्यक्ष चुने गए हैं। अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई का कामकाज संभाल रहे जय शाह 1 दिसंबर 2024 से आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। मौजूदा अध्यक्ष ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त हो रहा है। इस पद के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त थी। आईसीसी के अनुसार, शाह एकमात्र उम्मीदवार थे, जिन्होंने इस पद के लिए नामांकन भरा था। उन्हें निर्विरोध अगला अध्यक्ष चुना गया है। शाह को आईसीसी के बोर्ड में सबसे प्रभावशाली चेहरों में से एक माना जाता है।

### सतीश कुमार होंगे रेलवे बोर्ड के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड में सदस्य (ट्रेक्शन रोलिंग स्टॉक) सतीश कुमार को बोर्ड का नया अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। सतीश कुमार जया वर्मा सिन्हा का स्थान लेंगे, जो 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होंगी। सतीश 1 सितंबर को कार्यभार संभालेंगे। सूत्रों के अनुसार सतीश कुमार रेलवे बोर्ड के ऐसे पहले अध्यक्ष एवं सीईओ होंगे, जो अनुसूचित जाति वर्ग के हैं।

## राज्यसभा में राजग को मिला बहुमत, सीटें बढ़कर 112 हुईं

नई दिल्ली, एजेंसी

- 12 सीटों के लिए हुए उपचुनाव में 11 निर्विरोध जीतीं, 1 कांग्रेस के हिस्से

राज्यसभा की 12 सीटों पर उपचुनाव में सभी उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 11 सीटों पर जीत मिली है। इनमें भाजपा 9, अजीत पवार गुट और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक-एक सीट मिली है। वहीं, तेलंगाना से कांग्रेस के एक उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी निर्विरोध जीते हैं।

राज्यसभा में 245 सीटें हैं। हालांकि वर्तमान में आठ सीटें- चार जम्मू-कश्मीर से और चार मनोनीत की सीटें खाली हैं। सदन की मौजूदा सदस्य संख्या 237 के साथ बहुमत का आंकड़ा 119 है। मंगलवार की 11 सीटों की जीत के साथ राजग 112 सीटों तक पहुंच गया है। राजग को छह नामांकित और एक निर्दलीय सदस्य का भी समर्थन प्राप्त है। इस तरह उसे राज्यसभा में बहुमत मिल गया है।

बिहार से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा और भाजपा के मनन कुमार मिश्रा निर्विरोध जीते। केंद्रीय मंत्रियों रवनीत सिंह बिट्टू और जॉर्ज कुरियन को भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

## नवाबगंज नगर पालिका में 10.41 करोड़ का घोटाला

- पूर्व अध्यक्ष शहला और चार ईओ समेत 16 पर रिपोर्ट

**बरेली।** नवाबगंज नगर पालिका की अध्यक्ष रहीं शहला ताहिर के कार्यकाल में हुईं वित्तीय गड़बड़ियों की आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने जांच पूरी कर ली है। जांच में 10.41 करोड़ से ज्यादा धनराशि का गोलमाल पाए जाने के बाद शहला समेत पांच अधिशासी अधिकारी, पांच लिपिक और चार ठेकेदारों समेत 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। ईओडब्ल्यू के लखनऊ सेक्टर की टीम ने शहला के वर्ष 2012 से 2017 तक के कार्यकाल की जांच की थी। इसमें शहला शहला के अलावा उनके इस कार्यकाल में तैनात रहे बरेली की वैष्णोपुरम कॉलोनी निवासी हीरालाल प्रजापति, बरेली के ही प्रेमनगर निवासी हरीलाल राम, मझोला (मुरादाबाद) के नरेंद्र कुमार जौहरी और सीतापुर डीएम कार्यालय में संबद्ध विजय कुमार समेत पांच अधिशासी अधिकारियों के नाम शामिल हैं।

## मायावती फिर चुनी गईं बसपा अध्यक्ष, आकाश का बढ़ा कद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- आकाश आनंद कई राज्यों के प्रभारी बनाए गए

**अमृत विचारः** पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को फिर बसपा का अध्यक्ष चुना गया, जबकि उनके भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद कद बढ़ा दिया गया है। उन्हें दिल्ली-हरियाणा समेत कई राज्यों का प्रभारी बनाया गया है। मंगलवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में हुई केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया।

बैठक में पार्टी महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने मायावती को फिर अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पेश किया। इस मौके पर मायावती ने कहा कि देश के करोड़ों दलितों व अन्य बहुजनों के हित में डॉ. आंबेडकर के संविधान की सच्ची जनहित व जनकल्याणकारी मंशा की पूर्ति व सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करने के लक्ष्य के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू-कश्मीर व दिल्ली विधानसभा के आम चुनाव पूरी तैयारी व दमदारी के साथ बसपा को लड़ना है।

## दस लाख की रिश्वत मामले में प्रधान आयकर आयुक्त गिरफ्तार

- सीबीआई ने की कर्रवाई, 21 जगहों पर छापेमारी में आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मंगलवार को आयकर (पटना और धनबाद) विभाग के प्रधान आयुक्त और चार अन्य को विभिन्न कर निर्धारणकर्ताओं से 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि प्रधान आयकर आयुक्त संतोष कुमार को चार निजी व्यक्तियों गुरपाल सिंह, राजीव कुमार, अशोक चौरसिया और प्रणय के साथ 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने के दौरान गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने कुमार के खिलाफ एक शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप है कि वह अपने अधिकार क्षेत्र के तहत अपने पद का दुरुपयोग करके विभिन्न निर्धारणकर्ताओं को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए रिश्वत मांग रहे थे और स्वीकार कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने गिरफ्तारी के बाद पटना, धनबाद और नोएडा में करीब 21 जगहों पर छापेमारी की, जिसमें आपत्तिजनक दस्तावेज और सामान बरामद हुए।

## पत्नी की गला रेतकर हत्या लूट की गढ़ी कहानी

संवाददाता, उझानी(बदायूं)



- आरोपी पति ने कहा, संतान न होने पर पत्नी उसे ही ठहराती थी जिम्मेदार

**अमृत विचार :** संतान न होने पर पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद कहानी गढ़ी की लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने पत्नी की हत्या कर दी। सख्ती से पूछताछ पर युवक टूट गया और हत्या करना कबूल कर लिया।

उझानी के गांव मानकपुर निवासी सरताज खान पत्नी के साथ दिल्ली में रहकर जीन्स की सिलाई करता था। उनके संतान नहीं थी। मंगलवार सुबह करीब साढ़े 4 बजे वह पत्नी के साथ उझानी आया और रास्ते में उसने निदा को धक्का दिया और गला दबाने के बाद चाकू से रेत दिया। लूट दिखाने के लिए खुद के हाथ पर चाकू मारकर घायल कर लिया। फिर सड़क पर लेट गया। लोगों ने जानकारी की तो बताया कि बदमाशों ने 42 हजार रुपये लूट लिए। उसकी पत्नी की हत्या कर दी।

एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि जांच में पता चला कि महिला की हत्या उसके पति ने की थी। आरोपी को जेल भेजा गया है।

## के. कविता को मिली जमानत, पांच माह बाद तिहाड़ से रिहाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को राहत देते हुए मंगलवार को जमानत दे दी। कविता शाम को तिहाड़ जेल से रिहा हो गईं। कोर्ट ने कहा कि कविता करीब पांच महीनों से हिरासत में हैं। इन मामलों में उनके खिलाफ सीबीआई तथा ईडी की जांच पूरी हो गई है। पीठ ने कहा, 'इसीलिए इस मामले में अपीलकर्ता की हिरासत आवश्यक नहीं है।' शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत दिए जाने से इनकार करने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के 1 जुलाई के आदेश को रद कर दिया।

### पैसों के बलबूते बांग्लादेशी नागरिकों को बसाने का चल रहा खेल, रेट कार्ड भी कर रखा है जारी

# दो लाख रुपये में महाराष्ट्र, तो डेढ़ लाख में गुजरात

डीपी, शुक्ल, लखनऊ

- रेट कार्ड वायरल होने के बाद खुफिया एजेंसियां हुईं अलर्ट




**अमृत विचारः** गलत मंसूबा लेकर बांग्लादेशी पैसों के बलबूते भारत में अपनी घुसपैठ बना रहे हैं। यही नहीं, बांग्लादेशियों को भारत के अलग-अलग राज्यों में बसाने के लिए बाकायदा रेट भी तय कर रखा है।

यह रेट कार्ड वायरल होने के बाद गुप्तचर एजेंसियां सर्तक हो गई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी राज्यों को भी सतर्क कर दिया गया है। गुप्तचर विभाग के हाथ लगी भारत के विभिन्न राज्यों में घुसपैठ की रेट की सूची बांग्ला और अंग्रेजी भाषा में है। सुरक्षा विभाग के एक अफसर की मानें तो भारत में घुसपैठ कर रहे बांग्लादेशियों को बसाने के लिए सबसे अधिक कीमत महाराष्ट्र की है। इस राज्य में बसने के लिए बांग्लादेशियों से दो लाख रुपये तक लिए जा रहे हैं। इसी तरह गुजरात के लिए बांग्लादेशियों से डेढ़ लाख रुपये वसूले जा रहे हैं। दिल्ली में सुरक्षित बसाने के लिए इनसे एक लाख रुपये लिए जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य राज्यों में बसाने के लिए बांग्लादेशियों से 50-50 हजार रुपये वसूले जा रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि इस धंधे में शामिल लोगों को बांग्लादेशियों को भारत में सुरक्षित प्रवेश करवाने में सफलता भी मिल रही है। सूत्रों की मानें तो तय रेट में शर्त है कि घुसपैठियों को राज्य की भाषा भी सिखाई जाएगी। वहां के मौलानाओं से मुलाकात करवाकर उनसे परिचय कराया जाएगा। यही नहीं राज्य में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों से बांग्लादेशियों की सहभागिता भी सुनिश्चित कराने की बात सामने आई है।

### आधार कार्ड बनवाने के लिए अलग से रकम नहीं

भारत की नागरिकता और यहां बसाने के एवज में ली गई रकम में आधार कार्ड और दूसरे दस्तावेज बनवाना भी शामिल है। सूत्रों का यह भी कहना है कि इन सबके पीछे कुछ राजनीतिक नेताओं के संलिप्त होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस खेल में शामिल लोगों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए गुप्तचर एजेंसियों ने राज्यों में गोपनीय तरीके से पड़ताल शुरू कर दी है।

# सराहनीय: दो स्कूलों को मिले प्रशस्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बीएसए ने भावलखेड़ा के कंपोजिट और प्राथमिक स्कूल का किया निरीक्षण
- दोनों स्कूलों के पूरे स्टाफ को उत्कृष्ट शिक्षण कार्य और व्यवस्था के लिए किया सम्मानित

**अमृत विचार:** बीएसए दिव्या गुप्ता ने मंगलवार को विकास खंड भावलखेड़ा के दो विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षक के दौरान दोनों परिषदीय स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था के साथ छात्र उपस्थिति भी उत्कृष्ट पाई गई, जिस पर बीएसए ने दोनों स्कूलों के स्टाफ को प्रशस्ति देते हुए उनकी कर्तव्यनिष्ठा और लगन की सराहना की।

बीएसए ने बताया कि मंगलवार को उन्होंने सुबह 10.10 बजे कंपोजिट विद्यालय बसुलिया का निरीक्षण किया, जिसमें स्कूल में नामांकित 179 बच्चों के सापेक्ष 165 छात्र-छात्राएं उपस्थित मिले। शिक्षण कार्य चल रहा था। बच्चों से जो सवाल किए गए, उनका सभी ने सही जवाब दिया। बच्चों से शिक्षकों द्वारा किए जा रहे पठन-पाठन के विषय मे पूछे जाने पर सभी ने सराहना की। बीएसए ने इंचार्ज प्रधान अध्यापक ऋषिपाल सिंह, शिक्षिका आस्था सारिकवाल, दीप्ती अग्निहोत्री, कमला पाल, ममता रानी, रीतू सक्सेना, रूपाली पाल, साजिया हुसैन, शारदा गुप्ता, कल्पना मिश्रा, शिक्षामित्र तेज बहादुर को सराहनीय शिक्षण कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

इसी तरह पूर्वान्ह 9.45 बजे प्राथमिक विद्यालय विलरिया का निरीक्षण किया गया, जिसमें नामांकित 63 छात्रों के सापेक्ष 58 छात्र उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय शिक्षक कार्य सराहनीय मिला। छात्र-छात्राओं से विभिन्न विषयों के सवाल पूछे गए, जिसके सही जवाब मिले। बीएसए ने इंचार्ज प्रधान अध्यापक सुलेखा शर्मा, शिक्षिका आकांक्षा वर्मा, शिक्षामित्र अंशू सिंह, दीप्ती शुक्ला को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया।

## कलान में ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ के बीच रार के चलते नहीं हो पा रहे विकास कार्य

# सीडीओ ने जताई नाराजगी, धनराशि खर्च करने के निर्देश

संवाददाता, कलान

- अधिकारी ने अमृत विचार में छपी खबर का लिया संज्ञान
- क्षेत्र पंचायत के खाते में है चार करोड़ रुपये की धनराशि

**अमृत विचार:** खंड विकास अधिकारी व ब्लॉक प्रमुख के बीच तालमेल न बैठ पाने के कारण क्षेत्र पंचायत के खाते में लगभग चार करोड रुपये की धनराशि पड़ी होने के बावजूद विकास कार्य नही हो पा रहे हैं। अमृत विचार में चार अगस्त को प्रकाशित खबर पर मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह ने संज्ञान लेते हुए बीडीओ व ब्लॉक प्रमुख से नाराजगी जताते हुए विकास कार्य कराने के निर्देश दिए हैं।




अमृत विचार के चार अगस्त के अंक में छपी खबर की पीडीएफ।

कलान क्षेत्र पंचायत में विकास कार्य बीते कई महीनों से नहीं हो पा रहे हैं। इसके पीछे वजह यह बताई जा रही है कि खंड विकास अधिकारी मुन्नालाल व प्रमुख रुचि वर्मा के पति राहुल वर्मा के बीच रार है, जिस कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आरोप है कि दोनों ही अपनी चहेती फर्म से काम करना चाहते हैं, विवाद के कारण क्षेत्र पंचायत के खाते में लगभग चार करोड़ रुपये पड़े हैं और फिर भी विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। विकास कार्य ठप होने के मामले में अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने पर विकास विभाग के अफसरों ने इस मामले में संज्ञान लिया। मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह ने खंड विकास अधिकारी मुन्नालाल व प्रमुख रुचि वर्मा से नाराजगी जताई। रुचि वर्मा से जब सीडीओ ने सवाल-जवाब किए तो कोई सही उत्तर नहीं दे सकीं, इस पर बीडीओ ने बताया कि सारा काम उनके पति द्वारा किया जाता है। तब ब्लॉक प्रमुख के पति राहुल वर्मा को सीडीओ ने बुलाया और कहा कि अगर जल्द ही खाते में पड़ी धनराशि का खर्च विकास कार्यों में किया जाए। वहीं खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि क्षेत्र में जिन जगहों पर जरूरत है वहां पर कार्य कराकर लोगों को लाभान्वित करें। वहीं बीडीओ मुन्नालाल ने बताया कि सीडीओ ने क्षेत्र पंचायत विकास के खाते में पड़ी धनराशि का संज्ञान लेते हुए विकास कार्य कराने के निर्देश दिए हैं।

## एक नजर

### पुरानी क्लेम फाइलों का रख रखाव ठीक न करने पर सीडीओ नाराज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने मंगलवार को डीपीआरओ आफिस का औचक निरीक्षण कर लिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ को तमाम कमियां नजर आई। पुरानी क्लेम की फाइलों की अलमारी खुलवाकर देखी तो वह दंग रह गई, उसमें कई सालों की फाइलें धूल फांक रही थी और कुछ फर्श पर पड़ी हुई थी। जिस पर उन्होंने मौके पर डीपीआरओ घनश्याम सागर की क्लास लगाई। सीडीओ ने अपने दफ्तर के दो बाबूओं को डीपीआरओ आफिस में लगकर आफिस में सुधार कराने की रिपोर्ट भी मांगी है। सीडीओ ने बताया कि निरीक्षण में डीपीआरओ आफिस में अव्यवस्था पाई गई थी, जिसको लेकर डीपीआरओ को दिशा निर्देश दिए।

### खून देकर बच्चे को खतरे से बचाया



**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कई दिनों से जिला अस्पताल में भर्ती एक बच्चे को बेहद रेयर ब्लड ग्रुप बी निगेटिव की जरूर थी, लेकिन रेयर होने के चलते ब्लड कहीं नहीं उपलब्ध हो पा रहा था। जिसे सोशल मीडिया पर किसी ने पोस्ट कर दिया। जानकारी सहयोग संस्था की अध्यक्ष नेहा यादव सक्सेना को मिली। उनका ब्लड ग्रुप बी निगेटिव था। उन्होंने परिवार से संपर्क कर जिला अस्पताल में बच्चे को ब्लड डोनेट किया। इस दौरान विक्रांत सक्सेना, संस्था के सचिव निखिल महेंद्रू उपस्थित रहे।

### विहिप ने मनाया स्थापना दिवस

**खुदागंज, अमृत विचार:** नगर स्थित पतरे बाबा के मंदिर पर मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद का 60 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यार्थी प्रमुख राजीव कश्यप ने की। वहीं मुख्य वक्ता प्रखंड अध्यक्ष गुरपाल सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिंदू समाज को जागृत करने का आह्वान किया। इस दौरान मोहित सिंह, गोधन कश्यप, मानवेंद्र सिंह, अभिषेक जैन, नैमिष रस्तोगी, शिवराम कश्यप, श्याम गुप्ता, शिवम शंखधर आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षक रहमुद्दीन शेख, सुशील कुमार गंभीर आरोपों में निलंबित

## विकास खंड कलान के स्कूल में तैनात हैं दोनों अध्यापक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अन्य स्कूलों में संबद्ध कर विभागीय खंड शिक्षा अधिकारियों को जांच सौंपी

**अमृत विचार:** बीएसए ने कलान क्षेत्र के दो शिक्षकों को गंभीर आरोपों के चलते निलंबित कर दिया है। निलंबित दोनों शिक्षकों को इसी विकास खंड के अन्य स्कूलों में संबद्ध करते हुए विभागीय खंड शिक्षा अधिकारियों को जांच सौंपी है।

बीएसए दिव्या गुप्ता ने 27 अगस्त को जारी निलंबन आदेश में कहा है कि कलान के खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया था कि उनके द्वारा 15 जुलाई को पूर्वान्ह 11.30 बजे प्राथमिक विद्यालय तलिकापुर, कलान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय बंद मिला और बच्चे स्कूल परिसर में बंद थे। बाहर से ताला लगा हुआ था। बच्चों ने बताया कि सफाई करने वाला विद्यालय खोलकर उन्हें अंदर बंद करके बाहर से ताला डालकर चला गया। एमडीएम भी नहीं बन रहा था, जिस पर बीईओ ने प्रेरणा पोर्टल पर विद्यालय बंद दिखाया गया। बीईओ ने 23 जुलाई को सहायक अध्यापक रहमुद्दीन शेख से स्पष्टीकरण भी मांगा। आदेश में कहा गया है कि इससे पहले भी अध्यापक को एक मई 2024 को भावलखेडा के बीईओ विनय मिश्र द्वारा प्रेरणा पोर्टल पर अनुपस्थित किया जा चुका है। इस तरह बीईओ कलान द्वारा 10 मई को निरीक्षण किया गया था, तब भी शिक्षक रहमुद्दीन शेख विद्यालय से अनुपस्थित थे। खास बात यह थी कि रहमुद्दीन शेख द्वारा एक दिवस के अग्रिम हस्ताक्षर भी पाए गए थे। बच्चों व ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि रहमुद्दीन शेख महीने में एक या दो बार ही आते हैं। रसोईघर का निरीक्षण करने पर पता चला कि गेहूं में चावल का आटा मिला देते हैं। ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय के लिए आए गेहूं को बेच लिया जाता है। अध्यापक से स्पष्टीकरण मांगने पर कोई जवाब नहीं दिया गया।

वहीं बीएसए ने कलान क्षेत्र के ही प्राथमिक विद्यालय ग्यूतिया के शिक्षक सुशील कुमार को भी निलंबित किया है। बीएसए ने निलंबन आदेश में कहा है कि पूर्व बीएसए रणवीर सिंह के द्वारा प्राथमिक विद्यालय ग्यूतिया का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण में शिक्षण व्यवस्था शून्य, मध्यान्ह भोजन पंजिका कई दिवसों से अपूर्ण और विद्यालीय अभिलेखों का घर पर होना आदि अनियमितताएं पायी गयी थीं। बतायाः इससे पहले शिक्षक सुशील कुमार और प्राची गुप्ता का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरूद्ध किया गया था। आरोप है कि शिक्षक सुशील कुमार द्वारा पूर्व बीएसए को धमकी दी गयी और व्हाट्सएप के माध्यम से गाली व अभद्र भाषा का मैसेज किया गया, जो कि अध्यापक नियमावली के प्रतिकूल है।

### बीएसए से बोले रहमुद्दीन शेख, आपने मेरा विद्यालय पोर्टल पर बंद क्यों दिखाया

बीएसए ने अपने आदेश में कहा है कि शिक्षक रहमुद्दीन शेख 26 जुलाई को विद्यालय समय में आफिस आए और धमकी व अपशब्द कहने लगे कि आपने मेरा विद्यालय पोर्टल पर बंद क्यों दिखाया। बीईओ की संस्तुति पर शिक्षक रहमुद्दीन शेख को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उच्च प्राथमिक विद्यालय बम्हौरा कलान में संबद्ध कर दिया गया है और मामले की जांच बीईओ मुख्यालय व मिर्जापुर को सौंप दी गई है।

### तत्कालीन बीएसए ने शिक्षक सुशील पर दर्ज करवाई थी प्राथमिकी

यह भी आरोप है कि सुशील कुमार द्वारा पूर्व बीएसए रणवीर सिंह (जो वर्तमान में ललितपुर के बीएसए है) के द्वारा 28 जुलाई 2024 के माध्यम से पुलिस अधीक्षक, ललितपुर को दिए पत्र में कहा कि शाहजहांपुर से स्थानांतरण हो जाने के पश्चात शिक्षक सुशील कुमार द्वारा उनके सीयूजी नंबर 9453004101 व्हाट्सऐप पर असंसदीय/अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर मैसेज एवं कॉल के माध्यम से जान-माल को हानि पहुंचाने की धमकी दी गई। ललितपुर बीएसए ने उन्हें व उनके परिवार को क्षति पहुंचाए जाने की आशंका व्यक्त करते हुए शिक्षक सुशील कुमार के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया था। इस पर बीएसए दिव्या गुप्ता ने तत्काल प्रभाव से शिक्षक सुशील कुमार निलंबित करते हुए कंपोजिट विद्यालय मालौं, कलान से संबद्ध करते हुए मामले की जांच बीईओ मुख्यालय व मिर्जापुर को सौंप दी है।

### दो किशोरियों को किया अगवा, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** निगोही क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि उसकी 19 वर्षीया पुत्री सोमवार की रात नौ बजे खाना खाकर एक कमरे में सोने के लिए चली गयी। वह सुबह चार बजे सोकर उठा तो देखा कि उसकी पुत्री कमरे में नहीं है और मकान का मुख्य दरवाजा खुला हुआ है। आरोप है कि गांव का आशीष पुत्री को ले गया है। पुत्री साथ में घर से 80 हजार रुपये, एक जोड़ी सोने के झाले, पायल व बिछुआ ले गई है। उधर, कांट के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि उसकी 14 वर्षीया पुत्री 21 अगस्त को सुबह आठ बजे खेत पर गई थी। वह दोपहर तक लौटकर नहीं आई। परिवार वालों ने उसकी तलाश किया और पता नहीं चला। अगले दिन पता चला कि गढ़िया रंगीन का गुड्डू उसे अगवा करके ले गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बाइक सवार युवकों ने की छेड़खानी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मिर्जापुर क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि रविवार की शाम पांच बजे उसकी दो पुत्रियां कस्बा में सामान लेने बाइक से गयी थी। दोनों पुत्रियां वापस बाइक से आ रही थी। जरियनपुर तिराहे से बाइक पर सवार दो युवकों ने उसकी दोनों पुत्रियों को पीछा किया और अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। उसकी पुत्रियों ने युवकों का मोबाइल में वीडियो बनाया तो एक आरोपी ने बेटी का मोबाइल छीनने का प्रयास किया। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# बैठक में सदस्यता अभियान के लिए सौंपे गए दायित्व



अभियान का प्रारंभ करते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ भावलखेड़ा इकाई की बैठक

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ भावलखेड़ा इकाई की बैठक मंगलवार को शिक्षक भवन चमकनी में हुई। इस अवसर पर परिषदीय शिक्षक-शिक्षिकाओं को शत-प्रतिशत सदस्यता ग्रहण करवाकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

संघ के जिला मीडिया प्रभारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष राज कुमार तिवारी ने कहा कि शिक्षकों का मान्यता प्राप्त संघ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ हैं, जिसका निर्वाचन सितंबर या अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में कराया जाना है। विकास खंड शाखाओं से लेकर जनपदीय शाखा के निर्वाचन की घोषणा प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह द्वारा की जा चुकी है। संघ संविधान के अनुरूप शत प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सभी पदाधिकारी सदस्यता ग्रहण करवाएं, ताकि कोई भी सदस्यता से वंचित न रह सके। उन्होंने कहा कि जितने अधिक सदस्य होंगे संघ उतना ही शक्तिशाली होगा और शिक्षकों की समस्याओं के लिए संघर्ष कर सकेगा। बैठक में संघ सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया तथा न्याय पंचायत स्तर पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, ब्लॉक मंत्री अरविंद त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष समर खान, अरुण पाल, कवित कुमार मिश्रा, प्रशांत आहूजा, शिवकुमार, नीरज सक्सेना, राहुल पांडेय, वारिस अली, आलोक परमार, राजबहादुर, अखिलेश कुमार, विजय पटेल, नवनीत मिश्र, पुनीत मिश्रा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# आतिफ और हर्षित की जोड़ी ने जीती बैडमिंटन चैंपियनशिप

- बरेली में हुए टूर्नामेंट में दोनों ने दमदार प्रदर्शन कर किया ट्रॉफी पर कब्जा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शटलर्स बैडमिंटन एकेडमी बरेली में 25 अगस्त को हुआ टूर्नामेंट गौरव बैडमिंटन एकेडमी तिलहर के खिलाड़ी आतिफ मसूद खां और हर्षित ने जीत लिया है। मेंस डबल्स ओपेन कैटागिरी में दोनों की जोड़ी ने चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया।

फाइनल में आतिफ मसूद खां और हर्षित की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। उन्होंने बरेली स्टेडियम के कोच शिवांग श्रीवास्तव और शिवम को सीधे सेटो में 21-19 व 21-18 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इसी तरह तिलहर एकेडमी के ही अंडर 15 वर्ग में इसी एकेडमी के आदि और राघव ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई और उपविजेता रहते हुए रनरअप की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। आतिफ मसूद बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। उनकी कामयाबी पर प्राथमिक शिक्षक संघ के नगर अध्यक्ष इमरान सईद खं, खंड शिक्षा अधिकारी नगेंद्र कुमार, साथी कर्मचारी मो. शाकिर, रविंद्र सिंह, आदिल, अनिल और मुजाहिद आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया।




ट्रॉफी के साथ आतिफ मसूद खां और हर्षित।

# अन्याय विरोध दिवस: कोतवाली के सामने मौन प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आजाद अधिकार सेना ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा

**अमृत विचार:** अन्याय विरोध दिवस के अवसर पर आजाद अधिकार सेना ने मंगलवार को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक रोजा को सौंपा। इस दौरान रोजा कोतवाली के सामने कार्यकर्ताओं ने मौन प्रदर्शन भी किया।

आजाद अधिकार सेना ने जोनल अध्यक्ष शैलेश कुमार, जिला अध्यक्ष विमलेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता रोजा कोतवाली के सामने पहुंचे और मौन प्रदर्शन करते हुए अन्याय विरोध दिवस मनाया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी निरीक्षक के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन दिया। जिसमें कानून का वास्तविक पालन किए जाने तथा अपने अधिकारों का दुरुपयोग पूरी तरह रोके जाने के संबंध में समुचित निर्देश निर्गत किए जाने के लिए अनुरोध किया गया। कहा गया कि 27 अगस्त 2021 को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर को उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा एफआईआर की कॉपी दिए बिना और मामले की बुनियादी जानकारी दिए बिना जबरदस्ती उनके घर से उठाने का प्रयास हुआ, उसका उन्होंने विधिक रूप से विरोध किया। इसके बाद भी उन्हें बलपूर्वक पकड़ कर ले जाया गया, जो शासन सत्ता के दुरुपयोग का एक ज्वलंत उदाहरण है। इस घटना को एक नजीर मानते हुए आजाद अधिकार सेना लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए यह कार्यक्रम कर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष वरुण कुमार, ब्लाक अध्यक्ष पवन कुमार, नगर अध्यक्ष अमन कश्यप, विकास कुमार, ब्रजेश वर्मा, विजय वर्मा, राजकुमार, सुधीर वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, अंकित, अमरजीत कौर, नूरबानो आदि लोग मौजद रहे।



रोजा कोतवाली के सामने मौन प्रदर्शन करते आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता।

# फुटबाल मैच में रॉयल क्लब ने स्टेडियम को हराया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन

**अमृत विचार:** मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर दो दिवसीय जिला स्तरीय ओपन पुरुष वर्ग फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम में चली प्रतियोगिता मंगलवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गई।

पहला सेमीफाइनल मैच केएफएल वारियर्स एवं रॉयल क्लब के मध्य खेला गया, जिसमें रायल क्लब ने 5-0 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच पुलिस टीम एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम टीम के बीच खेला गया, जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडिमय की टीम ने पुलिस टीम को 6-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह फाइनल मैच रायल क्लब व स्पोर्ट्स स्टेडियम के मध्य खेला गया, जिसमें रायल क्लब ने 3-0 से स्पोर्ट्स स्टेडियम को परास्त कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इससे पहले दूसरे दिन खेल का प्रारंभ नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी मंयक भदौरिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।



जीत को जूझते खिलाड़ी।

निर्णायक मंडल में कौशल किशोर, श्याम कुमार, प्रमोद कुमार, शिवम राना, गौरव भारती, पंकज कुमार शामिल रहे। जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने आभार व्यक्त किया। समापन पर जिला फुटबाल संघ से सचिव दिलीप शर्मा, रज्जन कश्यप, अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार, मुजाहिद अली, शकील अहमद, शिव प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रशंसनीय

## वरुण अर्जुन विवि, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल पहुंचे जनप्रतिनिधि

# ब्लॉक प्रमुख ने सराहीं कॉलेज की स्वास्थ्य सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- संस्थान की ओर से तिलहर के प्रधानों के सम्मान में आयोजित की गई संगोष्ठी

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय एवं वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से मंगलवार को तिलहर क्षेत्र के प्रधानों के सम्मान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें तिलहर क्षेत्र के प्रधानों ने मेडिकल कॉलेज का भ्रमण किया व मरीजों का हाल-चाल जाना। कार्यक्रम में तिलहर की ब्लॉक प्रमुख कविता यादव मुख्य अतिथि रहीं, जिनका स्वागत कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल व उपाध्यक्ष डॉ. किरन अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर किया। ब्लॉक प्रमुख ने वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय और मेडिकल कॉलेज की ओर से दी जा रहीं स्वास्थ्य सुविधाओं की सराहना की।

संगोष्ठी आरंभ करते हुए अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल की ओर से दी जा रही सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बताया कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है और इसी तात्पर्य से उन्होंने इस क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को परिवार स्वास्थ्य कार्ड के बारे में बताया जो अस्पताल की ओर से मात्र 200 रुपये में बनता है। वह एक वर्ष के लिए मान्य है, जिससे कार्ड धारक व उसके परिवार के सदस्य एक साल तक सस्ता उपचार करा सकते हैं। ब्लॉक प्रमुख कविता यादव ने अस्पताल के द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह शाहजहांपुर क्षेत्र में एकमात्र ऐसा अस्पताल है जहां प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति अपना इलाज करा सकता है और अस्पताल की ओर से संचालित मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं और मुफ्त स्वास्थ्य शिविरों की भी सराहना की। ग्राम प्रधानों ने भी अपने विचार रखे। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के भावी प्राचार्य डॉ. आरएन शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया। ब्लॉक प्रमुख कविता वर्मा ने ग्राम प्रधानों के साथ मेडिकल कॉलेज और कैंपस का भ्रमण भी किया। कार्यक्रम का संचालन उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. केजी पॉल, ऐनेस्थिसिया विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारी ललित सिंह चौहान, पीआरओ रईसउद्दीन, विपिन शर्मा, मोहित थापा व सतीश चंद्र आदि उपस्थित रहे।



ब्लॉक प्रमुख कविता यादव का स्वागत करते कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल व उपाध्यक्ष डॉ. किरण अग्रवाल। ● अमृत विचार

### मुफ्त चिकित्सा शिविर लगवाने का अनुरोध

कार्यक्रम के दौरान सभी तिलहर क्षेत्र के प्रधानों ने मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल से अनुरोध किया कि वह आने वाले समय में उनके क्षेत्र में मुफ्त चिकित्सा शिविर जनमानस की भलाई के लिए लगाते रहें।









# सत्यपाल के खुलासे के बाद उठा सवाल...आखिर कैसे मारा था काजल को

## आत्मसमर्पण कर जेल गए अभियुक्तों को रिमांड पर लेने की तैयारी में जुटी पुलिस, युवती के परिजनों ने कर दी थी बेटी के प्रेमी आकाश की हत्या

**ऑनर किलिंग!**

संवाददाता, तिलहर/ शाहजहांपुर

- राज बनी हुई थी लापता युवती अब जाकर हुआ घटना का खुलासा

**अमृत विचार:** तिलहर में हुआ आकाश हत्याकांड अब डबल मर्डर और ऑनर किलिंग में तब्दील होता दिख रहा है। पकड़े गए हत्यारोपी सत्यपाल ने खुलासा किया है कि प्रेम संबंधों के चलते काजल के परिजनों ने न सिर्फ आकाश की हत्या की बल्कि विरोध करने पर उसे भी मार डाला। आकाश की हत्या के बाद चार दिन बाद संदिग्ध अवस्था में काजल ने दम तोड़ दिया था। अब जाकर खुलासा हुआ है कि काजल की भी हत्या कर दी गई थी। पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर काजल को मारा कैसे गया था। इसके लिए पुलिस जेल में बंद उसके पिता व भाइयों को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है।

मीरानपुर कटरा के गांव समधाना निवासी आकाश गंगवार बीफार्मा लास्ट ईयर का छात्र था। 28 जून को वह बरेली में बीफार्म का पेपर देकर लौट रहा था। रात लगभग नौ बजे तिलहर स्टेशन के पास रुजवारी रेलवे फाटक के पास डाउन लाइन ट्रैक पर उसका शव बरामद हुआ था। रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना मालगाड़ी के लोको पायलट ने 112 डायल कर पुलिस को दी थी। पुलिस ने शव को रेलवे ट्रैक से हटाया और उसकी जेब से तलाशी के दौरान निकले आधार कार्ड एवं परिचय पत्र से उसकी शिनाख्त हुई थी। रात में बड़े भाई अमित गंगवार ने भी मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की थी। मृतक आकाश की मां ईश्वरवती पत्नी स्व. रामप्रताप गंगवार की तहरीर पर पुलिस ने समधाना निवासी हरिश्चंद्र और उसके दो बेटों चंद्रसेन व टिंकू व थाना तिलहर के गांव पिंगरा-पिंगरी निवासी सत्यपाल मौर्या के खिलाफ प्रेम-प्रसंग में हत्या किए जाने की रिपोर्ट दर्ज की थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी के डर से हरिश्चंद्र और उसके दोनों बेटों ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। चौथा अभियुक्त सत्यपाल मौर्य फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने 25 अगस्त की रात बंथरा डिपो रोड से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए सत्यपाल ने जो खुलासा किया उससे सभी हैरत में पड़ गए।



पुलिस हिरासत में पकड़ा गया आरोपी सत्यपाल। ● अमृत विचार

पुलिस पूछताछ में उसने आकाश हत्याकांड का तो खुलासा किया ही, साथ ही आकाश की प्रेमिका काजल की हत्या का भी पर्दाफाश कर दिया। उसने बताया कि प्रेमी की हत्या की जानकारी होने पर काजल मामले को उजागर करने की धमकी दे रही थी, इसलिए उसकी उसके पिता व भाइयों ने हत्या कर दी। ऑनर किलिंग का मामला सामने आने पर अब पुलिस की विवेचना और तेज हो गई है। पुलिस के सामने अब सवाल यह तैर रहा है कि काजल की हत्या आखिर कैसे की गई थी, इसके लिए आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी की जा रही है। सत्यपाल से आकाश का बैग और उसमें रखी एक डायरी, दो नोट बुक, तीन एटीएम, दो पेन, एक टूटी हुई स्केल और नोटबुक के खुले हुए 99 पेज बरामद किए। सत्यपाल के पास से पुलिस को तमंचा और कारतूस भी मिला।

### काजल के ममेरे भाई सत्यपाल को दी गई थी आकाश को रास्ते से हटाने की जिम्मेदारी

आकाश से प्रेम संबंधों की जानकारी काजल के पिता हरिश्चंद्र और भाइयों चंद्रसेन व टिकू को हुई तो उन लोगों ने दोनों के मिलने पर रोक लगा दी लेकिन दोनों चोरी छिपे मिलते रहे। काजल के ममेरे भाई अभियुक्त सत्यपाल ने बताया कि यह बात फूफा हरिश्चंद्र और चंद्रसेन, टिंकू ने उसे बताई और आकाश को रास्ते से हटाने की जिम्मेदारी उसके ऊपर डाल दी। इसके बाद उसने काजल को 26 जून को अपने घर पिंगरा-पिंगरी बुला लिया।

### शादी का झांसा देकर बुलाया और हत्या कर रेलवे लाइन पर रख दिया था शव

अभियुक्त ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि 28 जून को काजल ने आकाश से बात की, उस समय आकाश बरेली गया हुआ था। उसने भी काजल के मोबाइल से आकाश से बात की और उसे समझाया कि काजल मेरे पास है, तुम परेशान ना हो और हमारे घर पिंगरा-पिंगरी आ जाओ। यहीं बैठ कर हम लोग बात कर लेंगे और तुम्हारी शादी करा देंगे और उससे कपसेड़ा में मिलने को कहा। इसके बाद सत्यपाल ने अपने मोबाइल से भी आकाश से बात की। उसी दिन रात आठ बजे आकाश उसे कपसेड़ा में मिल गया। योजना के मुताबिक सत्यपाल उसे बाइक पर बैठाकर रुजवारी फाटक के आगे पहुंचा तो वहां पहले से ही मौजूद फूफा हरिश्चंद्र और उनके दोनों बेटे टिंकू व चंद्रसेन मिल गए। जहां हम सभी ने आकाश को जमीन पर गिरा लिया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को रेलवे लाइन पर रख दिया। रेलगाड़ी निकल जाने से उसके दो टुकड़े हो गए। इसके बाद हम लोग वहां से चले गए।

### ...फिर काजल को उसके पिता और भाइयों ने मार डाला

सत्यपाल ने बताया कि आकाश की हत्या के बाद उसका बैग लेकर वह अपने घर पहुंचा तो काजल उसके कीचड़ व पानी से सने हुए कपड़े देखकर हड़बड़ा गई। तब उसने काजल से कह दिया कि शांत हो जा, अब आकाश का खेल खत्म हो चुका है। इसके बाद उसने रोना-चिल्लाना शुरू कर दिया और कहने लगी कि तुमने आकाश को मार डाला है, मैं सबको फंसाऊंगी। इसके बाद उसने फूफा हरिश्चंद्र को सूचना दी, तब फिर हरिश्चंद्र और चंद्रसेन रात में ही काजल को लेकर समधाना चले गए। सत्यपाल ने बताया कि आकाश के चक्कर में हरिश्चंद्र, चंद्रसेन और टिंकू ने काजल को मार डाला।

### खुलासा: काजल ने बरेली में इलाज के दौरान तोड़ा था दम

तिलहर इंस्पेक्टर विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि आकाश के साथ हुई घटना के चार दिन बाद काजल को हालत बिगड़ने पर परिजनों ने बरेली के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि काजल को फंदे पर लटकाकर मारा गया था लेकिन अभी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है, बिना पोस्टमार्टम रिपोर्ट के कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है। बरेली में काजल का पोस्टमार्टम कराया गया था, वहां से पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। काजल के पिता और भाइयों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

## एक नजर

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खुदागंज क्षेत्र के गांव कुआडांडा निवासी मुनेंद्र के पुत्र रचित( 17 ) ने रविवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिवार वालों ने उसे बीसलपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बताते है कि परिवार वालों ने किसी बात को लेकर डांट दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### कीटनाशक दवा छिड़कते समय किसान की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** परौर थाना क्षेत्र के गांव खजुरी निवासी शीशराम( 45 ) सोमवार की शाम खेत पर धान की फसल में कीटनाशक दवा का स्प्रे कर रहा था। दवा का स्प्रे करते समय बेहोश हो गया। परिवार वाले उसे मेडिकल कॉलेज लेकर आए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### विधायक को धमकी देने के आरोपी का 151 में चालान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर थाना पुलिस ने कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस को धमकी देने के आरोपी का पुलिस ने 151 में चालान कर दिया है। मंगलवार को उसे मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। रविवार को कटरा विधायक के निजी सहायक जगबीर सिंह ने मदनापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें बताया गया था कि व्हाट्सएप पर कॉल करके एक अज्ञात व्यक्ति ने विधायक को परिवार सहित जान से मार डालने की धमकी दी है। पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर चाहरपुर गांव के निवासी अर्जुन को हिरासत में ले लिया था। मंगलवार को उसका धारा 151 के तहत चालान कर दिया गया।

# बस स्टैंड के सामने मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रोडवेज बस अड्डे के सामने टैक्सी स्टैंड परिसर में एक व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। उसके शरीर में चोट के निशान नहीं है। वह ढाबे पर काम करता था। बंडा से शहर जन्माष्टमी देखने के लिए आया था। उसकी पत्नी कई साल पहले छोड़कर चली गई थी।

सदर बाजार थाना क्षेत्र में रोडवेज बस अड्डे के सामने टैक्सी स्टैंड परिसर में मंगलवार की सुबह सात बजे लोगों ने एक युवक को बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। लोगों ने उसे जगाया तो नहीं उठा। चालकों ने सदर बाजार थाना को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह पहुंचे, देखा कि वह मर चुका था। उसकी उम्र 48 साल थी। उसके शरीर में चोट के निशान नहीं थे।



पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम खड़े परिजन। ● अमृत विचार

- बंडा में ढाबे पर काम करता था विशाल, शराब का आदी था

एक व्यक्ति ने उसे पहचान लिया और परिवार वालों को सूचना दी। मोहल्ला बाडूजई द्वितीय निवासी दीपक श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त भाई विशाल श्रीवास्तव के रूप में की। मृतक के भाई ने बताया कि उसकी पत्नी कई साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी। वह बंडा क्षेत्र के एक ढाबे पर काम करता था। वह जन्माष्टमी देखने के लिए घर पर आ रहा था। उन्होंने बताया कि उसका भाई शराब का आदी थी। किसी पर कोई आरोप नहीं है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## तीन स्थानों पर छापेमारी में पकड़ी गई बिजली चोरी

**कुर्रिया कला, अमृत विचार:** चौहानपुर उपकेंद्र के विद्युत उपखंड अधिकारी यश भारद्वाज और अवर अभियंता माता प्रसाद ने मंगलवार को टीम के साथ छापेमारी की। उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में हुए छापेमारी में इमलिया में सिंचाई ट्यूबवेल और सरथौली में एक सिंचाई ट्यूबवेल, एक मुर्गी फार्म कनेक्शन पर बिजली चोरी पकड़ी गई। जिन पर विभागीय अधिकारी बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं। इस दौरान विद्युत अधिकारियों ने चेताया कि जिन लोगों के बिल नहीं जमा हैं, वह बिल जमा न कर दें, नहीं तो उनकी बिजली काट दी जाएगी। छापेमारी के दौरान लाइनमैन हाकिम यादव, जयेंद्र नाथ ,सुरजीत सन्ना, जयवीर सहित समस्त टीम मौजूद रही।

# महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

- मृतका के पिता ने ससुराल वालों के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार:** ससुराल वालों ने दहेज के लिए बहू को इतना परेशान किया कि वह बीमार हो गई। उसे फोन पर भी धमकी दी जाती थी। मायके में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता का आरोप है कि ससुराल वालों ने परेशान किया कि वह बीमार हो गई और मौत हो गई।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा निवासी अजीत की शादी 11 जून 2015 को ज्योति ( 26 ) निवासी हार गुरैया थाना जलालाबाद के साथ हुई थी। वह कुछ साल तक ससुराल में ठीक रही। इसके बाद ससुराल वाले कम दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे, जिससे वह बीमार रहने लगी। मायके वाले करीब ढाई साल पहले उसे बीमारी हालत में पिता के घर छोड़ गए। ज्योति तब से मायके में थी। उसका पति फोन पर ज्योति को ताना मारा करता था, जिससे वह दिमागी रूप से परेशान रहती थी। उसका मायके में इलाज चल रहा था। ज्योति ने वर्ष 2018 में ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की तहरीर दी थी। मंगलवार शाम ज्योति की अचानक मौत हो गई। मृतका के पिता मिथलेश ने थाने पर सूचना दी। मृतका के पिता ने बताया कि ससुराल वाले उसकी पुत्री को शादी के बाद से बाइक और सोने की चेन को लेकर प्रताड़ित और मारपीट करते थे, जिससे उसकी पुत्री बीमार रहने लगी थी। मृतका के पिता ने ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के कोई बच्चा नहीं था।




मृतका ज्योति

### बहू को घर से निकाला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के मोहल्ला पट्टी पश्चिमी निवासी शबनम बी ने बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले शहजाद निवासी चौहरिया थाना तिलहर के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। उसका डेढ़ वर्ष का पुत्र है। कम दहेज को लेकर ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते है। ससुराल वालों ने उससे कहा कि एक बाइक और 50 हजार रुपये मायके से मंगाकर दो। उसके मना करने पर ससुराली नाराज हो गए। पीड़िता का आरोप है कि 22 जून को उसे मारा पीटा और बेटे समेत घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# खाद्य औषधि निरीक्षक पर उत्पीड़न का आरोप



सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** खाद्य औषधि निरीक्षक पर दवा व्यापारियों के उत्पीड़न का आरोप लगा है। इस संबंध में मंगलवार को आदर्श व्यापार मंडल ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष पंकज वर्मा सराफ के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि औषधि निरीक्षक के द्वारा दवा व्यापारियों का जांच के उपरांत उत्पीड़न किया जा रहा है। जिस कारण दवा व्यापारियों का व्यापार बाधित हो रहा है और अनावश्यक समस्याएं भी उत्पन्न हो रहीं हैं। जांच के दौरान निरीक्षण के आधार पर छोटी-छोटी कमियों को बताकर दवा व्यापारियों के लाइसेंस निलंबित किए जा रहे हैं, जो कि सरासर गलत है। औषधि निरीक्षक द्वारा दवा व्यापारियों के प्रतिष्ठान बंद करने तक की कार्रवाई की जा रही है।

जिससे व्यापारियों की कई वर्षो की प्रतिष्ठा भी समाप्त हो रही है। एक सप्ताह के भीतर या कई माह पुराने बिल न दिखा पाने पर या सामान जमीन पर रखा देख कर कार्रवाई करना उचित नहीं है। कई बार ऐसा होता है कि सामान आने पर उसे जमीन में रख दिया जाता है और बाद में उसे अलमारी में सेट कर दिया जाता है। ऐसे में तत्काल कार्रवाई करना अनुचित है। आगे कहा गया है कि सभी व्यापारी कानूनी और नियमानुसार आवश्यकताओं का पूर्ण रूप से पालन करते हैं। दवा व्यवसाय में इस तरह का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नहीं रुकने पर व्यापार मंडल धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष पंकज वर्मा, शकील अहमद, जसविंदर सिंह, जितेंद्र नाथ शुक्ला, रामचंद्र रस्तोगी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### विभाग का नाम बदनाम करने वालों पर होगी एफआईआर: डीआई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ड्रग इंस्पेक्टर शालिनी मित्रा ने कहा कि उन्हें शिकायत मिली है कि कुछ लोग औषधि विभाग व उनका नाम लेकर बाजार से उगाही का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कोई भी हो, उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगर शहर या देहात क्षेत्र में कोई भी ऐसा व्यक्ति है जो दवा व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा है तो व्यापारी उनका या हमारे विभाग के किसी भी अधिकारी से शिकायत कर सकते हैं। मामले की जांच कराकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से ड्रग इंस्पेक्टर की मेडिकल स्टोरों पर की जा रही छापेमारी पर व्यापारियों ने गहरी नाराजगी जताई थी। विभाग के उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर व्यापारियों ने उगाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की थी। जिसके बाद ड्रग इंस्पेक्टर ने चेतावनी जारी की है।

# व्यापारियों ने तय की प्रांतीय कार्यसमिति की रूपरेखा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश की मासिक बैठक बहादुरगंज स्थित व्यापार मंडल कार्यालय पर जिला अध्यक्ष सुमित्रा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन विस्तार एवं सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में वृंदावन मथुरा में होने वाली प्रांतीय कार्यसमिति समिति की बैठक को लेकर रूपरेखा तय की गई।

मंगलवार को हुई बैठक में बैंकों में व्यापारियों के उत्पीड़न, नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स, वॉटर टैक्स बकाया पर ब्याज को लेकर हो रही समस्याओं से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता को समस्याओं से अवगत कराते हुए व्यापारियों ने कहा बैंकों में अनावश्यक रूप से तरह-तरह के चार्ज के नाम पर पैसे काटे जा रहे हैं। संबंधित अधिकारी आरबीआई का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स, वॉटर टैक्स बकाया पर एक प्रतिशत ब्याज वसूली को लेकर भी चर्चा की गई है। जिलाध्यक्ष सुमित्रा गुप्ता ने कहा जल्दी इस संबंध में नगर आयुक्त से मिलकर समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा और हाउस टैक्स, वॉटर टैक्स बकायेदारों को इंस्टॉलमेंट में बकाया भुगतान जमा कराने के सुझाव के साथ वार्ता की जाएगी और बैंकों के संबंध में व्यापार मंडल का शिष्टमंडल उच्च अधिकारियों से मिल कर वार्ता करेगा।



बैठक में समस्याओं पर चर्चा करते व्यापारी। ● अमृत विचार

- बैंकों में व्यापारियों के उत्पीड़न समेत कई समस्याओं से अवगत कराया
- कहा, तरह-तरह के चार्ज के नाम पर काटे जा रहे हैं रुपये

महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन ने कहा कि वृंदावन मथुरा में अगले महीने होने वाली प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में शाहजहांपुर से ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को चलना है। उन्होंने कहा महानगर में संगठन का विस्तार तेजी से किया जा रहा है, जो भी इकाइयां रह गई है उनका विस्तार सितंबर माह के अंत तक कर दिया जाएगा। बैठक का संचालन महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम मोहन मिश्रा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, महानगर महामंत्री अनूप कुमार गुप्ता, महानगर कोषाध्यक्ष सुमित पुरी, युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, महानगर उपाध्यक्ष आबिद हसन खान, मोहम्मद रफी, चमन तिवारी, मोहनीस खान आदि व्यापारी शामिल रहे।

# कटरा में गुवाहाटी एक्सप्रेस से गिरकर यात्री की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बिहार से गाजियाबाद जा रहा था फरीद आलम

**अमृत विचार:** मंगलवार को तिलहर और कटरा रेलवे स्टेशन के बीच वीरमपुर गांव के सामने अप लाइन की गुवाहाटी एक्सप्रेस से गिरकर एक यात्री की मौत हो गई।



मृतक फरीद आलम

वह बिहार से गाजियाबाद काम करने जा रहा था। जीआरपी और कटरा पुलिस मौके पर पहुंची। घटना स्थल कटरा थाना क्षेत्र का था। शव डाउन व अप लाइन की पटरियों के बीच पड़ा था। मृतक की उम्र 25 साल है और उसके सिर में चोट के निशान थे। पुलिस ने मृतक के कपड़ों के तलाशी ली तो उसकी जेब से आधार कार्ड, कागज आदि मिला है। इधर उसके साथियों को जानकारी हुई तो ट्रेन से उतरकर पहुंच गए। साथियों ने पुलिस को बताया कि मृतक बिहार के किशन जिले का रहने वाला था और उसका नाम फरीद आलम है। साथियों ने बताया कि वह दरवाजा के गेट पर खड़ा था और झटका लगने से नीचे गिर गया होगा। गाजियाबाद में प्राइवेट फर्म में नौकरी करता था। पुलिस ने उसके परिवार वालों को भी सूचना कर दी है। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि उसकी ट्रेन से गिरकर मौत हो गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मेडिकल कॉलेज में वायरल बुखार, दस्त के मरीजों की भरमार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 300 बेड के अस्पताल में सभी बेड फुल, सौ बेड अलग से डलवाए गए, रोजाना बन रहे 1500 पर्चे

**अमृत विचार:** जिले में वायरल बुखार तेजी से पांव पसार रहा है। मेडिकल कॉलेज में वायरल बुखार के मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। मलेरिया की जांच के लिए मरीजों की सुबह से भीड़ जमा हो जाती है। यह बीमारी बरसात में मच्छर व जलजनित बीमारियों से फैल रही है।

मेडिकल कॉलेज में इस समय क्षमता से अधिक मरीज है। 330 बेड के अस्पताल में सभी बेड फुल हो चुके हैं। अधिक मरीज होने के कारण सौ बेड अलग से डलवाए गए है। वर्तमान समय 330 मरीज भर्ती है। ओपीडी में रोजाना 1500 पर्चे बनते है। रोजाना 500 मरीज पुराने पर्चे के आते है।

इमरजेंसी में मंगलवार की दोपहर तक 30 मरीज भर्ती हुए थे। ओपीडी और इमरजेंसी में अधिकांश मरीज वायरल बुखार और दस्त के आ रहे है। मलेरिया की जांच के लिए सुबह नौ बजे से मरीजों की लंबी लाइन लग जाती है। डाक्टरों के मुताबिक अधिकांश मरीज वायरल बुखार, साधारण बुखार और दस्त के है।

बुखार के मरीजों का ब्लड की जांच कराई जाती है कि कहीं मरीज को मलेरिया बुखार तो नहीं है। दवा काउंटर पर मरीजों के लिए मरीजों की भीड़ लग जाती है। साथ ही पर्चा काउंटर पर दोपहर 12 बजे तक मरीजों के पर्चे बनते है।

डॉक्टरों के कक्ष के बाहर दोपहर एक बजे तक मरीजों की कतार लगी रहती है। शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र के मरीज अधिक आ रहे है। डॉ. एमएल अग्रवाल ने बताया कि अधिकांश मरीज वायरल बुखार, साधारण बुखार और दस्त के मरीज अधिक आ रहे है। यह बीमारी बारिश के दौरान मच्छरों के काटने से फैल रही है। रोजाना तीन सौ अधिक मरीजों की मलेरिया की जांच हो रही है।



मेडिकल कॉलेज में अपनी बारी का इंतजार करते मरीज। ● अमृत विचार

### दस बेड डेंगू मरीजों के लिए आरक्षित

मेडिकल कॉलेज में प्रथम मंजिल पर दस बेड डेंगू के मरीजों के लिए आरक्षित कर दिए गए है। मलेरिया के साथ डेंगू फैलने का खतरा बना रहता है। डाक्टरों की टीम को लगाया गया है। मलेरिया की जांच हो रही है और मलेरिया के रोगी निकल रहे है। मरीजों की प्लेटलेट्स भी तेजी से गिर रही है। मरीजों को ब्लड चढ़ाया जा रहा है।

### मलेरिया के लक्षण

सर्दी व कंपन के साथ एक दो दिन छोड़कर बुखार आना, तेज बुखार, उल्टी, सिरदर्द, बुखार उतरते समय खूब पसीना आना, बुखार उतरने के बाद थकावट व कमजोरी।



औषधि वितरण केंद्र पर मौजूद बड़ी संख्या में मरीज और तीमारदार। ● अमृत विचार

जिले में जनवरी से अब तक जांच के दौरान मलेरिया के 250 मरीज है। जहां 60 मरीज है। जिस जगह मलेरिया के मरीज मिलते है, वहां टीम भेजकर छिड़काव कराया जाता है। ब्लड जांच के लिए मेडिकल शिविर भी लगाए जा रहे है। -**डॉ. राजीव मौर्या**, मलेरिया अधिकारी

मेडिकल कालेज में वायरल बुखार के अधिक मरीज आ रहे है। साथ ही मलेरिया बुखार के मरीज भी बढ़े है। बेड फुल होने पर सौ बेड बढ़ा दिए गए है। प्रत्येक मरीज का इलाज सही तरीके से हो रहा है और अस्पताल से दवाएं उपलब्ध करायी जा रही है। -**डॉ. नेपाल सिंह**, सीएमएस

**इन बातों का ध्यान रखें :** दरवाजों व खिड़कियों में जाली लगवाएं, मच्छरदानी का नियमित प्रयोग करें, अनुपयोगी वस्तुओं में पानी एकत्र न होने दे, पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रख दे, पूरी बांह वाली कमील व पैंट पहने, कूलर का पानी दो दिन बाद बदले, गड्ढों में जहां पानी एकत्र हो वहां पर जला हुआ डीजल डाल दे।

### रौसर कोठी में हादसे के बाद भी सबक नहीं ले रहे सड़क किनारे दुकान लगाए व्यापारी

# अतिक्रमण कर हाईटेंशन लाइन के नीचे डाल दिए टीनशेड

संवाददाता, रौसर कोठी

● हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर 16 अगस्त को एक होटल के मजदूर की हो चुकी है मौत

**अमृत विचार:** हरदोई बाईपास चौराहे पर हाईटेंशन लाइन के नीचे अस्थाई खोखेनुमा दुकानें संचालित की जा रही हैं। इससे हादसे की संभावना बनी रहती है। 16 अगस्त को हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद भी प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की।

हरदोई बाईपास चौराहे पर हरदोई की ओर जाने वाली साइड से हाइटेंशन लाइन निकली हुई है। कुछ लोगों ने यहां अस्थाई तौर पर दुकानें खोल ली हैं। इन दुकानों की ऊंचाई और तारों के बीच का अंतर भी बेहद कम है।

अतिक्रमणकारियों ने बिजली के खंभों को भी दुकान के भीतर लेकर कब्जा कर रखा है। इसके चलते हादसे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। 16 अगस्त को मोहल्ला सराय काइयां निवासी प्रियांशु जोशी (20) समोसे की दुकान पर टीन सही करने चढ़ा था। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने के बाद गंभीर रूप से झुलस गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले में पुलिस एवं बिजली विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि दुकानों में भीड़ भाड़ भी रहती है। यदि आंधी के चलते तार टूटकर गिरा तो जनहानि हो सकती है। लोगों ने तार के नीचे से दुकानें हटवाए जाने की मांग की है।


हरदोई चौराहे पर हाईटेंशन लाइन के नीचे संचालित दुकानें। ● अमृत विचार

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जलालाबाद, अमृत विचार :** बाइक पर सवार एक महिला की अचानक तबीयत खराब हो गई। परिवार वाले उसे सीएचसी ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला हद्दफ निवासी भगवंता देवी (35) रिश्तेदारी में जलालाबाद के गांव चंधुरा बहादुरपुर गई थी। मंगलवार की दोपहर बाद महिला अपने रिश्तेदार के साथ बाइक से जलालाबाद से शहर आ रही थी। बारह पत्थर चौराहे के निकट उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई। उसे बाइक से उतारकर पुलिस चौकी पर बैठा दिया। इस दौरान महिला बेहोश हो गई। उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## ज्ञान के मार्ग से ही मनुष्य का संपूर्ण विकास संभव



प्रबुद्ध चेतना समिति की गोष्ठी में मौजूद विशिष्टजन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● डॉ. आंबेडकर ज्ञान महोत्सव प्रबुद्ध चेतना समिति ने की गोष्ठी

**अमृत विचार:** प्रबुद्ध चेतना समिति के तत्वावधान में 20 अगस्त से 20 अक्टूबर तक मनाए जा रहे डॉ. आंबेडकर ज्ञान महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को गन्ना किसान संस्थान सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सामाजिक समरसता में डॉ. आंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर हुई गोष्ठी में मुख्य अतिथि उपायुक्त वाणिज्य कर प्रवेश तोमर ने कहा कि ज्ञान के मार्ग से ही मनुष्य का संपूर्ण विकास संभव है।

शहबाज़नगर के ग्राम प्रधान महेश चंद्र गौतम ने गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर ने उच्च शिक्षा के द्वारा समस्त भारतीय नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों की विवेचना की। कार्यक्रम के संयोजक जगदीश चंद्रा ने कहा कि डॉ. आंबेडकर को विश्व पटल पर पहचान उनकी उच्च शिक्षा से ही मिली, इसलिए मनुष्य मात्र को अपने उत्थान के लिए शिक्षित होना अति महत्वपूर्ण है।

गोष्ठी में डॉ. पी के कपिल, राजन सिंह, सियाराम दिनकर, भगवंत राम, जगदीश प्रसाद, जयेंद्र कुमार, वेदपाल सुमन आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर विनोद कुमार, त्रिभुवन नाथ, एस एल गौतम, राम रतन वर्मा, आशुतोष आनंद, अनूप कुमार एडवोकेट, मंगरे लाल, बाबूराम भारती, राजकुमार सिंह, मुन्ना लाल मौर्य, महबूब इदरीसी, असगर यासिर, डॉ. नवनीत यादव, जसविन्दर सिंह बजाज, परमजीत सिंह, बृजेश कुमार, ब्रजेश वर्मा, अजय वर्मा, सचिन आदि मौजूद रहे। संचालन सुरेश पाल सिंह ने और आभार वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने व्यक्त किया।

# जमौर में ट्रिपिंग का मुद्दा उठा लोडिंग चेक करने के निर्देश

### उद्योग बंधु समिति की बैठक में डीएम ने सुनीं शिकायतें


जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में मौजूद डीएम उमेश प्रताप सिंह। साथ में एसपी अशोक कुमार मीणा व उद्यमी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● बोले, शेष बची इकाइयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित किए जाने को कराएं सर्वे

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। डीएम ने उद्यमियों की शिकायतों को सुना और उनके निस्तारण को संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। अग्निशमन केंद्रो, अग्निशमन यंत्रों की आवश्यकता व समस्याओं के संदर्भ में प्रस्ताव पर जानकारी ली। बनतारा व अटसलिया के बीच विद्युत घर की स्वीकृत, भूगर्भ जल स्रोत संरक्षण एवं रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापना सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। औद्योगिक क्षेत्र जमौर में अग्निशमन केंद्र निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। कहा कि निर्धारित समय सीमा में अग्निशमन केंद्र का निर्माण सुनिश्चित हो। बनतारा, अटसलिया के बीच विद्युत घर की स्वीकृति के संबंध में टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए।

आईआईए के पूर्व अध्यक्ष अशोक अग्रवाल की ओर से औद्योगिक क्षेत्र जमौर में विद्युत ट्रिपिंग का मुद्दा उठाया गया, जिस पर डीएम ने लोडिंग चेक करने व इनफोर्समेंट बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारी का दिए। विद्युत समस्याओं के निस्तारण के लिए माह के द्वितीय शुक्रवार एवं शनिवार को औद्योगिक क्षेत्रों में कैंप लगाने को कहा। विद्युत चोरी करने वाले के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत संबंधित समस्याओं के लिए 1912 पर भी शिकायत कर सकते हैं। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि 40 प्रतिशत से अधिक इकाइयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित हो चुका है। शेष इकाइयों को नोटिस जारी किया गया है। डीएम ने शेष बची इकाइयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित किए जाने को सर्वे के निर्देश दिए। उद्यमियों की ओर से गांधीगंज में अतिक्रमण व सफाई न किए जाने की शिकायत पर नगर निगम के अधिकारियों को तत्काल अतिक्रमण हटवाए जाने और साफ-सफाई करने को निर्देशित किया। नगर क्षेत्र में नगर आयुक्त एवं ग्रामीण क्षेत्रो में सीडीओ को निराश्रित गोवंश को पकड़वाने को निर्देश दिए। कहा कि उद्यमियों की ओर से बताए गए बिंदुओं पर गंभीरता से कार्रवाई की जाए। इस दौरान एसपी अशोक मीणा, एडीएम न्यायिक राशिद अली, उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव आदि मौजूद रहे।

## बिना अनुमति के न हो अफीम की खेती

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में मंगलवार को नारकोटिक्स की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम उमेश प्रताप सिंह ने निर्देश दिए कि अफीम की खेती बिना अनुमति के न हो और लाइसेंस धारक ही अफीम की खेती करें। उन्होंने आबकारी अधिकारी से कहा कि गांवों में बनने वाली अवैध मदिरा व बिकने वाले मिलावटी मदिरा पर तत्काल रोक लगाकर कार्रवाई की जाए। नियमित छापेमारी कर कठोरतम कार्रवाई अमल में लाई जाए। अवैध शराब, गांजा, अफीम भांग आदि नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्णतया रोक लगाई जाए। मादक पदार्थों से संबंधित शिकायत को पूरी गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अफीम की अनाधिकृत खेती न हो पाए। जितने रकबे का लाइसेंस दिया जाए, उसके अनुसार अफीम की खेती होने दी जाए और रकबे के अनुसार अफीम उत्पादन पर भी नजर रखी जाए। जो किसान अफीम खेती करने का लाइसेंस लिए हैं और खेती नहीं कर रहे हैं ऐसे किसानों के लाइसेंस के निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। इस दौरान एसपी अशोक कुमार मीणा, एडीएम न्यायिक राशिद आदि मौजूद रहे।

## तीन वर्ष की कोटा मनी जमा करवा दें पदाधिकारी


बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष मगरे लाल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की कार्य समिति की बैठक

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की कार्य समिति की बैठक मंगलवार को लोधीपुर में हुई। जिलाध्यक्ष मगरे लाल ने कहा कि विकासखंड स्तर पर होने वाली प्रत्येक माह की बैठक की तिथि जिला इकाई द्वारा निर्धारित की जाएगी, जिसमें जनपदीय पदाधिकारी भी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर भी जोर दिया।

मंडल अध्यक्ष दिनेश गंगवार ने कहा की सत्र 2022-23, 2023 -24, 2024- 25 की कोटा मनी जिस विकास खंड की अवशेष है, वह तत्काल जमा कर दी जाए, जिससे मंडल और प्रदेश स्तर पर कोटा मनी जमा की जा सके। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र मिश्र ने कहा कि ब्लॉक और जनपद स्तरीय पर निष्क्रिय पदाधिकारियों को नोटिस देकर स्पष्टीकरण लिया जाए एवं संतोषजनक स्पष्टीकरण न होने पर उन्हें संगठन से निष्कासित किया जाए। मंत्री चित्रेश यादव के सुझाव पर सर्वसम्मति से रमेश चंद्र को जिला मीडिया प्रभारी एवं त्रिभुवन नाथ को जिला सहायक मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। इस अवसर पर ददरौल ब्लॉक मंत्री महेंद्र पाल कठेरिया ने लेखा पर्ची वितरण के बारे में बात रखी, जिस पर महामंत्री विश्राम सिंह ने बताया कि लेखा पर्ची तैयार हैं, जिनका वितरण सितंबर में करा दिया जाएगा।

बैठक में मंडल उपाध्यक्ष चंद्रकांत भारती, मंडल संयुक्त मंत्री विमलेश चंद्र मिश्रा, उपाध्यक्ष राजेश बाबू सक्सेना, कोषाध्यक्ष गौरव पांडेय, विजय पाल, बबलू पाल, कमलेश कुमार गंगवार, इंद्रपाल सिंह, अनुपम सिंह, महेंद्र पाल कठेरिया, प्रदीप कुमार, बृजमोहन यादव, सुरेंद्र कुमार सिंह, बृजेश यादव, अनिल कुमार, त्रिभुवन नाथ, पृथ्वीराज, राजेंद्र आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## तार में छोड़े करंट से पड्डा मरा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कांट थाना क्षेत्र के गांव डिंगरपुर निवासी दिलीप कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गांव के हरिश्चंद्र ने अपने खेत में आरी वाली ब्लेड के तार में करंट छोड़ रखा है। सोमवार की शाम छह बजे उसका पड्डा खेत में चला गया। जहां करंट से उसके पड्डे की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी हरिश्चंद्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## सार-संक्षेप

### डबल इंजन सरकार ने गांवों तक पहुंचाई सड़क



**कांट, अमृत विचार :** गांव जमौर में राजीव सक्सेना के आवास पर मंगलवार को भाजपा सदस्यता अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दिवाकर सिंह ने मौजूद ग्रामवासियों व कार्यकर्ताओं को बीजेपी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया। मंडल अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह भदौरिया ने कहा कि देश का विकास भाजपा के सरकार में ही संभव है। भाजपा सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिन लोगों के रहने के लिए आवास नहीं थे उन्हें रहने के लिए आवास मिले। प्रदेश में गुंडाराज से मुक्ति मिली व महिलाओं को सुरक्षा प्रदान की। अंत में क्षेत्र के लोगों से भाजपा के सदस्यता अभियान में जुड़कर भाजपा को मजबूत बनाने की अपील की। इस मौके पर हरिशंकर शुक्ला, सत्यपाल सिंह, देवेंद्र मिश्रा, उमाशंकर अवस्थी, भूपेंद्र सिंह, संतोष दीक्षित, अखिलेश पाठक, रामसिंह राठौड़ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पीडीए जागरुकता: चौपाल लगाकर ग्रहण कराई सदस्यता



**जैतीपुर, अमृत विचार :** सपा के छात्र नौजवान पीडीए जागरुकता के तहत मंगलवार को जैतीपुर में चौपाल लगाकर लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई गई। जिला अध्यक्ष तनवीर खां, छात्रसभा जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार, पूर्व विधायक राजेश यादव ने आयोजित कार्यक्रम में लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को रोकने में विफल रहने पर भाजपा पर निशाना साधा। इस दौरान ओमकार यादव, महावीर सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, शरद पांडेय आदि उपस्थित रहे।

### जबरन काम करने का विरोध करने पर पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बंडा थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर निवासी गुड्डी देवी ने बताया कि उसके 15 वर्षीय पुत्र मोनू को मोहिब निवासी मुरादपुर थाना बंडा रुपये का लालच देकर धर्मकांटा पर काम कराते है। जिससे उसकी पढ़ाई बाधित होने लगी है। उसने काम कराने को मना किया। इस पर दोनों में कहासुनी हो गई। शनिवार को शाम आरोपी मोहिब, रईस व जैनब उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### मां-बेटे को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव तिकोला निवासी किरन ने बताया कि वह अनुसूचित जाति की है। 14 अगस्त को दिन में साढ़े तीन बजे वह अपने बेटे आशीष के साथ खेत पर फसल की रखवाली कर रही थी। गांव के संतराम, राम खिलावन, नितिन बकरियां लेकर आए और उसके धान के खेत में कर दिया। विरोध करने आरोपियों ने गालियां देते हुए मां-बेटे को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मुफ्त मुफ्त मुफ्त
मोतियाबिन्द ऑपरेशन
Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003
0581-2530800/700
HELPLINE 9720200777
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की निःशुल्क सुविधा
जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है उनका मोतियाबिन्द का ऑपरेशन राशन कार्ड व आधार कार्ड साथ लाने पर निःशुल्क किया जायेगा
नेत्र रोग विभाग
डॉ. विशी श्रीवास्तव
M.B.B.S., DNB (New Delhi), MNAMS, FLVPEI (Hyderabad)
कॉर्निया, कैटरेक्ट एवं लेसिक सर्जन
सम्पूर्ण नेत्र रोग से सम्बन्धित परामर्श व इलाज
बिना टांका, बिना चीरे के मशीन द्वारा मोतियाबिन्द का ऑपरेशन
कम शुल्क में लेंस अपग्रेड की सुविधा
पुतली का समस्त उपचार
24×7 आँखों की इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयां द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव
प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# वरुण कॉलेज ऑफ फार्मेसी में डी फार्मा के नए सत्र की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कुलपति और रजिस्ट्रार ने किया बच्चों का उत्साहवर्द्धन

**अमृत विचारः** वरुण कॉलेज ऑफ फार्मेसी में डी फार्मा के नये सत्र की शुरुआत करते हुए फाउंडेशन कोर्स का प्रारंभ किया गया। इस दौरान प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को कोर्स और संस्था की विशेषताओं के बारे में बता कॉलेज परिसर का भ्रमण कराया गया।


संबोधित करतीं कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित कर कॉलेज के नियमों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधानाचार्य डॉ. प्रदीप सिंह ने सभी लोगों का स्वागत करके किया। कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल एवं विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. अनिल पाल ने आगे बढ़ाते हुए बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम में वरुण कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ. प्रदीप सिंह, कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल, रजिस्ट्रार डॉ. अनिल पाल के अलावा परीक्षा नियंत्रक डॉ. अभिषेक पाल, नसिंग कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल दीपक पचौरी, शिक्षक मोहम्मद जुनेद, राजेंद्र गुप्ता, निशा राजपूत, प्रिया उपाध्याय, सुष्मिता सिंह, आयुषी सक्सेना, आकांक्षा राठौर व प्रयोगशाला अध्यापक अभिषेक सिंह, सुधाकर चौहान, गौरव सिंह आदि रहे।

## बचत खाता खुलवाने को 29 से चलेगा अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** डाक निदेशालय की ओर से बचत के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मंडल के शाखा डाकघरों में बचत खाता खुलवाने के लिए 29 से 31 अगस्त तक अभियान चलेगा। प्रवर डाक अधीक्षक सचिन चौबे के अनुसार प्रत्येक शाखा में कम से कम 100 नए बचत खाते खोले जाएंगे। इस संबंध में सभी डाकघरों को निर्देशित किया गया है। अभियान में आरडी, एफडी, केवीपी, सुकन्या समेत अन्य बचत खाते शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बरेली मंडल में 381 शाखा डाकघर हैं। तीन दिन करीब 38,100 खाते खोले जाएंगे।

### गांधी भवन में भारतेंदु नाट्य अकादमी और मंथन आर्ट्स की संयुक्त प्रस्तुति

# अपने ही बुने जाल में फंसकर गंवा दी चमकू ने जान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- चमकू नाटक के मंचन से कलाकारों ने किया प्रभावित

**अमृत विचारः** मंगलवार देर शाम गांधी भवन में लू शुन की मूल कहानी पर आधारित और भानु भारती द्वारा नाट्य रूपांतरित नाटक चंद्रमा सिंह उर्फ चमकू का मंचन किया गया। नाटक में कलाकारों ने अपने हावभाव और अभिनय से दर्शकों को प्रभावित करते हुए तालियां बटोरीं।

भारतेंदु नाट्य अकादमी लखनऊ और मंथन आर्ट्स के संयुक्त तत्वावधान में मंचित नाटक का निर्देशन युवा रंगकर्मी बीएनए पासआउट शिवा सक्सेना ने किया। नाटक चमकू नामक किरदार के इर्द-गिर्द घूमता है। चमकू इकबारी नामक गांव में रहता है। वह शेखी बघारने और तरह-तरह की ऊंट-पटांग बातें करता रहता है, जिसके कारण गांव के लोग उसे नजरअंदाज करते रहते हैं और उसकी ओर ध्यान नहीं देते। अपनी आदतों के चलते वह परेशानियों में घिरने लगता है और एक दिन वह अपने ही बुने जाल में फंसने के कारण उसे जान गंवानी पड़ जाती है। नाटक के विभिन्न किरदारों में नवनीत राजपूत, अरशद आजाद, प्रियंका रंजन, यश देव शर्मा, कोमल सक्सेना, रोहित वर्मा, ऐश्वर्य कृष्ण मिश्र, देवेंद्र पाल, कपिल देव, हर्षित सैनी, निर्देश भटनागर, अजय मिश्रा, कार्तिकेय, सूरज, उत्कर्ष सक्सेना, विशाल कुमार, अभिषेक खंडेलवाल, अनमोल आदि शामिल रहे।


गांधी भवन में नाटक चंद्रमा सिंह उर्फ चमकू का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

इससे पहले कवि डॉ. इंदु अजनबी के संचालन में नाटक का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर अर्चना वर्मा और नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा ने नारियल फोड़कर और दीप प्रज्वलित कर किया। नाटक की व्यवस्थाओं में सोनू सक्सेना, अरुण कुमार, मोहित कनौजिया, मोहित वाजपेयी, अंकित अवस्थी, अंशू साहू, सृष्टि आदि का सहयोग रहा।

# बाजत बधाई, मथुरा में जन्मे हैं कन्हाई

## मंदिरों में राधा-कृष्ण की झांकियां देख मंत्रमुग्ध हो गए श्रद्धालु

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचारः** खुटार नगर व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें अलग-अलग मंदिरों में श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर्व पर भजन कीर्तन व कथाएं भी संपन्न हुई। उसके साथ-साथ मंदिरों पर भंडारे आदि का भी आयोजन किया गया।

नगर के सुप्रसिद्ध बगिया नाथ मंदिर में भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर मंदिर को भव्यता पूर्वक सजाया गया। जहां भक्तों ने प्रसाद आदि चढ़ाया और पूजा अर्चना की।

बगिया नाथ मंदिर में राधा-कृष्ण व अन्य देवी देवताओं की भी झांकियां सजाई गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भी मंत्रमुग्ध हो गए। उधर, गुलरहानाथ मंदिर में भी भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।मां पंथवारी मंदिर व श्री रामजानकी बालाजी धाम पर भी भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

थाना प्रांगण में बने शिव मंदिर पर भी जन्माष्टमी का पर्व थानाध्यक्ष संजय कुमार ने पूजा अर्चना कर मनाया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अलग-अलग गांव में बने मंदिरों में श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन के साथ-साथ भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा श्रोताओं को श्रवण कराई गई।

**जमुका।** ब्लॉक भावलखेड़ा के गांवों में जन्माष्टमी पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों को सजाया गया और उनमें झांकियां भी सजाई गईं। घरों में लोगों ने झांकियां सजाई। बच्चों को श्री कृष्ण और राधा की वेशभूषा में तैयार किया गया था। रात 12 बजे कृष्ण जन्म लेते ही घंटा और शंख बजने लगे। बाद में लोगों ने आरती उतार कर लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया।

**पुवायां।** नगर के कबीरदान बाबा, ठाकुर द्वारा, राजा मार्केट, निगोही रोड, क्रय विक्रय शिव मंदिर, सूखे बाबा की मठिया तथा कोतवाली में पुलिस ने कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई। कोतवाली में मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम के बाद कोतवाल हरपाल सिंह बालियान ने भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

**जगमोहन लाल मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूमः** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूमधाम से मनाया गया। पुवायां के मोहल्ला तिराहा बाजार स्थित श्री ठाकुर जगमोहन लाल जी महाराज मंदिर में जन्माष्टमी के महोत्सव पर भगवान श्री राधा कृष्ण जी की मनमोहक झांकियां सजाई गई। पुजारी सुरेश कुमार मिश्रा, बृजेश व राजेश ने पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया।

देर रात तक मंदिर में दर्शन को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर कमेटी का भी सहयोग रहा। देवस्थान मंदिर में भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बडे धूमधाम से मनाया गया। सांसद मिथिलेश कुमार, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता आदि जनप्रतिनिधियों ने जाकर मंदिर में पूजा अर्चना की।


इस दौरान समिति सदस्य में सत्यप्रकाश पांडेय, ब्रजेश गुप्ता, कुलदीप, अतुल पांडेय, मनीष, संजय, धर्मेंद्र, कुलदीप मिश्रा पुजारी आदि मौजूद रहे।


खुटार में जन्माष्टमी के पर्व पर बगियानाथ मंदिर की अलौकिक छटा। ● अमृत विचार


ठाकुरजी महाराज का श्रृंगार करते मंदिर के पुजारी ● अमृत विचार


प्रस्तुति देतीं राधा का रूप धरीं बच्चियां। ● अमृत विचार


ठाकुर जी का पूजन करते पुजारी।


जन्माष्टमी पर एक घर में सजाई गई झांकी। ● अमृत विचार


राधा-कृष्ण वेश में सजे बच्चे।


राधा के रूप में सजी बच्ची। ● अमृत विचार


राधा-कृष्ण की झांकी।


श्रीकृष्ण के रूप में सजा बच्चा।


बाल रूप में सजा बालक।


भगवान श्रीकृष्ण के रूप में सजा बच्चा। ● अमृत विचार

# हनुमत धाम पर मनाया गया श्री कृष्ण प्रकट्योत्सव

**पुवायां, अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में गांव धारा स्थित हनुमत धाम पर भगवान कृष्ण की आकर्षक झांकियां सजा धूम धाम से पर्व को मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की। मथुरा नगरिया में जन्में हैं कृष्णा आदि गीतों पर झूमे। राकेश चंद्र पुजारी, सपना श्रीवास्तव, कृपाशंकर, तनु, अभिनव, रूबी, श्रष्टि, श्रद्धा दीक्षित, कपिल, वैभव दीक्षित, मीनू कटियार, मोनू विश्वकर्मा, रामा श्रीवास्तव, अमिय कृष्ण, पुनीत कटियार सहित आदि तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**अल्हागंज।** ग्रामीण क्षेत्र और कस्बे में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। मंदिरों को मनमोहक ढंग से सजाया गया। छोटे-छोटे बच्चों को भगवान श्री कृष्ण की वेशभूषा में सजाया गया और प्रसाद वितरण किया गया। साहूकारा में राम दरबार मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति को पालने पर रखकर सजाया गया। मंदिर की विद्युत प्रकाश व्यवस्था अच्छी रही। नगर पंचायत अध्यक्ष शिवानी वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री अनिल गुप्ता बृज की महिला महामंत्री चंद्रेश गुप्ता, उदित गुप्ता सहित तमाम गणमान्य लोगों ने पूजा अर्चना की और आगंतुकों का स्वागत किया।नर्मदेश्वर मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति को भव्यता के साथ सजाकर झूले में विराजमान कराया गया। फूल मालाओं से उनका श्रृंगार किया गया था। मुन्ना लाल गुप्ता, श्रवण कुमार गुप्ता, हल्लू गुप्ता और रामचंद्र गुप्ता सर्राफ आदि ने श्री कृष्ण की पूजा अर्चना करते हुए प्रसाद वितरण किया। थाने में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। अध्यक्ष ओमप्रकाश के साथ सभी पुलिसकर्मियों ने भगवान श्री कृष्णा के बाल्यावस्था का श्रृंगार किया। प्रसाद वितरण कर खुशियां मनाई। ग्रामीण तथा नगर में सनातन धर्म में विश्वास रखने वाले तमाम महिला और पुरुषों ने भी अपने-अपने घरों में भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया।


बच्चों को पुरस्कृत करते अशोक कुमार मीणा और नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा।

## जन्माष्टमी पर पुलिस लाइन में बिखरी सतरंगी छटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** योगीराज भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव पुलिस लाइन में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची रही। देर रात्रि तक श्रद्धालु कान्हा के भजनों पर झूमते रहे और बच्चों के मनमोहक रंगारंग कार्यक्रमों का आनंद लेते रहे। रात 12 बजे पूजन और आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मी और अधिकारी परिवार के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आनंद लेते रहे। एसपी अशोक कुमार मीणा और नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में एसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी, एसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सिटी सौम्या पांडेय, सीओ सदर बीएस वीर कुमार, सीओ लाइन अमित चौरसिया समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकली शोभायात्रा

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** महानगर में मंगलवार देर शाम श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां शामिल की गईं। मोहल्ला हाथीथान जलालनगर बजरिया से शुरू हुई शोभायात्रा निगोही मार्ग, दिलाजाक, रामनगर, स्टेशन रोड होते ही वापस शुभारंभ स्थल पर ही विसर्जित हुई। राधेश्याम राठौर के संयोजन में निकाली गई शोभायात्रा में धर्मवीर राठौर, रामवीर, अनमोल, अनुराग, कुलदीप, वंश, लालू, टिंकू, नेहाल, विपिन, सुरेश आदि का सहयोग रहा।

# खाटू श्याम के भजनों पर झूमे भक्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


**अमृत विचारः** श्रद्धाभक्ति श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री खाटू श्याम मंदिर बरेली मोड़ पर श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कृष्ण रूप सज्जा, नृत्य प्रतियोगिता के साथ भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।

समारोह का प्रारंभ गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद मैनपुरी यश और समीर ने भजनों से ऐसी छटा बिखेरी कि मौजूद भक्त तालियां बजाकर मस्ती से झूमने लगे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में खाटू श्याम का दरबार और मंदिर परिसर फूलों और रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। मुख्य ट्रस्टी अशोक अग्रवाल ने बताया कि सजावट के लिए दिल्ली और कोलकाता से फूल मंगवाए गए थे, जिनसे श्याम बाबा का श्रृंगार किया गया। इसी कड़ी में श्रीकृष्ण रूप सज्जा और राधा-कृष्ण नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को तीन चरणों में बांटा गया। प्रतियोगिता के विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। समापन पर छप्पन भोग का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कन्हैया जी का हिंडोला भी आकर्षक ढंग से सजाया गया। रात 12 बजे केक काटकर कान्हा का जन्मदिन मनाकर प्रसाद वितरित किया गया।

आयोजन में अतुल सक्सेना, प्रमोद गुप्ता, मनोज अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, प्रगति, अंकित गुप्ता, महावीर अग्रवाल, मीना अग्रवाल, अनिल मिश्रा, पप्पू चौधरी, समीर वर्मा, साधना अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, राम मोहन अग्रवाल, आरके अग्निहोत्री, तुषार सहगल, हर्षिता अरोरा, मनोज उपाध्याय, अनिल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

## सार-संक्षेप

### 10 लोगों का मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयन



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली में नि:शुल्क नेत्र रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमे से 10 को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनका ऑपरेशन रोहिलखंड अस्पताल में नि:शुल्क किया जाएगा। शिविर में सभी मरीजों को नि:शुल्क आई ड्रॉप एवं दवाइयां वितरित की गई। इस मौके पर चिकित्सकों की ओर से लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण कराने के लिए जागरूक किया गया व अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं जैसे कि काला मोतियाबिंद की जांच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आंख के पर्दे की जांच व इलाज, मोतियाबिंद का ऑपरेशन चीरे विधि व फेको विधि द्वारा, भेंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा, कंप्यूटर द्वारा चश्मा के नंबर व प्रमाणीकरण व जांच की सुविधाओं के विषय में बताया गया। सभी सुविधाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध हैं। कॉलेज के नेत्र रोग विभाग की चिकित्सक अक्षय अग्रवाल, नेत्र टेक्नीशियन शिवम शर्मा, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मेडिकल कॉलेज के पीआरओ मोहित थापा मौजूद रहे।

### तमंचे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**पुवायां, अमृत विचार :** कोतवाल हरपाल बलियान टीम के साथ मंगलवार को गश्त करते हुए कलंदरगंज गांव से पहले कुइया किरतपुर जाने वाले खड़ंजे पर पहुंचे तो एक व्यक्ति कुइया किरतपुर की ओर आता दिखा जिसे संदिग्ध लगने पर पकड़ लिया। पकड़े हुए व्यक्ति से नाम पता पूछा और जामा तलाशी ली पकडे गए व्यक्ति ने अपना नाम रिफाकत पुत्र शराफत निवासी गांव खिरिया पाठक थाना पुवायां बताया। पुलिस ने तलाशी ली तो उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ।

### विश्व हिंदू परिषद ने दी 31 को धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**तिलहर अमृत विचार :** सार्वजनिक रास्तों और स्कूलों के पास अवैध रूप से चल रही मीट की दुकानें नहीं हटने से नाराज विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने 31 अगस्त से धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। उन्होंने एसडीएम जीत सिंह को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को परिषद के जिला सह मंत्री सुरेश शर्मा पप्पू के नेतृत्व में पदाधिकारी तहसील में एकत्र हुए। जिला कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा कि टाउन हॉल रोड पर मनकामेश्वर नाथ मंदिर तथा कई सरकारी स्कूल है, जहां पर अवैध रूप से मीट की दुकानें संचालित हो रही है। इन दुकानों को कई बार हटाने के लिए ज्ञापन भी दिया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिला सह मंत्री सुरेश शर्मा पप्पू ने कहा कि 30 अगस्त तक दुकानों को नहीं हटाया गया तो 31 अगस्त से नगर पालिका परिषद में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान रिशु गुप्ता, अरविंद गुप्ता, अखिल मौर्य, रविंद्र पाल सिंह, मानसिंह, शिव कुमार, नन्हे सिंह, सर्वेश गंगवार, भोला सिंह, दिलीप कुशवाहा, नरेश पाल आदि मौजूद रहे।


### लूट का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि 18 अगस्त को एक महिला के साथ जमुही रोड छेड़छाड़ व लूट की वारदात हुई थी। पुलिस ने फरार चल रहे दूसरे आरोपी निहाल निवासी वाजीदखेल चौक कोतवाली को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि आटो में महिला के साथ लूट और छेड़छाड़ की घटना हुई थी, वह शामिल था। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

### सड़क हादसे में दंपती घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव हरेवा निवासी विजलेश ने बताया कि सोमवार को उसके पिता महेश व माता वेदवती दोनों लोग घर से बाइक से अल्हागंज जा रहे थे। फर्रुखाबाद रोड स्टेट हाइवे ढिगरी गांव के सामने बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे माता-पिता घायल हो गए। दोनों का बरेली में एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### केक काट व झांकियां सजा मनाया कृष्ण का जन्मोत्सव



**तिलहर, अमृत विचार :** जन्माष्टमी पर्व धूमधाम के साथ मंदिरों और घरों में मनाया गया। मंदिरों में कई जगह श्री कृष्ण के जन्मदिन पर केक काटी गई तो कई जगह मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गए। जन्माष्टमी पर्व पर मंदिरों को भगवान श्री कृष्ण के जन्म दिवस को लेकर फूल मालाओं एवं रंगीन झालरों से सजाए गए। मंदिरों पर भगवान स्वरूप झांकियां मौजूद रहीं, जिनका लोगों ने पूजन किया। कोतवाली स्थित शिव मंदिर में कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर भगवान श्री कृष्ण का पूजन किया। इसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। घरों व मंदिरों में रात 12 बजे शंखनाद के साथ भगवान श्री कृष्ण के जन्म पर पूजन हुआ। मोहल्ला दातागंज में लाला राम सहाय हाथी वालों के मंदिर में आयोजन विजय कुमार गुप्ता के साथ एसडीएम जीत सिंह व सीओ प्रयांक जैन ने हवन पूजन किया। बंसी वाले मंदिर में श्री कृष्ण भगवान का जन्मोत्सव केक काटकर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मनकामेश्वर नाथ मंदिर पर ठेकेदार संजीव कुमार गुप्ता, शिवम गुप्ता व सत्यम गुप्ता के द्वारा भगवान श्री कृष्ण का पूजन कर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रस्तोगी धर्मशाला दुर्गा मंदिर में पंडित राम जी शास्त्री, अशोक रस्तोगी ने लोगों के साथ मिलकर केक काटा।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरुष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन

का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा.आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक



अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः- 18 अगस्त 2024, रविवार
01 सितंबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076



भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


# कुछ भी कर लो... हम नहीं सुधरेंगे

## सिटी मजिस्ट्रेट को छापेमारी में एक्सईएन विद्युत समेत पांच कर्मी मिले नदारद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जनपद के सरकारी कार्यालयों में पिछले दिनों हुई ताबड़तोड़ छापेमारी और कार्रवाई के बाद भी अफसर, कर्मचारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे। मंगलवार सुबह डीएम के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट ने अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) कार्यालय विद्युत में छापेमारी की। इस दौरान पांच कर्मी नदारद मिले। जबकि एक्सईएन के अस्वस्थता के चलते अवकाश पर होने की बात कहीं गई।

शासन ने सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों के पहुंचने के लिए सुबह नौ बजे का समय निर्धारित किया है। तमाम सख्ती के बाद भी जिले के सरकारी कार्यालयों में इसका पालन नहीं रहा हैं। डीएम संजय सिंह ने मामला संज्ञान में आने पर सरकारी कार्यालयों की हकीकत जानने के लिए अधिकारियों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। 30 जुलाई से सात अगस्त तक सरकारी कार्यालयों में ताबड़तोड़ छापेमारी के दौरान 174 अधिकारी और कर्मचारी गैरहाजिर मिले थे। सभी का स्पष्टीकरण और वेतन रोकने की कार्रवाई की गई थी।



अधिशासी अभियंता कार्यालय में उपस्थिति रजिस्टर की जांच करते सिटी मजिस्ट्रेट।

- **कार्यालय में एक्सईएन की कुर्सी भी मिली खाली, कर्मचारी बोले- बीमार चल रहे हैं साहब**

> जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिशासी अभियंता कार्यालय विद्युत वितरण खंड का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पांच कर्मचारी गैरहाजिर मिले हैं। रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी गई है।
> – **विजय वर्धन तोमर**, सिटी मजिस्ट्रेट

इधर, डीएम के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने मंगलवार सुबह 10.20 बजे एक्सईएन कार्यालय विद्युत वितरण खंड का औचक निरीक्षण किया गया तो एक्सईएन पंकज भारती अनुपस्थित मिले। कर्मचारियों ने बताया स्वास्थ्य ठीक न होने के चलते वह अवकाश पर है। इसके अलावा निरीक्षण में कार्यकारी सहायक राहुल कुमार, मो. शकील अहमद, नितिन कुमार, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुशीला देवी, पेट्रोल मैन अनीता एवं स्वच्छकार इंदल गैरहाजिर मिले। औचक निरीक्षण के चलते कर्मचारियों में खासा हड़कंप देखा गया। निरीक्षण के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई है।

# दवा लेकर लौट रही महिला की हादसे में मौत

**बिलसंडा, अमृत विचारः** एक निजी अस्पताल से दवा लेकर पति के साथ लौट रही महिला को मैजिक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव सिसैया साहिब के शंकर लाल बीमार पत्नी कटोरी देवी ( 50) को मंगलवार को दवा दिलाने नगर के एक निजी अस्पताल आए थे।

वह पत्नी को साइकिल से दवा दिलाकर नगर की सीमा में भीड़ होने पर पैदल ही चल रहे थे। दोनों ब्लॉक कार्यालय के पास पहुंचे थे कि अनियंत्रित मैजिक ने महिला को टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर गई। जिसके बाद मैजिक ने उसे कुचल दिया। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजदिया। उधर हादसे के बाद चालक मैजिक लेकर भाग गया। पुलिस मामले में कार्रवाई में जुट गई है।

# जर्जर रोड से राहगीर परेशान आए दिन होती है दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** नौगवां ओवरब्रिज के नीचे दोनों तरफ की एप्रोच रोड क्षतिग्रस्त हो चुकी है। बारिश में जलभराव के साथ मार्ग से गुजरते वक्त हादसे का डर बना रहता है। राहगीरों की इस समस्या का संज्ञान लेते हुए पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र लिख निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने को कहा है ताकि राहगीरों को राहत मिल सके।

अधिशासी अभियंता को भेजे पत्र में बताया है कि नौगवां चौराहा से ओवरब्रिज के नीचे दोनों साइड की सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रसत है। जिसके चलते आए दिन राहगीर हादसे का शिकार होते हैं। दुपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो चुके हैं। ई-रिक्शा भी पलट चुके हैं। बारिश के बाद जलभराव होने पर दिक्कत और बढ़ जाती है। सड़क के दोनों ओर तालाब है। ऐसे में तालाब का पानी भी सड़क पर आ जाता है। इस वजह से भी सड़क खराब हो गई है। एक तरह से सड़क पूर्ण रूप से खत्म हो चुकी है। ये सड़क लोक निर्माण विभाग से स्वीकृत है। जिसको तय समय में जल्द से जल्द संबंधित निर्माण एजेंसी से कार्य पूरा कराने का आग्रह किया गया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव से पूर्व एप्रोच रोड निर्माण के नाम पर उखाड़ दी गई थी।इसके बाद से काम कछुआ चाल से ही हो रहा है। सड़क उखाड़े जाने के बाद तो सफर में राहगीरों को और दिक्कत आ रही है। फिलहाल अब चेयरमैन के पत्राचार करने के बाद जल्द सड़क की सूरत बदलने की उम्मीद जागी है।

- **ओवरब्रिज के दोनों साइड प्रस्तावित एप्रोच रोड के निर्माण को चेयरमैन ने एक्सईएन को लिखा पत्र**

> नौगवां चौराहे से ओवरब्रिज की के नीचे दोनों तरफ की सड़क जर्जर हो चुकी है। इससे हादसे का भी डर बना हुआ है। राहगीरों की दिक्कत को देखते हुए पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन को पत्र लिखा गया है। ताकि जल्द सड़क का कार्य पूरा कराया जा सके। – **डॉ.आस्था अग्रवाल**, चेयरमैन नगर पालिका पीलीभीत

# बंदरों के झुंड से बचने में छत से गिरकर बुजुर्ग की मौत

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** ग्राम ज्योराह कल्याणपुर राजेश ने बताया उनका परिवार मिट्टी के बर्तन बिक्री कर परिवार का भरण पोषण करता है। 52 वर्षीय पिता अयोध्या प्रसाद रविवार रात खाना खाने के बाद छत पर सोने चले गए ।

देर रात करीब 12 बजे के बाद वह लघुशंका करने उठे। छत पर बंदरों का झुंड आ गया और अचानक पिता पर हमला कर दिया। बंदरों से खुद को बचाने के प्रयास में पिता जीने से लुढ़कते हुए बरामदे में गिरकर घायल हो गए। रात को ही परिवार वाले उन्हे इलाज के लिए पीलीभीत ले गए। आरोप है कि कई निजी अस्पतालों में गए लेकिन हालत गंभीर बताते हुए सभी ने भर्ती करने से इन्कार कर दिया। जिस कारण पिता को परिवार वाले वापस घर ले आए। सोमवार सुबह 108 एंबुलेंस से पिता को सीएचसी बरखेड़ा ले गए। वहां प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज पीलीभीत रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज ले जाते वक्त पिता की रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

# मांगों को लेकर भाकपा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पूरनपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि आधार कार्ड संसोधन को लेकर मनमानी की जा रही है। गांवों में नालियों की सफाई, लोधी पुर मार्ग सही कराने और सरजू भवन के पास नाले की सफाई कराने सहित दस सूत्रीय मांगें रखी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जनहित में समस्याओं के निस्तारण करने की मांग उठाई। इस दौरान हरिप्रसाद दिवाकर, मोईन खान, पीतांबर दास, लालबहादुर, मंगली प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने मांगी जमीन के बदले जमीन

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** चेतावनी के बाद खिरकिया बरगदिया के ग्रामीणों ने मंगलवार को धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। ग्रामीण जमीन के बदले जमीन, दूसरे गांव में बसाए जाने और तटबंध बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। यह धरना प्रदर्शन पांच दिनों तक चलेगा।

तहसील क्षेत्र के गांव खिरकिया बरगदिया के ग्रामीण काफी समय से शारदा नदी में कटी जमीन का सर्वे कराकर मुअवाजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर कई बार अधिकारियों को मांग पत्र सौंपे गए। इनमें ग्रामीणों ने बाढ़ के खतरे को देखते हुए पड़ोस के गांव ढक्का चांट में बसाने और नदी किनारे तटबंध बनाने की मांग की थी। इसके बावजूद मांगे पूरी नहीं की गई। बीते रविवार को ग्रामीणों ने बैठककर धरने की रणनीति बनाई थी। इस दौरान ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन भी किया गया था।



विरोध प्रदर्शन करते गांव खिरकिया बरगदिया के ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **गांव खिरकिया बरगदिया के ग्रामीणों ने शुरु किया धरना**
- **मांगे पूरी न होने पर पांच दिनों तक चलेगा धरना प्रदर्शन**

मांगे पूरी होना तो दूर कोई भी अधिकारी उनकी समस्या सुनने के लिए भी गांव नहीं पहुंचा।

तय कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में खिरकिया बरगदिया के 200 से अधिक ग्रामीण एकत्र हुए और मांगे पूरी न होने पर धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने कहा कि यह धरना प्रदर्शन पांच दिनों तक चलेगा। बुधवार को पुरबिया कालोनी के लोग धरने पर बैठेंगे। इस मौके पर विवेक सिंह चौहान, लल्लन प्रसाद, हरिशंकर, अलाउद्धीन, हरदीप सिंह, जितेंद्र सिंह, राम बहादुर, ख्यालीराम, भूपराम, माखनलाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवती रहस्यमय ढंग से लापता, रिपोर्ट

**बरखेड़ा :** क्षेत्र के ग्राम खगाई के रहने वाले हरप्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री सुमन 14 अगस्त को अचानक रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। उसकी काफी देर तक तलाश की गई लेकिन अभी तक वह नहीं मिल सकी है। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बता दें कि इस मामले में पहले गुमशुदगी दर्ज की गई है।

### रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बीसलपुर :** ग्राम भरकनिया का रहने वाला कपिल कुमार अपने साथी मोहल्ला दुबे निवासी चीकू के साथ शटरिंग का काम करने ग्राम नीवाडाडी बाइक से जा रहा था। उसके मुताबिक इस बीच चीनी मिल के पास पहुंचते ही बाइक को अनियंत्रित रोडवेज की बस ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार घायल गए। सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बस पुलिस ने कब्जे में ली है।

### ट्रैफिक पुलिस को नहीं पता, कौन लगवा रहा बाजार

शहर के बीचों बीच पाबंदी के बाद भी जामा मस्जिद के पास सड़क पर लगने वाला साप्ताहिक मंगल बाजार कौन लगवा रहा है, इस बारे में ट्रैफिक पुलिस को कोई जानकारी नहीं है। यातायात प्रभारी राघवेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि उनको सड़क पर मंगल बाजार लगने की किसी तरह की जानकारी नहीं है। इसको दिखवाया जाएगा। जरुरत पड़ी तो कर्मचारियों को लगाकर निगरानी कराई जाएगी ताकि जाम की दिक्कत न बने। जबकि हकीकत यह है कि साप्ताहिक बाजार सड़क तक लगता है। दुकानदार और बाजार में आने वाले लोग रोड पर वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े करते हैं। इस कारण यातायात बाधित होता है और शहरवासियों को दिक्कत होती है। कई बार पुलिस यहां खड़े वाहनों को हटवा चुकी है। लेकिन सख्त कार्रवाई न होने से हर सप्ताह मंगलवार को सड़क पर सजने वाला बाजार बदस्तूर लग रहा है। सूत्र बताते हैं कि यहां लाखों का कारोबार होता है। अज्ञात वसूली करने वाले पुलिस को हिस्सा देते हैं। इसलिए कार्रवाई से पुलिस बचती है।

### सिटी मजिस्ट्रेट बोले, इसे गंभीरता से दिखवाएंगे

साप्ताहिक मंगल बाजार को लेकर जब सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर से जानकारी ली तो उन्होंने भी साफ तौर पर सड़क पर अतिक्रमण करके दुकान लगाने की बात अभी तक संज्ञान में आने की बात से इंकार कर दिया। कहा कि अतिक्रमण मुक्त सड़कों को लेकर कई मार्ग चिन्हित किए जा चुके हैं। समय-समय पर अतिक्रम हटाओ अभियान शहर समेत सभी स्थानों पर चलाया जाता है। ऐसे में अगर अब भी सप्ताहिक बाजार वाले दिनों सड़क पर दुकानें सज रही हैं। इसे गंभीरता से दिखवाएंगे। उसी के आधार पर संबंधित पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। दूसरी, तरफ स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब-जब अतिक्रमण अभियान चलाया गया। उस दौरान सिर्फ खानापूर्ती की गई। टीम के हटते ही फिर से पहले की तरह सड़कों पर दुकानें सजने लगती है। इससे राहगीरों की सबसे अधिक समस्या उठाना पड़ती है। कई बार इसको लेकर सड़क पर दुकान लगाने वालों से राहगीरों का झगड़ा हो जाता है। पूर्व में कई बार अतिक्रमण हटाओ अभियान शहर में चलाए गए। लेकिन हालात आज भी जस के तस बने है।

# अफसरों की कृपा से अतिक्रमणकारियों का मंगल

## साप्ताहिक मंगल बाजार में अवैध वसूली के आगे सारे नियम ध्वस्त, पूर्व में वसूली को लेकर हो चुके हैं विवाद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


साप्ताहिक मंगल बाजार में तहसील गेट पर सजी दुकानें। ● अमृत विचार


मंगल बाजार में एक निजी अस्पताल के बाहर लगा जाम। ● अमृत विचार

- **शहर में जामा मस्जिद के पास लगने वाला साप्ताहिक मंगल बाजार का मामला**
- **अस्पताल और स्कूल नजदीक होने से आए दिन जाम में फंसे नजर आते हैं राहगीर**

**अमृत विचार:** वैसे तो साप्ताहिक मंगल बाजार अवैध रूप से सड़क पर सालों से लगता आ रहा है लेकिन इस बार जाम से जूझ रही सड़क पर भी दुकानें सजीं तो यह साबित हो गया कि आम लोगों की दिक्कतों से इस शहर में किसी को कुछ लेना-देना नहीं रह गया है। ऐसा इसिलए भी कहा जा रहा है क्योंकि कुछ समय पहले ही अतिक्रमण और जाम की दिक्कत देखते अफसरों ने सख्ती का दंभ भरते हुए नोटिस देकर इसे नियत स्थान पर लगाने के निर्देश किए थे। लेकिन, यह पहले से ही तय था कि इन निर्देशों का असर कुछ दिन ही रहेगा और हुआ भी कुछ ऐसा ही है। जिम्मेदार किए गए आदेश भूल गए। नतीजतन मंगलवार को साप्ताहिक बाजार लगी तो पूरे दिन सड़क पर भीषण जाम लगा रहा।

मंगलवार को मुख्य मार्गों समेत जामा मस्जिद के पास लगने वाला साप्ताहिक मंगल बाजार में हमेशा की तरह सड़क की पटरी तक फड़ सजाए गए थे। इसके आगे सड़क पर ठेलों को खड़ा करा दिया गया था और उसके भी आगे सवारियां भरने के लिए टेंपो और ई रिक्शा वालों ने सड़क घेर रखी थी। बताते हैं कि दुकानें लगाने के लिए पूर्व में सड़क से हटकर जगह चिन्हित की जा चुकी है। मगर, जिम्मेदारों की सुस्ती के कारण दुकानदार सड़क पर अतिक्रमण कर दुकानें सजाने से बाज नहीं आ रहे हैं। इधर, मंगल बाजार को लेकर व्यापार मंडल भी परेशान है। अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है। व्यापारी नेताओं का तर्क है


जामा मस्जिद के बाहर सड़क पर सजाई गई मंगल बाजार की दुकानें। ● अमृत विचार

कि सड़क पर अवैध तरीके से दुकान लगाने वालों पर न तो कोई जीएसटी विभाग का कोई अधिकारी चेक करने पहुंचता है, न ही दुकान लगाने आने पर वाहनों में की जा रही ओवरलोडिंग पर कोई एक्शन लिया जाता। कभी इनके कांटे चेक करने भी बांट-माप के जिम्मेदार नहीं पहुंचते। इसके अलावा दो गुटों में विवाद के बाद वसूली की भी शिकायत पूर्व में उजागर हो चुकी है। इसके बाद भी सड़कों पर ही दुकानें सजाने का सिलसिला बरकरार है। यही कारण है सप्ताहिक बंदी जाम में फंसे लोग झल्लाते रहे लेकिन सड़क पर लगी दुकानें टस से मस नहीं हुईं।

### कहां बंट रहा अवैध उगाही का हिस्सा

साप्ताहिक बाजार को लेकर आरोप लग चुके हैं कि यह बाजार अवैध धन वसूलकर लगवाया जाता है। जिसके चलते कई बार विवाद भी हो चुका है। ऐसे में अब सवाल यह उठ रहा है कि बाजार से अवैध उगाही कौन लोग कर रहे हैं और उगाही के रुपये किन लोगों के बीच बंट रहे हैं। इधर, सूत्रों की मानें बाजार थाना पुलिस के संरक्षण में लग रहा है। इसकी सही तरीके से जांच हुई तो अफसरों के सख्त निर्देश पर बाजार लगवाने वाले के साथ ही कई अन्य भी कार्रवाई की जद में आएंगे।

### नगर पालिका टीम से हो चुकी है अभद्रता

बीते साल सिटी मजिस्ट्रेट सख्त हुए तो बाजार को चिन्हित जगह में ही लगवाना शुरू कर दिया था। पुलिस भी बाजार सजने से पहले ही पहुंचकर सख्ती कर देती थी। मगर पुलिस के हटने के बाद नगर पालिका के कर्मचारियों ने प्रयास किए तो उनसे अभद्रता की थी। दिसंबर 2023 में नगर पालिका की टीम जब दुकानें हटवाने गई तो कुछ दुकानदार भिड़ गए थे। कई बार ऐसा हो चुका है। बताते हैं कि इसी कारण नगर पालिका के जिम्मेदार निगाहें फेर लेते हैं।

### सेटिंग कर पुलिस ने निभाई औपचारिकता

सप्ताहिक बंदी वाली इलाकों में आयुर्वेदिक कॉलेज , तहसील, निजी अस्पताल और कई स्कूल है। कई साल पहले एक एंबुलेंस जाम में फंसने के बाद मरीज की मौत भी हो गई थी। इसे लेकर उस वक्त मार्ग पर बाजार नहीं लगने देने की मांग उठी थी। कुछ माह पहले भी इसे लेकर शिकायतें तेज रहीं। जिस पर अफसरों ने सख्ती करने का हवाला देते हुए एक्शन लिए गए। तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट ने कोतवाली पुलिस को जिम्मेदारी दी। पुलिस ने भी शुरुआत में पहुंचकर बाजार को लेकर निगरानी बढ़ाई। मगर, अब सेटिंग होने के चलते पुलिस के स्तर से भी औपचारिकता बरती जा रही है। जिसका खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।


रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल

ROHILKHAND AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession

पता: सेक्टर -7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली मो. 8077808309

फ्री कैम्प 2 सितम्बर से 7 सितम्बर 2024 तक

कायचिकित्सा विभाग :- शुगर, रक्तचाप व हृदय सम्बन्धित रोग, फैटी लीवर, हैपेटाइटिस एवं पेट सम्बन्धित रोग, त्वचा रोग, बालों का झड़ना, मोटापा, सिरदर्द, माइग्रेन, मुँह टेढ़ा होना, फालिज, नस सम्बन्धित बीमारियाँ तथा मलेरिया, टायफायड, डेंगू तथा जीर्ण ज्वर एवं सभी प्रकार के जोड़ो के दर्द, गठिया, स्पांडिलाइटिस, सियाटिका का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कोर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, चर्बी की गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज

कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :-बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये स्वर्ण प्राशन संस्कार, हाइट बढ़ाना, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा वंशानुगत मांसपेशी विकार, मायोपैथी आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज

शालाक्य तंत्र विभाग :- तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज

गले, कान, नाक व आँख के रोग का इलाज

प्रसूति एंव स्त्री रोग विभाग :- नार्मल डिलीवरी, रसौली, बच्चेदानी के मुख का घाव/सूजन, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग :- ततैया/बर्र, मधुमक्खी/बरसाती कीड़ा, काटने पर आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

पथ्य (डाईट) व योग सम्बन्धित जानकारी

कायचिकित्सा विभाग | शल्यतंत्र विभाग | पंचकर्म विभाग | कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग | शालाक्य तंत्र विभाग | प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग | अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग

ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच तथा शेष जाँचो में छूट

निः शुल्क परामर्श

उपलब्ध सुविधाये :-

❖ X-RAY, ❖ ULTRASOUND, ❖ BLOOD TEST, ❖ ECG



Bareilly International University

{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}

Excelled in CUET? Join the Courses:

ADMISSIONS OPEN 2024

ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/

Courses Available

Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing

Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist

Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology

- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.

Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India

Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404


# महिला अस्पताल में एक और घोटाला... इकोफ्रेंडली के 10 लाख पार्टी में उड़ा डाले

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की मंडलीय टीम ने शुरु की जांच कई की गर्दन फंसना तय**
- **वित्तीय वर्ष 2021-22 में मिली राशि नवाचार पर होनी थी खर्च, समारोह में बजट लगाया ठिकाने**

> कायाकल्प अवार्ड के बजट को गलत तरीके से खर्च करने के मामले में एक शिकायत शासन स्तर पर हुई है। जिसकी जांच के आदेश मिले थे। जांच करने के लिए महिला अस्पताल पहुंचे थे। जहां बिल बाउचर और कायाकल्प अवार्ड से जुड़े सभी अभिलेख चेक किए गए हैं। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा।
>
> – **डॉ. टीपी राठौर** अपर संयुक्त निदेशक, बरेली मंडल

**अमृत विचार :** इन दिनों मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं और घोटाला का शोर मचा है। एक के बाद एक जांच टीम महिला अस्पताल में निरीक्षण को पहुंच रही हैं।

लोकायुक्त की जांच के बाद अब कायाकल्प अवार्ड योजना के तहत इको फ्रेंडली के तहत मिली 10 लाख की धनराशि का घोटाला करने का आरोप लगा है। शासन स्तर पर हुई शिकायत के बाद बरेली से मंडलीय टीम मंगलवार को जांच के पहुंची। टीम ने कायाकल्प अवार्ड की धनराशि का ब्योरा और होटल में की गई पार्टी के बिल बाउचर तलब किए। इधर, लोकायुक्त की जांच के साथ इस जांच में महिला अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ को दोषी माना जा रहा है। फिलहाल जांच रिपोर्ट आने के बाद पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

बता दें मेडिकल कॉलेज बनने से पहले संयुक्त चिकित्सालय संचालित हो रहा था। रिटायर्ड सीएमएस डॉ. अनीता चौरसिया के कार्यकाल में वित्तीय वर्ष 2021-22 में कायाकल्प अवार्ड मिला था। जिसमें बेस्ट हॉस्पिटल के लिए आठ लाख रुपये और ईकोफ्रेंडली में 10 लाख रुपये का बजट मिला था। नियम था कि बेस्ट हॉस्पिटल की धनराशि से कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र और भव्य समारोह करने में खर्च हो।

जबकि ईको फ्रेंडली में मिलने वाले 10 लाख रुपये नवाचार पर खर्च करने थे। जैसे ही महिला अस्पताल के बिजली के बिल को कम करने के लिए सोलर पैनल, बेड आदि मशीनों पर खर्च करने थे। उस दौरान तत्कालीन सीएमएस ने भव्य समारोह का आयोजन होटल में किया। इसके बाद अब दोबारा से कार्यवाहक सीएमएस डॉ. राजेश ने 15 अगस्त के दिन शहर के एक होटल में कायाकल्प अवार्ड को एक समारोह का आयोजन किया था। उन्होंने तर्क दिया था कि अवार्ड का बजट शेष था। इसलिए भव्य समारोह का आयोजन किया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस समारोह में वर्तमान समय के कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र वितरण किए गए थे। जोकि गलत है। इसकी शिकायत शासन स्तर पर की गई थी। इस मामले में वित्तीय अनियमितता सामने आने पर बरेली मंडल स्वास्थ्य विभाग को जांच करने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य सेवा डॉ. पुष्पा पंत और अपर संयुक्त निदेशक डॉ. टीपी राठौर दोपहर एक बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचे।

जहां महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश से मुलाकात करने के बाद कायाकल्प अवार्ड की धनराशि को खर्च करने का ब्योरा तलब किया। उन्होंने रिटायर्ड सीएमएस के कार्यकाल में खर्च किए गए बिल वाउचर और वर्तमान में समारोह पर खर्च किए गए बिल बाउचर लेकर बरेली लौट गई है।

बताते हैं कि बजट को खपाने के लिए समारोह का आयोजन किया गया था। जांच टीम भी इसे गलत मान रही है। फिलहाल टीम ने अभी कोई भी जवाब देने से इनकार कर दिया है। जांच शुरु होने के बाद महिला अस्पताल में हड़कंप मच गया है।

## युवती बोली- मैने कर ली प्रेमी से शादी

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** फुसलाकर ले जाई गई युवती पिता की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट का पता चलते ही खुद ही थाने आ गई। प्रेमी संग मंदिर में शादी करने की बात कही और पिता की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट को गलत करार दिया। पुलिस मामले में कार्रवाई में जुट गई है।

बता दें कि क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 20 अगस्त को गांव का ही एक युवक उसकी पुत्री को फुसलाकर ले गया। पुलिस ने पिता से मिली तहरीर पर 25 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज की। इधर, सोमवार शाम युवती खुद ही थाने आ गई। उसने पुलिस को बताया कि उसे कोई फुसलाकर नहीं ले गया। वह अपनी मर्जी से प्रमी संग गई थी और दोनों ने मंदिर में शादी कर ली है। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि युवती अकेले थाने आई और उसने पिता द्वारा लगाए गए आरोप को गलत बताया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई करते हुए कोर्ट में बयान कराए जाएंगे।

## तालाब में डूबकर बच्चे की मौत

**गुलाबटांडा, अमृत विचार:** दो साल के मासूम की तालाब में डूबकर मौत हो गई। दूसरे दिन उसका शव तालाब से बरामद कर लिया गया। गमगीन माहौल में शव को सुपुर्द ए खाक किया गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा रहा। हादसा माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम टांडा गुलाबराय का है। बता दें कि 26 अगस्त को गांव के ही मोहम्मद एहसान का दो साल का पुत्र अशरफ लापता हो गया था। उसकी परिवार के सदस्यों ने काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका था। दूसरे दिन मंगलवार सुबह परिजन तलाश में जुट गए। इस बीच कुछ दूरी पर स्थित तालाब से लापता बच्चे का शव बरामद हो गया। दोपहर में गमगीन माहौल में शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। उधर, पुलिस हादसे से अनभिज्ञता जता रही है। उनका कहना है कि इस तरह की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


## विद्यार्थियों और शिक्षकों को दी जानकारी



**पीलीभीत :** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में जिला समन्वयक प्रभात कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से सम्पर्क किया। पोस्टर ब्रोसर विमोचन किया। जानकारी दी कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद के सहयोग से विजनाना भारती के प्रयासों से होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगात्मक परीक्षा में कक्षा छह से आठ तक जूनियर और कक्षा नौ से 11 तक सीनियर ग्रुप में रजिस्ट्रेशन 15 सितंबर तक होंगे। पहले चरण की परीक्षा ऑनलाइन 23 से 27 अक्टूबर में होगी। परीक्षा में 50 प्रतिशत प्रश्न निर्धारित सिलेबस से, 20 प्रतिशत प्रश्न भारत के विज्ञान में योगदान, 20 प्रतिशत डॉ. शांति स्वरूप भटनागर के जीवन परिचय और 10 प्रतिशत लॉजिक व रीजनिंग से संबंधित यानि कुल 100 प्रश्न होंगे। जो 90 मिनट में करने होंगे। इसके बाद दूसरे व तीसरे चरण की परीक्षा ऑफलाइन होगी।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने भाईयों रहीस अहमद, शफी अहमद, साहिद अहमद, नबाब अहमद, जाहिद अहमद पुत्रगण इब्राहीम को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अलग कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा उनसे कोई सरोकार नहीं होगा। **अकील अहमद पुत्र इब्राहीम निवासी कस्बा उघैती गर्वी थाना उघैती तहसील बिल्सी जिला बदायूँ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मुझे फरहत अली नाम से जाना जाता था। पर अब मैंने अपना नाम फरहत अली खाँ रख लिया है और अब मुझे वर्तमान में फरहत अली खाँ नाम से ही जाना जाएगा। **फरहत अली खाँ पुत्र फुरकत अली खाँ निवासी वार्ड नं. 10 नियर बाजार ठिरिया निजावत खाँ जिला बरेली।**

**आवश्यकता**

बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।

कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।

DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।

जल आकाश, परसाखेड़ा

7669334441, 7599074780, 9720554832

**आवश्यकता है:-**

प्राचार्य/प्रवक्ता हेतु

डॉ. डी.पी. सिंह महाविद्यालय

हथौड़ा बुजुर्ग, शाहजहांपुर

(एम.जे.पी.रू.वि.वि. बरेली से सम्बद्ध)

प्राचार्य:- 01 पद

M.Sc. (Ag.)- (कृषि) एग्रोनॉमी 01 पद, जेनेटिक्स एण्ड प्लांट ब्रीडिंग 01 पद, M.Sc. (Home Science) फूड एण्ड न्यूट्रिशन 01 पद

योग्यता:- UGC द्वारा निर्धारित अर्हता, आवेदन-पत्र दो प्रतियों में विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें।

mjp555@mjpru.ac.in, 9198686472

डॉ. के.डी. सिंह (प्रबन्धक) 9415060459

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## नौ दिवसीय श्रीराम कथा आज से, तैयारी पूरी

**पीलीभीत, अमृत विचारः** शहर के अशोक कॉलोनी स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर परिसर में 28 अगस्त से पांच सितंबर तक होने वाली श्रीराम कथा की आयोजकों ने समस्त तैयारी कर ली गई है। परिवार समाज एवं राष्ट्र कल्याण के लिए कराई जा रही श्रीराम कथा नौ दिन चलेगी। कथा मेंवृं दावन से कथा व्यास गौरव कृष्ण महाराज आएंगे। आयोजक समिति के सदस्य दुर्गाप्रसाद गंगवार, जीवन ज्योति भसीन, अभिमन्यु गंगवार, श्रवण जैसवार, अंबरीश, जगदीश सक्सेना, मंगली प्रसाद, विकास व, परमजीत, भानु प्रताप सिंह, सत्यप्रकाश गंगवार, पीएल गंगवार, तोताराम, लोकशंकर, हरीश दुलवानी, रमेश लोधी, सुधीर पाल सिंह, देवेंद्र पाल सिंह, हरीश गंगवार, संत कुमार मिश्रा, हरिओम बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# समर्थकों के साथ धरने पर बैठे पूर्व मंत्री, सरकार के खिलाफ जमकर बरसे

### दिन भर मंडी समिति में जुटी रही भीड़, शाम को अफसरों के आश्वासन पर धरना हुआ समाप्त

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** भाजपा विधायक विवेक वर्मा के पिता पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा ने आवारा पशुओं जैसी तमाम समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर वह मंगलवार को समर्थकों के साथ मंडी समिति परिसर में धरने पर बैठ गए। दिन भर चले धरना प्रदर्शन के बाद शाम को सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर पहुंचे और एक माह के भीतर समस्याओं के समाधान की बात कहते हुए धरना प्रदर्शन समाप्त कराया।

बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र से कई बार विधायक और मंत्री रहे रामसरन वर्मा ने एक दिन पहले ही अनिश्चित कालीन धरने का एलान कर दिया था। मंगलवार को वह समर्थकों संग मंडी समिति परिसर में धरने पर बैठ गए। पूर्व मंत्री ने क्षेत्र के लोगों से कहा कि एकजुट होकर संघर्ष करने से ही समस्या का समाधान हो पाएगा। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए।

कहा कि नगर पालिका की किराएदारी की पंजीकृत 288 दुकानों में से 34 दुकानदारों की मृत्यु हो जाने पर 25 से 50 लाख रुपए लेकर गुपचुप तरीके से दुकानों का आवंटन कर 8.50 लाख रुपये की धनराशि एकत्र की गई है। हाउस टैक्स, वाटर टैक्स मनमानी ढंग से तीन गुना बढ़कर लगाया गया है। उन्होंने एक नेता का नाम लिए बिना कहा कि डिप्टी सीएम, राज्य मंत्री से घनिष्ठता बढ़ाकर खिदमत दारी करने का आरोप लगाया। सभा में कोयला डिपो को हटवाने, बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजा दिलाने समेत कई मांग की गई। धरने की अध्यक्षता किसान मजदूर संगठन के नेता गुल्लू पहलवान व संचालन प्रेम सागर पटेल ने की। धरने पर बैठने वालों में अनुराग अवस्थी, राज किशोर तिवारी सुरेंद्र कुमार वीरपाल वर्मा, मंसूर अहमद नरेंद्र कुमार सहित तमाम समर्थक मौजूद रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा।



पूर्व मंत्री के साथ मंडी समिति में धरना पर बैठे समर्थक। ● अमृत विचार

### सीएम योगी पर निशाना, मायावती की सराहना

विभिन्न मांगों को लेकर धरना दे रहे पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा पहले भी अपनी सरकार में धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। मंगलवार को हुए धरना प्रदर्शन के दौरान भी उन्होंने सरकार की व्यवस्था पर सवाल उठाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल को लेकर असंतोष जताया और टिप्पणी की। खास बात है कि इस दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती की सराहना भी कर गए। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसे लेकर चर्चा होती रही।

### धरना प्रदर्शन से गरमाई राजनीति

पूर्व मंत्री एवं मौजूदा विधायक के पिता का धरना प्रदर्शन क्षेत्र की राजनीति को भी गरमा गया। वैसे तो भाजपा के अधिकांश नेता व कार्यकर्ताओं ने इससे दूरी बनाई। मगर, दोपहर बाद से कुछ भाजपा नेता इस धरना प्रदर्शन को लेकर सवाल उठाते रहे। एक भाजपा नेता का कहना था कि ये धरना प्रदर्शन विपक्षी दल के इशारों पर किया गया है। उन्होंने कई संगीन आरोप लगाए। इसके अलावा एक अन्य नेता ने फेसबुक पर बिना नाम लिए ही तंज कसा। जिसमें असफल कुमार नाम से संबोधित करते हुए बात कही। इसे भी लोग धना प्रदर्शन से जोड़कर ही देखते रहे।

# आधी रात घरों में जन्में कन्हाई, नंद घर आनंद भयो...

### मंगलवार को भी मंदिरों और घरों में गूंजी बधाई, कई स्थानों पर हुई भजन संध्या, मंदिरों के आसपास सुरक्षा रही सख्त

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व दूसरे दिन मंगलवार को भी धूमधाम से मनाया गया। शहर के सभी राधा रमण और अन्य मंदिरों में मंगलवार को ही जन्माष्टमी मनाई गई। जहां मंगलवार की सुबह से रात तक शहर में धूमधाम देखने को मिली। जैसे ही आधी रात को घड़ी की सुई 12 पर पहुंची, मंदिरों और घरों में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उल्लास चरम पर पहुंच गया। श्रीकृष्ण के प्रकट होते ही नंद घर अनंद भयो, जयो कन्हैया लाल की, देवकी के घर जन्मे कन्हैया... गूंजे बधाई जैसे मंगल गीत गूंजने लगे। इससे पूरा शहर श्रीकृष्ण की भक्ति के सराबोर में हो गया। देर रात तक आतिशबाजी के बाद श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई का सिलसिला जारी रहा।

मंगलवार को शहर के चौक बाजार स्थित राधा रमण मंदिर, श्री द्वारिकाधीश मंदिर, गौरक्षा धाम मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, ठाकुरद्वारा मंदिर, गौरीशंकर मंदिर समेत शहर के समस्त मंदिरों में कई दिन पहले ही जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां चल रही थी। जिन्हें मंगलवार को अंतिम रुप दिया गया। सुबह राधा रमण मंदिर में महंत सुधीर चंद्र गोस्वामी ने ठाकुर जी महाराज का पंचामृत अभिषेक किया। इधर, पुलिस लाइन में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गइ। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल, समेत व्यापारी संगठनों के नेता शामिल हुए। काशीराम कॉलोनी स्थित श्री बालाजी ब्रहमदेव संकीर्तन दरबार में जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। नौगवां पकड़िया चेयरमैन पति संतोख सिंह संधू और महंत विशाल ने श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर उन्हें 56 भोग अर्पित किए। राहुल, रवि रत्नाकर, चिराग, मनीष, हर्ष तिवारी, अंशु, मोहित, श्रेय सक्सेना समेत अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे। जिला पंचायत कर्मचारी कॉलोनी के श्री सिद्धिविनायक मंदिर पर आसपास एवं कॉलोनी से इकट्ठे हुए 15 बाल गोपालों का श्री श्री 108 श्री गौरवानंद महाराज के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पंचाभिषेक कराया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन डा. आस्था अग्रवाल, राकेश गुप्ता अनुपम गुप्ता, राजीव, शालिनी, हितेश, महेंद्र, रजनीश, अवनीश पांडे मौजूद रहे। सोशल मीडिया पर भी जन्माष्टमी की धूम देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशियों को अपने परिवार और मित्रों के साथ साझा किया।



श्रीकृष्ण के जन्म पर भजन करते चेयरमैन पति और महंत विशाल के साथ श्रद्धालु।



राधा कृष्ण की लीलाओं का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार



अलौकिक शृंगार से सजे राधा कृष्ण।

### बरखेड़ा में फोड़ी गई 21 मटकी, उमड़ी भक्तों की भीड़

**बरखेड़ा :** नगर में दही हांडी मटकी फोड़ कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित गंगवार ने की। 21 स्थानों पर मटकी टांगी गई थी। मोहल्ला इंद्रीगंज से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अंत में मोहल्ला ठाकुरद्वारा की मटकी फोड़ी गई। राजपाल गुर्जर, सोवरान, अमित गुर्जर, लाल बहादुर गंगवार, सरवन गुर्जर, प्रदीप गुर्जर, चंद्रसेन यादव,शीतेश यादव, नील यादव, सौरभ गंगवार, आदित्य पांडेय, शिवंकर,दीपांशु, सोमवीर,वेदप्रकाश गंगवार, धर्मपाल,नन्हे, कृष्ण कश्यप, नवल गोस्वामी, विशाल सक्सेना आदि मौजूद रहे। इसके अलावा थाना बरखेड़ा, गांधी आश्रम, दौलतपुर रोड पर बालाजी ग्रुप, राम स्नेही समिति ने रासलीला का आयोजन किया।






बीसलपुर में कान्हा के रुप में सजी बालिका।



अशोक कॉलोनी स्थित राधा कृष्ण मंदिर में प्रसाद ग्रहण करते राज्यमंत्री संजय गंगवार।



पुलिस लाइन स्थित मंदिर पर सजाई गई झांकी। ● अमृत विचार



बॉसुरी से खेलते नन्हें कान्हा।

### 56 भोग लगाकर महिलाओं ने घरों में पूजे लड्डू गोपाल

**बिलसंडा :** सोमवार मध्यरात्रि के बाद नगर में हर तरफ कान्हा की भक्ति में सराबोर महिला पुरुष बच्चों में अद्भुत उत्साह दिखा। रात के 12 बजते ही मंदिरों में घंटा घड़ियाल बजने लगे। पूरा माहौल ही कृष्ण मय हो गया। आतिशबाजी के सुंदर नजारे के बीच नगर में एक शोभा यात्रा भी निकाली गई। जिसमें हाथी घोड़ा पालकी,जय कन्हैया लाल की.., नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की..आदि भजन कीर्तन गाते हुए भक्त साथ चल रहे थे। मेन बाजार में धर्मशाला के पास शिव मंदिर पर नगर की सूरज एंड पार्टी ने खाटू श्याम का जगराता किया। जिसमें डा .अवधेश शर्मा, विशनचन्द गुप्ता, मनमोहन गुप्ता, अनिल गुप्ता, सुमित गुप्ता, नीलेश गुप्ता, मनोज राठौर का सहयोग रहा। नगर की वुमन विंग्स कमेटी की शिवानी जायसवाल, प्रियंका, मंजू, चांदनी गुप्ता, डाली सविता, वर्षा गंगवार, प्रीति, पूनम, ममता, रेनू,शुभी, शालू जायसवाल, पूजा आदि ने घरों में लड्डू गोपाल की पूजा की और पालना झुलाकर माखन मिश्री, खीर, पुआ सहित 56 भोग लगाए।

## सार-संक्षेप

### ठाकुरद्वारा मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा



**पूरनपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को नगर ठाकुरद्वारा मंदिर से कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दधिकौंध यात्रा निकाली गई। इसमें भगवान श्री कृष्ण और राधरानी का दरबार सजाया गया। पीछे राधकृष्ण के रुप में सजे बच्चे चल रहे थे। भक्ति गीतों पर महिलाएं और भक्त नाचते गाते दिखाई दिए। यात्रा मंदिर से हनुमान मंदिर, राधा माधव जगन्नाथ मंदिर, सीताराम मंदिर होते हुए नगर की अशोक कालोनी से वापस ठाकुर द्वारा मंदिर पर समाप्त हुई।।इस दौरान राधा माधव संकीर्तन मंडल ने भगवान श्री कृष्ण के भजन कीर्तन प्रस्तुत किए। यात्रा में नवनीत गुप्ता, हरगोविंद बाजपेई, जौली खंडेलवाल, विवेक खंडेलवाल, सोनू गुप्ता, राधा बल्लभ गुप्ता और संतोष वर्मा आदि मौजूद रहे।

### सदस्यता अभियान की विस्तार से दी जानकारी



**मझोला, अमृत विचार :** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर न्यूरिया मंडल में मंगलवार को कार्यशाला संपन्न हुई। मुख्य अतिथि पार्टी की जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, न्यूरिया मंडल अध्यक्ष महेंद्र पाल राजपूत, कार्यक्रम संयोजक निशांत वर्मा, जसवंत राठौर, आनंदपाल राजपूत, सतविंदर सिंह, अवधेश राठौर, मुकेश गौतम, विनोद कुमार विश्वजीत डे, मुन्नालाल भारती, सुशील शर्मा, मनजीत सिंह, सोनू मौर्य, हरीश दिवाकर, छत्रपाल, सरोज आदि शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए लोगों को संगठन से जोड़ने की जिम्मेदारी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को दी गई।

### मंदिर के लिए विधायक ने दिया एक माह का वेतन



**मझोला :** बरखेड़ा विधानसभा के गांव पंडरी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला शुरू हो गया। तीन दिवसीय मेले की शुरुआत बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने की। इस दौरान विधायक ने मंदिर के कायाकल्प के लिए एक माह का वेतन दान करने की घोषणा की। इस दौरान कृष्ण मंदिर की भव्य सजावट की गई। पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और जन्माष्टमी का पूजन किया। कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया। मेले में दंगल भी आयोजित किया गया। जिसमें दूर दराज क्षेत्र से पहलवाल पहुंचे और दमखम दिखाया। विधायक ने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया।

### एनसीसी कैडेट्स को बांटे गए प्रमाण पत्र



**बीसलपुर :** जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में मंगलवार को एनसीसी द्वितीय वर्ष के कैडेट्स को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष पति अमन जायवाज बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र का गौरव हैं। प्रत्येक छात्र को लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए। प्रतिस्पर्धा के दौर में विद्यार्थियों को पूरी तरह से सजग रहना चाहिए। उन्होंने एनसीसी क्रेडिट्स को प्रमाण पत्र वितरत किए। संचालन प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार सक्सेना ने किया। प्रबंधक अमरेश कुमार सक्सेना ने विद्यार्थियों को करियर से जुड़े टिप्स दिए। अध्यक्ष अरविन्द सक्सेना , उप प्रबंधक नीरज सिन्हा, कायस्थ सभा के अध्यक्ष नवीन सक्सेना, असलम यार खां, एनसीसी प्रभारी मो . अफजल, तेजप्रकाश, सत्यपाल, संदीप श्रीवास्तव , देवेन्द्र कुमार, अरुण चंद्रा, भुवनेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### वाल्मीकि सेना ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



**पीलीभीत, :** महर्षि बाल्मीकि सेना ( अटल ) के कार्यकर्ता मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सौंपा गया। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ द्वारा अनुसूचित जातियों के आरक्षण में उप–वर्गीकरण के पारित आदेश का संपूर्ण देश में अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष मुकुल बाल्मीकि, पंकज, राजू, यशु, विनोद कुमार, अभिषेक, रामकुमार, रिंकू, लवी सिंह, संजीव आदि थे।

# जाति से ऊपर उठकर आएं और हिंदू रहेंः महीप

- हिंदू एकत्रीकरण कार्यक्रम में दिया एकजुटता का दिया संदेश

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में मंगलवार को नगर में विशाल हिंदू एकत्रीकरण कार्यक्रम में संत प्रमुख सत्य गिरी जी महाराज ने समाज की कुरीतियों पर प्रकाश डाला। मेरठ से आए मुख्य वक्ता क्षेत्रीय धर्म प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद यशपाल सिंह ने लव जिहाद जैसी कुरीतियों पर विचार रखे। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कुंवर महीप सिंह चंदेल ने जाति-पाति को हटाकर सभी से सिर्फ हिंदू बनने की अपील की। कार्यक्रम में अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, मातृशक्ति संयोजिका सोनी पटेल ने महिलाओं की जागरूकता पर जोर दिया और नारी को सक्षम बनने के लिए सभी को दुर्गा वाहिनी का वर्ग करने के लिए प्रेरित किया । विहिप जिलाध्यक्ष कृष्ण गंगवार ने संगठन के कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम उपाध्यक्ष विकेश जायसवाल ,सुधीर सिंह, ब्रज कुमार सिंह ने विचार रखे। जिला संयोजक नवनीत मिश्रा ने कार्यक्रम समापन किया। संचालन सोविंदर सिंह ने किया। संजीव राठौर, नीलकमल सैनी , निखिल अग्रवाल, विकास शर्मा, रजनीश, रवि शर्मा ,हरिओम, कन्हैया , शोभित, राजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे।



विहिप के हिंदू एकत्रीकरण कार्यक्रम में शामिल लोग। ● अमृत विचार

## 29 से चलेगी बरेली सिटी से पीलीभीत उर्स मेला स्पेशल ट्रेन

- पीलीभीत से उर्स ए आला हजरत में शिरकत करने वाले जायरीनों को मिलेगी राहत

**पीलीभीत, अमृत विचार।** बरेली में उर्स ए आला हजरत में शिकरत करने वाले जायरीनों के लिए राहत भरी खबर है। रेलवे प्रशासन की ओर से उर्स ए आला हजरत पर अतिरिक्त भीड़ के दृष्टिगत दो जोड़ी उर्स मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया है। इसमें एक उर्स मेला स्पेशल ट्रेन 29 अगस्त से 31 अगस्त बरेली सिटी से पीलीभीत के बीच भी संचालित की जाएगी। इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि 05139/05140 बरेली सिटी–पीलीभीत–बरेली उर्स मेला स्पेशल ट्रेन 29 से 31 अगस्त तक चलाई जाएगी। बताया कि उर्स मेला स्पेशल ट्रेन बरेली सिटी से शाम 4 .40 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन इज्जतनगर, भोजीपुरा, दिबनापुर, सेथल, बिजौरिया, शाही, ललौरीखेड़ा हाल्ट से होती हुई शाम 6 .20 बजे पीलीभीत रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में यही ट्रेन पीलीभीत से शाम 6 .35 बजे रवाना होकर 7 .55 बजे बरेली सिटी पहुंचेगीं। उर्स मेला स्पेशल ट्रेन चलने से उर्स में शामिल होने वाले जायरीनों के लिए खासी सहुलियत मिल सकेगी।

## बाइक सवार ने उड़ाया महिला का कुंडल

**बिठौराकलां, अमृत विचारः** बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पतरासा की रहने वाली सीमा देवी पत्नी श्रीकृष्ण सोमवार को जन्माष्टमी पर्व के मौके पर अपने भाई के घर गजरौला क्षेत्र के ग्राम मुढ़ैलाकलां में आई थी। उन्होंने भाई को राखी बांधी और वहीं रुक गई थी। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे वह दवा लेने के लिए बिठौरा गांव आ रही थी। गांव के बाहर पहुंचते ही बाइक सवार दो उचक्के और झपट्टा मारकर एक कान का सोने का कुंडल खींच ले गए। महिला के शोर मचाने पर काफी लोग जमा हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी। बाद में सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पापियों का नाश करने को होता है ईश्वर का अवतरण : रामश्याम

- बिलसंडा के सत्संग भवन में भागवत कथा के दौरान धूमधाम से मना कान्हा का जन्मोत्सव

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** नगर के राम-जानकी सत्संग भवन में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मना। नगरवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, कन्हैया के सुंदर भजनों पर श्रद्धालु जमकर थिरके। अर्धरात्रि के बाद पूरा कथा परिसर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों, नंद के आनन्द भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गूंजायमान हो उठा। इस दौरान फूलों की होली भी खेली गई। माखन मिश्री, लड्डू, पेड़ा, पंजीरी व कतली का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को बांटी गयी। कानपुर से आए रामश्याम तिवारी ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला।

कहा कि जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है। तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। यहां पर जैसे ही श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग कथा में आया तो श्रद्धालु हरे राधा-कृष्ण के उदघोष के साथ नृत्य करने लगे। राधाकृष्ण,वासुदेव, यशोदा और नंद के स्वरूपों की सुंदर झांकियों ने भक्तों को भाव विभोर कर दिया। चेयरमैन डीके गुप्ता, कमलेश शुक्ला, नरेश जायसवाल, केके मिश्रा, रामदास जायसवाल, रामसेवक शुक्ला, अजय जायसवाल, रामाधार मिश्रा, सुरेश जायसवाल, शिवजी त्रिलोकी आदि का विशेष सहयोग रहा।



बिलसंडा के सत्संग भवन में भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### कृष्ण की बाल लीलाओं का कलाकारों ने किया मंचन

**बीसलपुर :** बड़ा स्थल मंदिर के सामने स्थित कंस लीला स्थल पर कृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन शुरू होते ही भक्तों की भीड़ बढ़ना शुरू हो गई। दिखाया गया कि कृष्ण के जन्म का पता चलते ही कंस चिंतित हो उठा। वह भगवान कृष्ण का वध करने के लिए पूतना नाम की राक्षसी को भेजता है, जोकि कृष्ण को घर में अकेला देखकर उनके पास आ जाती है। उन्हें उठा कर ले जाने का प्रयास करती है लेकिन भगवान कृष्ण अंत में उसका वध कर देते हैं। इसके पश्चात कंस अकासुर व बकासुर नाम के दो राक्षसों को भगवान कृष्ण की हत्या करने के लिए भेजता है। बाल रूप कृष्ण द्वारा दोनों राक्षस को मार देते हैं। व्यवस्था में कंस वध मेला कमेटी के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना, गोपेश्वर सक्सेना, आयुष, अभय कुमार, मोहित कुमार, सुधीर गुप्ता आदि रहे। बुधवार को मोहल्ला दुबे स्थित तालाब पर कंस वध लीला का मंचन किया जाएगा।

# ईओडब्ल्यू या एंटी करप्शन ब्यूरो को दी जा सकती है घोटाले की जांच

## शासन को भेजा गया पत्र, इसी सप्ताह एजेंसी तय होने की संभावना, सितंबर से शुरू हो जाएगी जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एनएचएआई के अधिकारियों ने जुटाने शुरू किए दस्तावेज और भुगतान का ब्योरा
- दो अफसरों के निलंबन के बाद रुका हाईवे का निर्माण और मुआवजे का भुगतान

**अमृत विचार:** सितारगंज फोरलेन हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण में 50 करोड़ के घोटाले की जांच इसी सप्ताह ईओडब्ल्यू या एंटी करप्शन ब्यूरो को दी जा सकती है। माना जा रहा है कि शासन से तय होने वाली जांच एजेंसी सितंबर से पड़ताल शुरू कर देगी। एनएचएआई के अफसरों ने इस संभावना के तहत अभी से भूमि अधिग्रहण से संबंधित दस्तावेज और बैंक खातों में भेजे गए मुआवजे का ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया है।

भूमि अधिग्रहण घोटाले में एनएचएआई के बरेली खंड के परियोजना निदेशक रहे बीपी पाठक और क्षेत्रीय अधिकारी संजीव कुमार शर्मा के निलंबन के बाद विभाग में सन्नाटे का माहौल है। जल्द ही इस घोटाले की विस्तृत जांच के लिए एजेंसी तय होनी है, इसके लिए शासन को पत्र भेजा जा चुका है। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने जांच का दायरा तय होने तक के लिए भुगतान और निर्माण की प्रक्रिया से अपने हाथ खींच लिए हैं।

सितारगंज हाईवे का निर्माण दो राज्यों में होना है, इसलिए कहा जा रहा है कि जांच के लिए ज्यादा कागजात जुटाने होंगे। इसके लिए जांच एजेंसी को उत्तराखंड शासन से भी संपर्क करना पड़ सकता है। ऐसे में जांच में समय भी लग सकता है। यह भी संभावना जताई जा रही है कि अब सड़क के गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो सकते हैं। जांच एजेंसी इन्हें साफ करने के लिए तकनीकी अधिकारियों का भी सहयोग ले सकती है।

### ये तो चले... तीन दिन बाद रिटायर हो जाएंगे मूल्यांकन करने वाले एक्सईएन

बरेली, अमृत विचार : सितारगंज हाईवे के लिए अधिग्रहीत भूमि का मूल्यांकन करने वाले लोग निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता को 31 अगस्त को रिटायर हो जाएंगे। हालांकि रिटायरमेंट से पहले ही उन्होंने मेडिकल लीव ले ली है। जेएमआर सर्वे के बाद भूमि और संपत्तियों के मूल्यांकन और सत्यापन की रिपोर्ट इन्हीं एक्सईएन ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी को दी थी। इन्हीं के हस्ताक्षर के बाद भुगतान की प्रक्रिया शुरू हुई। एक जूनियर इंजीनियर के साथ उन्होंने मूल्यांकन किया था। शनिवार को वह रिटायर होने जा रहे हैं।

### कहीं लटक न जाए सितारगंज हाईवे का निर्माण

सितारगंज हाईवे के लिए वर्ष 2021 में ज्वाइंट मेजर सर्वे हुआ था। फोरलेन हाईवे का निर्माण पूरा करने की समयसीमा सितंबर 2025 निर्धारित की गई थी। इस हिसाब से अगले एक साल में हाईवे बन कर तैयार हो जाना था लेकिन अब घोटाला सामने आने के बाद इसको लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है।

बरेली-सितारगंज हाईवे का निर्माण समय से ही पूरा होगा। इस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। जो मामला सामने आया है, उस पर मैं कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। **– प्रशांत दुबे,** परियोजना निदेशक एनएचएआई

### अब तक 169 करोड़ दिया जा चुका है मुआवजा

भूमि अधिग्रहण में जनपद के सदर एवं अमरिया तहसील के 28 गांवों की जमीन को शामिल किया गया है। इसमें सदर तहसील के छह गांव शामिल हैं। जबकि अमरिया तहसील क्षेत्र के 22 गांव है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक सदर तहसील में अधिग्रहीत की गई जमीन को लेकर 53 करोड़ का मुआवजा दिया जाना है। जिसमें अब 49 करोड़ का मुआवजा दिया जा चुका है। वहीं अमरिया तहसील के किसानों को 166 करोड़ का मुआवजा दिया जाना है। जिसमें अब तक 120 करोड़ का मुआवजा दिया जा चुका है।

### मोटा मुआवजा पीलीभीत से नहीं

जनपद में सदर एवं अमरिया तहसील में जिन जमीनों पर भवन आदि बनाकर मोटा मुआवजा लेने की बात सामने आ रही है। यह मुआवजा बरेली कार्यालय के माध्यम से दिए जाने की बात अफसर कह रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट का कहना है कि यहां से मुआवजे के तौर पर अभी तक सबसे बड़ी धनराशि 1.5 करोड़ है, जो दी गई है।

# बरेली-सितारगंज हाईवे के भूमि अधिग्रहण में घोटाला सामने आने पर मुआवजा देना रोका

- अफसरों ने कहा- अब फाइलों की गहन जांच के बाद ही आगे बढ़ाई जाएगी मुआवजा प्रक्रिया
- जनपद के दो तहसीलों के 28 गांवों की भूमि की गई है अधिग्रहित

**पीलीभीत, अमृत विचार।** बरेली-सितारगंज हाईवे का भूमि अधिग्रहण घोटाला सामने आने के बाद जिम्मेदारों ने पूरी सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। मुआवजा संबंधी फाइलों की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। वहीं भूमि अधिग्रहण घोटाला प्रकाश मे आने के बाद स्थानीय अफसर इस मामले से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि उनके माध्यम से केवल अधिग्रहित भूमि का ही मुआवजा दिया गया है। भूमि पर बनाए गए भवन आदि से संबंधित लोगों को मुआवजे पूर्व में मंडल स्तर से ही दिए गए थे। फिलहाल मामला जो भी हो, यदि इससे मामले में गहराई से जांच हुई तो कईयों की गर्दन फंस सकती है।

भूमि अधिग्रहण में जनपद के सदर एवं अमरिया तहसील के 28 गांवों की जमीन को शामिल किया गया है। अधिग्रहण एवं मुआवजा संबंधी कार्य गत वर्ष अक्टूबर माह तक बरेली स्थित कार्यालय से किया गया था। इसके बाद नवंबर 2023 में एसएलओ कार्यालय पीलीभीत में शिफ्ट कर दिया गया था। एसएलओ कार्यालय की जिम्मेदारी सिटी मजिस्ट्रेट को दी गई थी। तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सिंह द्वारा भूमि अधिग्रहण को लेकर आने वाले आवेदनों की फाइलों का सत्यापन कराया गया था। जिसके बाद यहां मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सिंह के स्थानांतरण के बाद विजय वर्धन तोमर ने चार्ज संभालने के बाद मुआवजा देने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

यहां अब तक सदर एवं अमरिया तहसील क्षेत्र के किसानों को 169 करोड़ का मुआवजा दिया जा चुका है। इधर, भूमि अधिग्रहण में घोटाले का मामला प्रकाश में आया है। भूमि अधिग्रहण को लेकर सर्वे कार्य वर्ष 2021 से शुरू किया गया था। बताते हैं कि सदर एवं अमरिया तहसील में हुए सर्वे के दौरान अधिक मुआवजा लेने के लिए आनन फानन में किसानों से जमीन खरीद कर उस पर रातोंरात भवन और टिनशेड खड़े करवा दिए गए और मुआवजे की मोटी रकम हड़प ली। ऐसे मामले जनपद के उगनपुर, हुसैन नगर, सरदारनगर आदि गांवों में प्रकाश में आए हैं, जहां कृषि और अकृषि भूमि पर भवन बनाकर मुआवजे के नाम पर मोटी रकम ली गई है।

बरेली-सितारगंज हाईवे के भूमि अधिग्रहण मामले को लेकर जांच चल रही है। इस मामले में आरोप लग रहे है कि कुछ जमीनों पर स्ट्रक्चर बनाए गए और बाद में पेमेंट ले लिया। जनपद में कृषि भूमि अधिग्रहण मामला ज्यादा है। स्ट्रक्चर संबंधी मामलों की जांच चल रही है। फिलहाल अब इससे संबंधित दस्तावेजों की गहनता से पड़ताल की जा रही है। **– विजय वर्धन तोमर**, सिटी मजिस्ट्रेट

## एक नजर

### किशोरियों के परिजनों ने जताई नाराजगी

**पूरनपुर,अमृत विचार :** थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांवों से दो किशारियां प्रेमी के साथ चली गई थीं। परिजनों की ओर से युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मंगलवार को पुलिस ने दोनों किशोरियों को बरामद कर लिया। जानकारी लगते ही उनके परिजन भी थाने पहुंच गए। पुलिस ने युवतियों से उनके परिजनों को नहीं मिलने दिया। परिवार वालों ने नाराजगी जताई।

### सड़क किनारे पलटी कार

**पूरनपुर।** मंगलवार दोपहर एक कार पूरनपुर से खुटार की ओर आ रही थी। पंजाब मैरिज पैलेस के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इसमें कार में सवार एक महिला और दो बच्चे फंस गए। चीखपुकार मचने पर राहगीरों ने उन्हें बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया।

### जेठापुर में बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जेठापुर के रामेश्वर दयाल बाइक से पूरनपुर जा रहे थे। हाइवे पर चीनीमिल के पास उनकी बाइक जादौंपुर गहलुइया के जुनैद की बाइक से भिड़ गई। हादसे में रामेश्वर दयाल, जुनैद और उनके साथ बैठे अब्दुल रहमान घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

## सार-संक्षेप

### भाकियू चढ़ूनी संगठन की जिला स्तरीय कमेटी गठित



**पूरनपुर।** मंगलवार को पीलीभीत हाइवे पर स्थित एक मैरिज हाल में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी का सदस्यता समारोह मंडल अध्यक्ष सुखजीत सिंह औलख के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान जिला स्तरीय कमेटी का विस्तार किया गया। जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह कहलों ने किसानों को सदस्यता ग्रहण कराई। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव भूपेंद्र सिंह गिल रहे। जोगा सिंह विर्क को जिला उपाध्यक्ष, बलराम सिंह जिला संगठन मंत्री, जगविंदर सिंह तहसील अध्यक्ष, पवनदीप सिंह तहसील प्रभारी कलीनगर, अमरीक सिंह जिला सचिव, त्रिलोचन सिंह को ब्लाक प्रभारी मनोनीत किया गया। सुखदीप सिंह, नवराज सिंह, नित्यानंद सिंह, सुकुमार, मनजीत सिंह, मकसूद खान, मो .जुनैद खान, बलराज सिंह] सुखबीर, रक्षपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### 19.42 लाख के सीसी रोड का लोकार्पण



पीलीभीत : राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने मंगलवार को मरौरी ब्लॉक के गांव मिसरन गौटिया पहुंचे और 19 .42 लाख के सीसी रोड का लोकार्पण किया। राज्यमंत्री ने कहा कि रोड के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में विशेष सुविधा मिलेगी। खासकर बारिश के दिनों में होने वाली जलभराव की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष हरिशंकर, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशाषी अभियंता इंजीनियर राजेश कुमार, जेई नरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। इसके अलावा राज्यमंत्री ने बरातबोझ गांव में पहुंचकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले की बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर शुरुआत कराई।

### रूपये के लालच में भाइयों पर हत्या का आरोप

**पूरनपुर, अमृत विचार :** जमीन बिक्री के रूपये के लालच में भाइयों ने पत्नी के साथ मिलकर एक युवक की हत्या कर डाली। साक्ष्य मिटाने के लिए उसका अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी लगने पर ससुराल वालों ने विरोध किया। कोर्ट के आदेश पर मृतक के भाइयों सहित छह के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई रिपोर्ट में गांव सिमरिया के रहने वाले राजू पुत्र जगदीश सिंह ने बताया कि अगस्त 2022 में उसने अपनी जमीन बिक्री की थी। जमीन बिक्री का रुपया राजू के पास था। आरोप है उसके भाइयों की नजर उसके रुपये पर थी। वह उसे हड़पना चाहते थे। दो दिसंबर 2022 को राजू के भाई अवतार सिंह पुत्र जगदीश सिंह, रानी पत्नी अवतार सिंह,बिल्लू पुत्र जगदीश सिंह, पाल कौर पत्नी बिल्लू सिंह ने परमजीत सिंह और उसकी पत्नी परमजीत कौर निवासी कटपुरा के साथ मिलकर राजू की लालच में हत्या कर दी। आरोप है साक्ष्य मिटाने के लिए राजू के लिए परिजनों ने रिश्तेदारों को बताएं बगैर उसके शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया। राजू की मौत की जानकारी जब उसके ससुर कश्मीर सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी नवादा श्यामपुर थाना जहानाबाद को लगी तो वह उसके घर पहुंचे। कश्मीर सिंह ने राजू के परिजनों का विरोध किया तो उन्होंने कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। कश्मीर सिंह ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इस पर वह कोर्ट की शरण में गए। कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर अब आरोपियों के खिलाफ करीब डेढ़ साल बाद हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

# महिला ने किसान सहायक के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर की ठगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने महिला समेत दो लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** एक बेरोजगार युवक से जनसेवा केंद्र संचालक और उसकी साथी महिला ने किसान सहायक के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया। इस पर पीड़ित की उनकी बातों में फंस गया और 30 हजार रुपये दे दिए। जब नौकरी नहीं लगी, तो रुपये वापस करने को कहा। लेकिन आरोपियों ने उसे धमकाना शुरु कर दिया। इस मामले में अब पुलिस ने जनसेवा केंद्र संचालक समेत दो पर रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला देश नगर निवासी अजय ने कोर्ट में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह वर्ष 2022 में रोजगार के लिए आवेदन करने क्षेत्र के ही एक जनसेवा केंद्र पर गया था। जहां महिला कर्मी क्षेत्र के ही मोहल्ला शिवनगर निवासी कर्मा राय उर्फ किरन ने उसे इंडियन हेल्थ एंड एग्रो संस्थान की ओर से कृषि विकास और मृदा परीक्षण कार्यक्रम के तहत किसान सहायक पद की नौकरी के बारे में जानकारी दी। लखीमपुर जनपद में नौकरी लगवा देने का विश्वास भी दिलाया। युवक उसके झांसे में आ गया। इसके बाद पता पूछकर उक्त महिला युवक के घर पहुंच गई और परिजनों को विश्वास दिलाकर 30 हजार रुपये भी ले लिए। दिसंबर 2022 तक नौकरी लग जाने का दावा किया गया। समय पूरा होने पर जब संपर्क किया तो उसने लखीमपुर निवासी अभिलाष गुप्ता के पास रुपये पहुंचाने की बात कही। संपर्क करने पर उक्त व्यक्ति भी टालमटोल करने लगा। आरोप है कि सात मार्च 2024 को युवक अपनी मां के साथ महिला के घर पहुंचा और रुपये की मांग की तो धमकी देकर भाग दिया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# पसगवां के स्कूल परिसर में करंट लगने से मजदूर की मौत

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** गांव पसगवां के प्राथमिक विद्यालय में निर्माणाधीन भवन की शटरिंग बिछाने के लिए बिजली सप्लाई लेने को पास तार जोड़ते वक्त मजदूर को करंट लग गया। जिसमें मजदूर की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि थाना क्षेत्र के गांव पसगवां के प्राथमिक विद्यालय पीएम श्री योजना के तहत चयनित है। जिसकी वजह से नवीन भवन निर्माण के लिए भारी बजट सरकार ने मुहैया कराया है। बताते हैं कि मौजूदा वक्त में विद्यालय परिसर में नई बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है। बताते हैं कि शटरिंग बिछाने को बिजली सप्लाई लेने के लिए पास से गुजरी हाई टेंशन लाइन में मजदूर लक्ष्मण सिंह तार जोड़ रहा था। कटिया डालते वक्त करंट की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि मजदूर थाना क्षेत्र के ही गांव गुलड़िया निवासी धनपाल सिंह का पुत्र लक्ष्मण सिंह (24) पिछले काफी दिनों से विद्यालय परिसर में हो रहे भवन निर्माण में मजदूरी कर रहा था। मजदूर लक्ष्मण सिंह की पत्नी ने पांच दिन पहले ही बेटी को जन्म दिया था। अभी नामकरण भी नहीं हो सका था कि उससे पहले ही उसके सिर से पिता का साया उठ गया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। उधर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### छुट्टा पशु का नहीं समाधान

**घुंघचिहाई :** ग्राम पंचायत कबीरपुर कसगंजा में छुट्टा पशुओं का आतंक बरकरार है। बीते सात दिन में छुट्टा पशु बुजुर्ग समेत चार लोगों को घायल कर चुके हैं। एक बुजुर्ग कालीचरण की मौत भी हो चुकी है। सचिव राहुल कनौजिया का कहना है कि ग्रामीणों के सहयोग से समस्या का समाधान कराया जाएगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई - निविदा सूचना संख्या : SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T08 Date-24.08.2024**

**खुली ई - निविदा :**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ''खुली'' ई निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.-1, कार्य का नामः** इज्जतनगर मंडल में 08 महीने की अवधि के लिए **MRT-CPA.KSJ-BTRI** एवं **BEM-BPR-PBE-TPU** खंडों में पीएसआई रखरखाव का कार्य। **टेंडर रिफरेंश नंः** SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T08, **कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 78,42,366.28, **अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी :** 1,56,900.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 17.09.2024, 11.00 बजे, **कार्य पूरा करने की अवधि :** 08 माह, **नोटः** 1. खुली ई-निविदा दिनांक **17.09.2024** को **11.00 बजे** तक जमा कर सकेंगे। **2.** पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी**
**मुजाधि/विद्युत-116** **इज्जतनगर**

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

## वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**ओरछी, अमृत विचार :** वाहन की टक्कर से घायल हुए साइकिल सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौंपा।

फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव तरक परौली निवासी अजय (22) पुत्र साहिब सिंह बेलदारी का काम करते थे। डेढ़ महीने पहले उनकी शादी हुई थी। 19 अगस्त की रात वह सीमावर्ती चंदौसी से काम करने के बाद साइकिल से वापस अपने गांव लौट रहे थे। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव परमानंदपुर के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। बाद में परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले गये। उसकी हालत में कोई सुधार नहीं होने पर परिजन उसे मुरादाबाद और बरेली के अस्पताल में भी भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान अजय की मौत हो गई।

# अब बिलहरी में बाघ की चहलकदमी से दहशत

संवाददाता,पूरनपुर

- सोमवार शाम फार्मर परमजीत के घर पर घूम रहा था बाघ
- ग्रामीणों ने मचाया शोर तो गन्ने के खेत में घुस गया बाघ

**अमृत विचार:** नवदिया मुजप्ता के बाद अब बिलहरी के पास बाघ खेतों में विचरण करते देखा गया। निराई कर रहे मजदूरों का बाघ को देखकर पसीना छूट गया। धान के खेतों से निकलकर बाघ गन्ने के खेत में चला गया।

बीते रविवार को थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव नवदिया मुजप्ता के रहने वाले मुनीश पर बाघ ने घास काटते समय हमला कर दिया था। बाघ के हमले के बाद ग्रामीणें में भय बना हुआ है। हरीपुर रेंज की टीम अभी निगरानी में लगी हुई है। इस बीच गांव बिलहरी के पास सोमवार शाम बाघ की चहलकदमी देखी गई। फार्मर परमजीत सिंह के घरके पास मजदूर खेत में निराई कर रहे थे। इस दौरान पड़ोसी फार्मर के घर के पास बाघ धानके खेतों में घूमता दिखाई दिया। बाघ को देखकर खेतों में काम कर रहे मजदूर घबरा गए। उन्होंने शोर शराबा किया। कुछ देर बाद बाघ गन्ने के खेत मे घुस गया। जानकारी लगते ही क्षेत्र में दहशत फैल गई। खेत में पर काम करने वाले लोगों में भय देख जा रहा है।

### बाघ ने छुट्टा पशु को बनाया निवाला

**घुंघचिहाई।** कॉलोनी नंबर नौ में नदी के किनारे माला रेंज के जंगल से कुछ भीतर छुट्टा पशु का अधखाया शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की नजर पड़ी तो बाघ के हमले का शोर मच गया। ग्रामीण बाघ की दस्तक से घबराकर वापस आ गए और वन विभाग को सूचना दी। टीम ने पहुंचकर पड़ताल की। हालांकि बाघ वहां से शिकार कर जा चुका था। वन दरोगा प्रकाश वीर ने बताया कि छुट्टा पशु का शिकार करने वाला बाघ अब बानगंज की ओर चला गया है। ग्रामीणों को अलर्ट कर दिया है।

### विधायक ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**बरखेडा, अमृत विचार :** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर मंगलवार को कार्यशाला हुई। एक बरात घर में हुई कार्यशाला में मुख्य अतिथि विधायक स्वामी प्रवक्ता नन्द रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं में सदस्यता अभियान को लेकर प्रबल ऊर्जा का संचार किया। बरखेड़ा मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता उर्फ पप्पन, विधान सभा आईटी संयोजक व मंच संचालक हरिओम शर्मा, मंडल महामंत्री वीरेंद्र कुमार शर्मा, नगर पंचायत के अध्यक्ष चेयरमैन श्याम विहारी भोजवाल, चंद्रपाल दिवाकर, मंडल उपाध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव, मंडल मंत्री मदनलाल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## किशोरी को ले जाने में युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**पूरनपुर,अमृत विचार :** थाना हजारा क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले ग्रामीण ने बताया कि सोमवार की रात उसकी किशोरी को गांव का ही युवक अजय मौर्या अपने साथी समीर मौर्य के सहयोग से बहला फुसलाकर ले गया।

पुलिस ने शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी परमेंद्र कुमार ने बताया कि लड़की को ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भमोरा वि.ख. फतेहगंज (प.) बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पं. भमोरा की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदायें 30.08.2024 तक ग्रा.पं. कार्यालय पर अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन 30.08.2024 को ग्रा.पं. अध्यक्ष महोदय/प्रधान एवं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कालीचरन के घर से वीरेश के घर तक सीसी नाली निर्माण | रू. 287465 | रू. 2874 | मनरेगा |
| 2. | गौतम के घर से मेन रोड तक सीसी नाली निर्माण कार्य | रू. 281132 | रू. 2811 | मनरेगा |
| 3. | शिशुपाल का पशु शैड | रू. 142480 | रू. 1424 | मनरेगा |
| 4. | अनोखे लाल का पशु शैड | रू. 142480 | रू. 1424 | मनरेगा |
| 5. | जगदेई का पशु शैड | रू. 142480 | रू. 1424 | मनरेगा |
| 6. | शंकरलाल का पशु शैड | रू. 142480 | रू. 1424 | मनरेगा |
| 7. | भूपराम का पशु शैड | रू. 142480 | रू. 1424 | मनरेगा |

नियम व शर्ते :- (1) निविदादाता निविदा के साथ पैन नं. छायाप्रति आवश्यक रूप से संलग्न करेंगे। (2) समस्त सामग्री आर.ई.डी./पी.डब्लू.डी. के अनुसार आपूर्ति की जायेगी। (3) निविदादाताओं को सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करनी होगी। जिसका अलग से कोई भी भाड़ा देय नहीं होगा। (4) किसी भी समय निविदा ग्राम पंचायत द्वारा निरस्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-श्रीमती रेखा शर्मा** **सचिव-श्री पुष्पेन्द्र कुमार गंगवार**

## पप्पू पहलवान ने बहादुरगढ़ के राहुल को किया चित

**सीबीगंज (बरेली), अमृत विचार:** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर गांव जौहरपुर में दो दिवसीय मेले में दंगल में पहलवानों ने अपना दम दिखाया। पहली कुश्ती में पीलीभीत के पप्पू पहलवान ने बहादुरगढ़ के राहुल को पटखनी देकर जीत हासिल की। जाट सेंटर के जतिन पहलवान और गुलाब अखाड़ा की कुश्ती बराबर रही। दंगल में कासगंज, मझोला, शाहजहांपुर और बरेली के पहलवानों ने भाग लिया। गुलाब अखाड़ा के अयूब और जाट सेंटर के सोनू के बीच हुई कुश्ती बराबर रही। एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, विधायक डीसी वर्मा, पार्षद बेदराम मौर्य, रचित, धर्मवीर, अशोक आहूजा, दयाशंकर साहू आदि उपस्थित रहे।

# कबड्डी में दिखाया दम, अब बदायूं में खेलेंगे मंडल स्तरीय प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गांधी स्टेडियम ग्राउंड पर हुई जिला स्तरीय विद्यालय कबड्डी
- बालक और बालिका वर्ग में कई स्कूलों की टीमों ने किया प्रतिभाग



कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला स्तरीय विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता अंडर-19, अंडर 17, अंडर 14 बालक व बालिका वर्ग का आयोजन एसएन इंटर कॉलेज , वीरांगना अवंती बाई जिला पंचायत इंटर कॉलेज पीलीभीत की ओर से गांधी स्टेडियम ग्राउंड पर कराया गया। जिसमें बालिका वर्ग में अंगूरी देवी वीरांगना अवंती बाई, एसएन इंटर कॉलेज, सीएंडजे कलीनगर, कंपोजिट विद्यालय डोरीलाल, ज्ञान प्रशांत स्कूल की टीमों ने भाग लिया।

बालक वर्ग में गांधी स्मारक इंटर कॉलेज बिलसंडा, नत्थादेवी स्मारक इंटर कॉलेज रूपपुरकृपा, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बीसलपुर, राम इंटर कॉलेज पीलीभीत, एसएन इंटर कॉलेज, पीआईसी पूरनपुर, सीएंडजे कलीनगर, सरदार वल्लभभाई पटेल अमरा करोड़, एसआरएम इंटर कॉलेज बीसलपुर, कंपोजिट विद्यालय नगर क्षेत्र डोरीलाल भीमसेन आदि स्कूलों की टीम शामिल हुई। इसकी शुरुआत ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार, जिला कीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके की। बालिका वर्ग अंडर-19 के फाइनल में वीरांगना अवंती बाई इंटर कॉलेज ने अंगूरी देवी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज को 17-12 से पराजित कर जीत दर्ज की। अंडर -17 बालिका वर्ग में अंगूरी देवी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज को एसएन इंटर कॉलेज ने 23-10 से पराजित किया। अंडर 14 में कंपोजिट विद्यालय भीमसेन पीलीभीत को कोई अन्य टीम ना आने कारण विजेता घोषित किया गया। बालक वर्ग अंडर-19 सीनियर वर्ग में एसएन इंटर कॉलेज ने 30 - 27 से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बीसलपुर को हराया। अंडर 17 में सरस्वती विद्या मंदिर बीसलपुर की टीम ने सीएंडजे कलीनगर को 24-17 से हराया। अंडर 14 में कोई अन्य टीम ना आने के कारण कंपोजिट विद्यालय डोरीलाल भीमसेन पीलीभीत की टीम को विजेता घोषित किया गया। जिला क्रीड़ा सचिव राजेश शुक्ला ने बताया कि चयनित वर्गो की टीमें दो सितंबर से बदायूं जनपद में होने वाली मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। जिनका चयन हुआ है वह अपना पात्रता प्रमाण पत्र एसएन इंटर कॉलेज के शिक्षक यासीन अहमद खां के पास जमा कर दें। इस मौके पर ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के उपप्रधानाचार्य लोकेश गंगवार, आरपी गंगवार, संजय सरकार, प्रशांत शुक्ला, संजीव सिंह, शिवम कुमार, त्रिमोहन, अमित वर्मा ,राजीव मिश्रा, विभा मिश्रा, विजय लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत उखरी विकासखंड खुदागंज**

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2024-25 की कार्ययाजनानुसार पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खडण्जा नवनिर्माण/खडण्जा मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत प्राथमिक विद्यालय जूनियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवाल, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ईरिक्शा ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, ईट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैट्रिक , दरी, अलमारी, सोलर पैनल, बैटरी, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सैनेटाइजिंग, फॉगिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं कीआपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें दिनांक 28.08.2024 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 03.09.2024 समय 4:00 बजे खोली जायेगी । निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**शिव कुमार सिंह (ग्राम प्रधान)** **अशोक कुमार गंगवार (सचिव)**

तत्कर्म यत्र बंधाय सा विद्या सा विमुक्तये।
आयासायापर कर्म विद्यानय शिल्पनैपुणम्।।

कर्म वही है जो बंधन का कारण न हो और विद्या भी वही है जो मुक्ति की साधिका हो। इसके अतिरिक्त और कर्म तो परिश्रमरूप तथा अन्य विधाएं कला कौशल मात्र ही हैं।

## संपादकीय

# मानवीय समर्थन की सराहना

आज वैश्विक समुदाय जिन महत्वपूर्ण मुद्दों का सामना कर रहा है, उनमें भारत प्रमुख स्थान रखता है। भारत ने कुशलता से अमेरिका-रूस संबंधों के खराब दौर में भी खुद को सुरक्षित रखा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात की और यूक्रेन के लिए शांति के संदेश एवं मानवीय समर्थन के लिए उनकी सराहना की। दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि में योगदान देने के लिए क्वाड जैसे क्षेत्रीय समूहों सहित अन्य मंचों के जरिये मिलकर काम करने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया। यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा को कूटनीतिक संतुलन बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। इससे पहले बाइडन प्रशासन ने पिछले महीने उनकी रूस यात्रा की आलोचना की थी और कई पश्चिमी देशों ने इस पर नाराजगी जताई थी। बाइडेन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि में योगदान देने के लिए भारत और अमेरिका के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की। साफ है कि बाइडेन अपनी कूटनीति की धार हिंद-प्रशांत में तेज करना चाहते हैं।

रूस ने 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर हमला किया था। तब से दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है। संयुक्त राष्ट्र ने 10,000 से अधिक नागरिकों की मौत की पुष्टि की है, लेकिन वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं अधिक होने की संभावना है। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कहा था कि यूक्रेन और रूस को युद्ध समाप्त करने के लिए एक साथ बैठना चाहिए और भारत शांति बहाल करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। भारत एक ऐसा देश है जो वैश्विक राजनीति के शीर्ष पर पहुंचने की कोशिश कर रहा है, भले ही उसे इसके लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हो। यूक्रेन की यात्रा पश्चिम और पश्चिम से बाहर सभी को यह दिखाने की रणनीति का हिस्सा रही कि भारत सभी से बात करने के लिए तैयार है। यह देखना महत्वपूर्ण है अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली में भारत की उभरती भूमिका, वैश्विक व्यवस्था की मजबूती और स्थायित्व में भारत के बढ़ते योगदान को किस तरह से देखा जा रहा है? अमेरिका को ये एहसास हो गया है कि बढ़ते हुए चीन का मुकाबला करने के लिए भारत के साथ सहयोग में बढ़ोतरी आवश्यक है क्योंकि चीन पहले से ही क्षेत्रीय स्तर पर और उसके आगे अपने महत्वपूर्ण आर्थिक और राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर रहा है। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों की सामरिक स्थिति इन सवालों पर विचार करने के लिए एक नजर प्रदान करती है।

# बाजार में खेल, खेल का बाजार



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

कुछ दशक पहले तक स्कूलों में राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज जैसे आयोजन होते थे, जिसमें दौड़, लंबी कूद, चक्का फेंक जैसी प्रतियोगिताओं में बच्चों को प्रमाण पत्र व 'सितारे' मिलते थे। वे प्रतियोगिताएं स्कूल स्तर, फिर जिला स्तर और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर तक होती थीं।

यह कटु सत्य है कि विजेता खिलाड़ियों पर जिस तरह से लोग पैसा लुटाते हैं असल में यह उनका खेल के प्रति प्रेम या खिलाड़ी के प्रति सम्मान नहीं होता, यह तो महज बाजार में आए एक नए नाम पर निवेश होता है। क्रिकेट की बानगी सामने है, जिसमें ट्रेनिंग से लेकर आगे तक कारपोरेट घरानों का सहयोग व संलिप्तता है। हमारे यहां बच्चों के लिए, शिक्षा के लिए किए जा रहे काम को जिम्मेदारी से ज्यादा धर्मार्थ का काम माना जाता है और तभी स्कूलों, हॉस्टल, खेल मैदान, खिलाड़ियों की दुर्गति, स्कूली टूर्नामेंट स्तर पर खिलाड़ियों को ठीक से खाना तक नहीं मिलना जैसी बातों को बहुत गंभीरता से नहीं लिया जाता। हुक्मरान समझते हैं कि ''इतना कर दिया वह कम है क्या''।

यह हर बार होता है कि जब ओलंपिक या कोई अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धा समाप्त होती हैं और भारत के खिलाड़ी अपेक्षा से बहुत कम सफलता के बाद लौटते हैं तो आलोचना, व्यंग्य, व्यवस्था में सुधार की मांग और सुझाव का एक हफ्ते का दौर चलता है और फिर सब कुछ पुराने ढर्रे पर आ जाता है। खिलाड़ी को न सुविधा, न सम्मान, जो सफल होकर आए उन्हें झोली भर-भर कर पुरस्कार और व्यावसायिक विज्ञापन भी, लेकिन सफलता पाने को मेहनत करने वालों को न्यूनतम सहयोग भी नहीं। सफल खिलाड़ी व तैयारी कर रहे प्रतिभावान खिलाड़ी के बीच की इस असीम दूरी की कई घटनाएं आए रोज सामने आती हैं। उसके बाद वही संकल्प दुहराया जाता है कि ''कैच देम यंग'' और फिर वही खेल का 'खेल' शुरू हो जाता है।

एरिक प्रभाकर! यह नाम कई के लिए नया हो सकता है, लेकिन अगर आप भारतीय ओलंपिक के इतिहास को खंगालेंगे तो इस नाम से भी परिचित हो जाएंगे। 23 फरवरी 1925 को जन्में प्रभाकर ने 1948 में लंदन ओलंपिक में भारत की तरफ से 100 मीटर फर्राटा दौड़ में हिस्सा लिया था। उन्होंने 11.00 सेकेंड का समय निकाला और क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। महज शुरू दशमलव तीन सेकेंड से वे पदक के लिए रह गए थे। हालांकि सन 1944 में वे 100 मीटर के लिए 10.8 सेकंड का बड़ा रिकार्ड बना चुके थे। वे सन 1942 से 48 तक लगातार छह साल 100 व 400 मीटर दौड के राष्ट्रीय चैंपियन रहे थे। उस दौर में अर्थशास्त्र में एमए, वह भी गोल्ड मेडल के साथ, फिर आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए रोड्स फेलोशिप पाने वाले पहले भारतीय, यही नहीं आजाद भारत की पहली आईएएस में चयनित श्री एरिक प्रभाकर की किताब 'द वे टु एथलेटिक्स गोल्ड' सन 1994 में आई थी व बाद में उसका हिंदी व कई अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद नेशनल बुक ट्रस्ट ने छापा।

काश हमारे खेल महकमे में से किसी जिम्मेदार ने उस पुस्तक को पढ़ लिया होता। उन्होंने बहुत बारीकी से और वैज्ञानिक तरीके से समझाया है कि भारत में किस तरह से सफल एथलीट तैयार किए जा सकते हैं। उन्होंने इसमें भौगोलिक स्थिति, खानपान चोटों से बचने आदि के बारे में भी अच्छी तरह से बताया है। भारतीय खेलों के कर्ताधर्ताओं हो सके तो कभी यह किताब पढ़कर उसमें दिए गए उपायों पर अमल करने की कोशिश करना। यदि वह पुस्तक हर खिलाड़ी, हर कोच, प्रत्येक खेल संघ के सदस्यों को पढ़ने और उस पर ईमानदारी से मनन करने को दी जाए तो मैं गारंटी से कह सकता हूं कि परिणाम अच्छे निकलेंगे।


कुछ दशक पहले तक स्कूलों में राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज जैसे आयोजन होते थे, जिसमें दौड़, लंबी कूद, चक्का फेंक जैसी प्रतियोगिताओं में बच्चों को प्रमाण पत्र व 'सितारे' मिलते थे। वे प्रतियोगिताएं स्कूल स्तर, फिर जिला स्तर और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर तक होती थीं। तब निजी स्कूल हुआ नहीं करते थे या बहुत कम थे और कई बार स्कूली स्तर पर राष्ट्रीय रिकार्ड के करीब पहुंचने वाली प्रतिभाएं भी सामने आती थीं, जिनमें से कई आगे जाते थे। ऐसी प्रतिभा खोज की नियमित पद्धति अब हमारे यहां बची नहीं है, लेकिन चीन, जापान के अनुभव बानगी हैं कि ''केच देम यंग'' का अर्थ है कि सात-आठ साल से कड़ा परिश्रम, सपनों का रंग और तकनीक सिखाना। चीन की राजधानी बेइपिंग में ओलंपिक के लिए बनाया गया 'बर्डनेस्ट स्टेडियम' का बाहरी हिस्सा पर्यटकों के लिए है, लेकिन उसके भीतर सुबह छह बजे से आठ से दस साल की बच्चियां दिख जाती हैं। वहां स्कूलों में खिलाड़ी बच्चों के लिए शिक्षा की अलग व्यवस्था होती है, ताकि उन पर परीक्षा जैसा दवाब न हो। जबकि दिल्ली में स्टेडियम में सरकारी कार्यालय व सचिवालय चलते हैं। कहीं शादियां होती हैं। महानगरों के सुरसामुखी विस्तार, नगरों के महानगर बनने की लालसा, कस्बों के शहर बनने की दौड़ और गांवों के कस्बे बनने की होड़ में मैदान, तालाब, नदी बच नहीं रहे हैं, जहां स्वाभाविक खिलाड़ी उन्मुक्त प्रेक्टिस किया करते थे। मैदान कंक्रीट के जंगल के उदरस्थ हुए तो खेल का मुकाम क्लब या स्टेडियम में तब्दील हो गया। वहां जाना, वहां की सुविधाओं का इस्तेमाल करना आमोखास के बस की बात होता नहीं। फिर खेल एशोसिएसन की राजनीति तो है ही। हाल के पेरिस ओलंपिक में ऐसे राज्यों से भी दो-दो लोग गए, जहां से कोई खिलाड़ी ही नहीं गया। सैंकड़ाभर से ज्यादा गैर खिलाड़ियों के दल ने कर दिया है। यह कटु सत्य है कि विजेता खिलाड़ियों पर जिस तरह से लोग पैसा लुटाते हैं असल में यह उनका खेल के प्रति प्रेम या खिलाड़ी के प्रति सम्मान नहीं होता, यह तो महज बाजार में आए एक नए नाम पर निवेश होता है। क्रिकेट की बानगी सामने है, जिसमें ट्रैनिंग से लेकर आगे तक कारपोरेट घरानों का सहयोग व संलिप्तता है। हमारे यहां बच्चों के लिए, शिक्षा के लिए किए जा रहे काम को जिम्मेदारी से ज्यादा धर्मार्थ का काम माना जाता है और तभी स्कूलों, हॉस्टल, खेल मैदान, खिलाड़ियों की दुर्गति, स्कूली टूर्नामेंट स्तर पर खिलाड़ियों को ठीक से खाना तक नहीं मिलना जैसी बातों को बहुत गंभीरता से नहीं लिया जाता। हुक्मरान समझते हैं कि ''इतना कर दिया वह कम है क्या''। मुल्क का हर बच्चा भलीभांति विकसित हो, शिक्षित हो, उसकी प्रतिभा को निखरने का हरसंभव परिवेश मिले, यह देश के लिए अनिवार्य है, न कि इसके लिए किए जा रहे सरकारी बजट का व्यय या कोई दया। यह भाव जब तक पूरी मशीनरी में विकसित नहीं होगा, हम बालपन में उर्जावान, उदीयमान और उच्च महत्वाकांक्षा वाले बच्चों को सही ऊंचाई तक नहीं ले जा पाएंगे। अब समाज को ही अपनी प्रतिभाओं को तलाशने, तराशने का काम अपने जिम्मे लेना होगा। किस इलाके की जलवायु कैसी है और वहां किस तरह के खिलाड़ी तैयार हो सकते हैं इस पर वैज्ञानिक तरीके से काम हो। जैसे कि समुद्र के किनारे वाले इलाकों में दौड़ने का स्वाभाविक प्रभाव होता है। पूर्वोत्तर में शरीर का लचीलापन है तो वहां जिम्नास्टिक, मुक्केबाजी पर काम हो। झारखंड व पंजाब में हाकी। ऐसे ही इलाकों का नक्शा बनाकर प्रतिभाओं को उभारने का काम हो।

जिला स्तर पर समाज के लोगों की समितियां, स्थानीय व्यापारी और खेल प्रेमी ऐसे लोगों को तलाशे। इंटरनेट की मदद से उनके रिकार्ड को आंकड़ों के साथ प्रचारित करें। हर जिला स्तर पर अच्छे एथलेटिक्स के नाम सामने होना चाहिए। वे किन प्रतिस्पर्द्धाओं में जाएं उसकी जानकारी व तैयारी का जिम्मा जिला खेल कमेटियों का हो। बच्चों को संतुलित आहार, खेलने का, माहौल, उपकरण मिलें, इसकी पारदर्शी व्यवस्था हो और उसमें स्थानीय व्यापार समूहों से सहयोग लिया जाए। सरकार किसी के दरवाजे जाने से रही, लोगों को ही ऐसे खिलाड़ियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाने के प्रयास करने होंगे। सबसे बड़ी बात जहां कहीं भी बाल प्रतिभा की अनदेखी होती दिखे, उसके खिलाफ जोर से आवाज उठानी होगी।

## प्रसंगवश

# नारायण का नर रूप

धर्मगत नीति और नीतिगत धर्म के अनेक उदाहरण महाभारत में है, जिसे कृष्ण ने समाज और व्यक्ति का मार्गदर्शन किया। एक महत्वपूर्ण प्रसंग अश्वत्थामा के मणिहरण के पश्चात उन्हें छुड़ा देना और युगों तक प्रायश्चित करने के लिए बाध्य होना भी है। कृष्ण ने अपने धर्मपरायणता की परीक्षा भी दी।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

मृत बालक के रूप में जन्मे परीक्षित को जीवित करने के लिए उन्होंने अपने धर्म को दांव पर लगाते हुए उद्घोषित किया कि यदि मैंने आजन्म कभी धर्म का व सत्य का अतिक्रमण न किया हो तो यह बालक जी उठे। कृष्ण ने परीक्षित के जीवन के लिए अपना सत्य और धर्म न्यौछावर कर दिया। महाभारत के युद्ध में मोहग्रस्त पार्थ के सारथी के रूप में आत्मा की अमरता एवं निष्काम कर्मयोग का ऐसा पाठ पढ़ाया की गीता ऐसा कालजयी ग्रंथ बन जाता है, जो हर काल में प्रतिक्षण महाभारत में जूझते मानव के लिए मार्गदर्शक हो जाता है। परमात्मा होकर भी यज्ञ का ऐसा विनयी पुरुष जो अतिथियों का पादप्रक्षालन चुनता है। कर्षण करने वाला कृष्ण समूचे युग का चित खींचता रहता है, क्योंकि वह परात्पर तत्व है- कृष्णात्परं किमपि तत्वमहं न जाने। यह मधुसूदन सरस्वती का उपदेश अपने भक्तों के लिए है, जिनके बारे में कहा जाता है, उन्हें कृष्ण का साक्षात्कार हुआ था, इसका अर्थ है कि श्रीकृष्ण से परे कोई तत्व है यह मैं नहीं जानता।

गीता में कृष्ण ने कहा मैं समासों में द्वंद्व समास हूं, जो दो अलग-अलग संज्ञाओं को संयुक्त करने वाला है, जो विपरीत ध्रुवों, विपरीत आवेशों को जोड़कर एक अन्य संभावना विकसित कर देता है। वस्तुतः कृष्ण तत्व पदार्थ को प्राण से तथा जीव को जगत से जोड़ता है। ऋग्वेद में एक मंत्रदृष्टा ऋषि के रूप में कृष्ण का उल्लेख कई मंत्रों में मिलता है, जिसे अंगिरस कृष्ण कहा गया है। छान्दोग्य उपनिषद् में इस ऋषि को देवकी नंदन कृष्ण के साथ जोड़ा जाता है। ऋग्वेद के मंत्रों में राधा और ब्रज का भी उल्लेख मिलता है। समाजवादी चिंतक डा राममनोहर लोहिया की दृष्टि में कृष्ण ऐसे महानायक हैं, जिन्होंने भारत में पूर्वऔर पश्चिम की संस्कृति और राजनीती का एकीकरण किया। देश की एकता अखंडता के लिए तमाम सत्ताकेंद्रों को ध्वस्त करके एक सत्ताकेंद्र कुरु में स्थापित किया द्वारिका में नहीं।

# भारत के प्राचीन साहित्य में चंद्रमा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सूर्य-चंद्र नाम के दो दानव भी थे। यह ठीक है कि चंद्रमा एक ग्रह पिंड है और उसका एक नाम सोम भी है। आठ वसुओं में सोम नाम का भी एक वसु था।

विश्व में प्रत्येक मानव समुदाय ने अपने सामाजिक मूल्यों की मर्यादा के लिए एक ईश्वर वाणी की प्रतिष्ठा की है। वह वेद और गीता हो या कुरान और बाइबिल हो, अवेस्ता हो अथवा गुरुग्रंथ साहब हो। ईश्वर वाणी का अर्थ है, शाश्वत और पूर्ण की वाणी। पूर्ण और शाश्वत क्या है, इसे मनुष्य अभी भी नहीं जान सका है। किसी दिन जान सकेगा, इस भावना का नाम आशा है। पूर्ण और शाश्वत को हम नहीं जानते, किंतु पूर्ण और शाश्वत की अवधारणा मनुष्य ने अवश्य विकसित की है। जब हम किसी ग्रंथ को शाश्वत और पूर्ण मान लेते हैं, तब यह कल्पना करना बहुत स्वाभाविक है कि वह ज्ञान पूर्ण और शाश्वत है। वेदों में विज्ञान था, यह उतना ही सच है, जितना यह कि हमारा पुरखा बीज-पुरुष था और हम उसकी संतान हैं, मनुष्यता की समस्त संभावनाएं उस बीज में थीं और हैं। वेद आदि शास्त्रों में चन्द्रमा का भी वर्णन है।

सबसे पहली बात यह कि अज्ञात की पहचान ज्ञात बिंबों से की जाती है। आकाश की पहचान धरती के बिंबों के आधार पर की गई है। आकाश के ग्रह नक्षत्रों का नामकरण धरती पर मनुष्य के परिवेश और जीवन के आधार पर हुआ है। उदाहरण के लिए राशियों के नाम मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ मीन। भेड़ से लेकर मछली तक के ये सारे बिंब धरती के हैं। सत्ताईस नक्षत्रों के नामकरण रोहिणी इत्यादि तथा सूर्य-चंद्र आदि ग्रहों के नामकरण भी धरती के उन लोगों के नाम के आधार पर हुए, जैसे उत्तर दिशा में ध्रुव है तो ध्रुव एक राजा था, उत्तानपाद का बेटा, जिसने अपनी बाल्यावस्था में बहुत कठिन तपस्या की थी। किस प्रकार से विमाता के द्वारा उसका तिरस्कार हुआ और वह घर से निकल पड़ा, मधुबन में जाकर उसे नारद मिले, नारद की प्रेरणा से उसने साधना की। इसी प्रकार से सात ऋषियों के नाम पर उन सात नक्षत्रों का नामकरण हुआ, जिसमें एक छोटा तारा अरुंधति के नाम का भी है। इसी प्रकार एक त्रिशंकु राजा था और दूसरे दूसरे जो राजा अथवा ऋषि थे उनके नाम के आधार पर आकाश के ज्योति-पिंडों का नामकरण किया गया। देवगुरु वृहस्पति तथा दैत्य गुरु शुक्राचार्य के नाम पर भी ग्रहों के नाम हैं। यहां यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो जाती है कि आकाश के ज्योतिपिंडों के नाम हैं, वे आकाश के नाम बाद में हैं, पहले वे धरती के नाम हैं, क्योंकि अज्ञात की व्याख्या ज्ञात से की जाती है तो सूर्य और चंद्रमा नाम भी पहले धरती के हैं। प्राचीन भारतीय साहित्य में चंद्रमा नाम के कई पात्र या चरित्र मिलते हैं।

सूर्य-चंद्र नाम के दो दानव भी थे। यह ठीक है कि चंद्रमा एक ग्रह पिंड है और उसका एक नाम सोम भी है। आठ वसुओं में सोम नाम का भी एक वसु था। सोम एक लता का भी नाम है। चंद्रमा अत्रि का बेटा था एक ऋषि था और समुद्र के मंथन से प्राप्त एक रत्न का नाम भी चंद्रमणि था। वैसे भारत में चंद्र नाम से पर्वत, नदी और सरोवरों के नाम भी मिलते हैं। चंद्रमा देवता तो है ही, प्रकृति के सभी करण और उपकरण देव माने गये थे- वायु, अग्नि, जल आदि। आकाश की खोज करने वाले जो ऋषि मुनि थे, उन्होंने जो भी साधन उस समय उपलब्ध थे, उनके आधार पर खगोल गणित का विकास किया था और उन्होंने जो गणित आविष्कृत की, वह आज भी अप्रामाणिक सिद्ध नहीं हो सकी है। उनकी जो काल-गणना है, वह ग्रह-नक्षत्र की गति के आधार पर ही की गई थी, जिसे पंचांग कहा जाता है। वाराह मिहिर, आर्यभट्ट, महर्षि पराशर, भास्कराचार्य, कमलाकर भट्ट, कश्यप, देवल गर्ग गणेश दैवज्ञ आदि बहुत से ऋषियों के नाम मिलते हैं, जो ग्रह-गति के जानकार थे।

वाराही-संहिता में उल्लेख मिलता है कि आकाशीय चंद्रमा का धरातल सूर्य की आभा से आधा प्रकाशित होता है और आधा छाया में होने के कारण अंधकार में रहता है। सिद्धांतकारों ने अपनी बात समझाने के लिए धूप में रखे हुए घड़े का उपमान दिया है, चंद्रमा के आधे भाग को अंधकार में बताने के लिए यह भी कहा कि बाहर रखे हुए शीशे से प्रतिबिंबित होकर सूर्य की किरणें भीतर किसी अंधेरी कोठी को प्रकाशित करती हैं, इसी तरह चंद्रमा से प्रतिक्षिप्त सूर्य की मूर्छित किरणें रात्रि में भूमि पर चांदनी बिखेरती हैं। अपने अनुमान के आधार पर ज्योतिर्विदों ने कहा था कि चंद्रमा के अनेक वर्ण हैं, उसको भस्म के समान वर्ण वाला, रूक्ष वर्ण वाला, किरण-हीन तथा श्यामवर्ण बतलाया गया हैं। भारतीय खगोलविदों ने उस जमाने के माप-योजन के आधार पर दूरी का भी अनुमान किया था। उन ऋषियों ने समुद्र में उठने वाली ऊंची-ऊंची तरंगों के साथ चंद्रमा की गति के संबंध को लक्षित किया था। चन्द्रमा की सुंदरता और आल्हादकता से मुग्ध होकर उन्होंने कहा -चंद्रमा मनसो जातः।

## सोशल फोरम

# जनरल बोगी और क्रीमी लेयर

अगर आपने कभी ट्रेन की जनरल बोगी में सफर किया होगा तो ही आप समझ सकते हैं कि ये सफर कैसे किया जाता है। जनरल बोगी में घुसने के लिए कोई जरा सी भी जगह देने को तैयार नहीं होता, लेकिन आप भी पूरी तैयारी के साथ आए रहते हैं। किसी तरह धक्का-मुक्की कर जगह बनाते हुए आप दरवाजे के करीब खड़े होने लायक गुंजाइश निकाल लेते हैं या फिर आपातकालीन खिड़की के रास्ते सीधे प्रवेश पा ही लेते हैं।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

ट्रेन चल पड़ती है। अब जिस सीट पर तीन लोगों की जगह है, वहां लोग जबरदस्ती जगह बनाते हुए छह सात की गुंजाइश निकाल ही लेते हैं। इतना सब करने के दौरान आपको ये ताना सुनने को जरूर मिलता है कि क्या भाई आप तो सर पर ही चढ़े आ रहे हो। आप किसी तरह चिरौरी करते हुए बस थोड़ा सा सरकने का अनुरोध करते-करते अपने लिए जगह बना ही लेते हैं। अब यहां तक तो सब ठीक होता है। जहां थोड़ी देर पहले तक आप पहले से चढ़े लोगों के लिए बाहरी थे, विजातिय थे। वहीं ट्रेन चलने के थोड़ी देर के वार्तालाप के बाद आप स्वजातीय हो जाते हैं। यानी आप अब उस बोगी के समूह द्वारा स्वीकार किए जा चुके हैं। अब आप भी बोगी के भीतर के समूह का ही एक हिस्सा हो चुके हैं। अब अगले स्टेशन पर फिर वही स्थिति उत्पन्न होती है। अब कोई नया व्यक्ति ट्रेन में घुसने के लिए पूरा जोर लगा रहा है और भीड़ उसे जगह नहीं दे रही है। हो सकता है कि वो नया व्यक्ति अंदर घुस आपसे सीट मांगे आपसे थोड़ी चिरौरी करे। तब ये पक्का है कि आप भी वही पुराना डॉयलाग मारेंगे।

अब आप इस ट्रेन की बोगी की तुलना एससी, एसटी पर सुप्रीम कोर्ट के क्रीमी लेयर वाले निर्णय से कीजिए। बोगी के अंदर बैठे लोग क्रीमी लेयर वाले हैं और जमीन पर बैठे या घुसने के लिए संघर्ष करने वाले। आंकड़ों के अनुसार देश मे एससी, एसटी की कुल जातियों में में कुछ को ही आरक्षण का लाभ मिला है। बाकी अधिकतर इससे वंचित हैं, लेकिन समस्या ये है कि वंचितों को हक उनके अपने बंधु ही नहीं देना चाहते।

-फेसबुक वॉल से

# उत्सवधर्मिता भारत की सनातन परंपरा के प्रतीक श्रीकृष्ण

कृष्ण का मतलब है, जो चराचर जगत के सभी प्राणियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसलिए सृष्टि का कण-कण कृष्ण की ओर आकर्षित होता है। कृष्ण अकेले हैं, जो सोलह कलाओं से परिपूर्ण परमपुरुष हैं, इसलिए सृष्टि के समस्त रूप-रंग और आकार-प्रकार कृष्ण में समाए हुए हैं। सनातन संस्कृति की अवतारी परपंरा में कृष्ण अकेले हैं, जो दुखों के महासागर में हंसते-गाते-नाचते द्वीप की तरह हैं। उत्सवधर्मिता भारत की सनातन परंपरा है, उत्सव भारतीय जनमानस की जीवनशैली का अहम हिस्सा है। कृष्ण की समस्त लीलाएं यानी जन्म से लेकर देह-विसर्जन तक प्रेम और उत्सव पर आधारित हैं।

देवताओं के ऋषि सांदीपनि हैं। वे भगवान कृष्ण, बलराम और सुदामा के गुरु थे। उन्हीं के आश्रम में श्रीकृष्ण ने वेद और योग की शिक्षा और दीक्षा के साथ ही 64 कलाओं की शिक्षा ली। भगवान जब यहां आए तब उनकी उम्र महज 11 वर्ष 7 दिन थी। वे यहां 64 दिनों तक ही रहे। इन 64 दिनों में उन्होंने 64 विद्याएं सीखीं। इन 64 दिनों में उन्होंने 16 दिन में 16 कलाएं, 4 दिन में 4 वेद, 6 दिन में 6 शास्त्र, 18 दिन में 18 पुराण, 20 दिन में गीता का ज्ञान प्राप्त किया था। श्रीकृष्ण का ज्ञान अखंड था। सनत्कुमार के जिस प्रश्न का उत्तर स्वयं ब्रह्मा भी न दे सके, उसका समाधान श्रीकृष्ण ने किया।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

श्रीकृष्ण की लीलाओं का प्रत्येक आयाम सहज और सरल मालूम होता है, पर बाल्यावस्था से लेकर अर्जुन को अपने विराट रूप के दर्शन कराने तक उनकी समस्त लीलाएं हमारा मार्गदर्शन करती हुईं विषमताओं से सामंजस्य स्थापित करना सिखाती हैं। छांदोग्य उपनिषद, महाभारत महाकाव्य और भागवत पुराण के अनुसार उनकी जीवन यात्रा को बाल्यकाल, युवावस्था का मैत्रीभाव, गृहस्थ जीवन, गीता का उपदेशक और संन्यासी के रूप में बांटकर सुगमता से समझा जा सकता है।

श्रीकृष्ण ने अपने गुरु की ज्ञानोपदेश करने की आज्ञा का अच्छी तरह से पालन किया। अर्जुन श्रीकृष्ण को अपना गुरु मानते थे। जब अर्जुन ने कहा कि 'भगवन्! मैं उलझन में पड़ गया हूं। आप मुझे ज्ञान दीजिए।' तब भगवान श्रीकृष्ण ने मोहजाल में फंसकर निर्जीव पड़े अर्जुन को गीतारूपी 'दुग्धामृत' का जो पान कराया उससे अर्जुन के हृदय के सारे विकार कपूर की तरह उड़ गए और उसे अपने कर्तव्य का ज्ञान हो गया। जब भगवान ही स्वयं उपदेशक हों वहां मनुष्य के मोह, अज्ञान आदि विकार रह ही कैसे सकते हैं?

श्रीकृष्ण की लीलाओं का प्रत्येक आयाम सहज और सरल मालूम होता है, पर बाल्यावस्था से लेकर अर्जुन को अपने विराट रूप के दर्शन कराने तक उनकी समस्त लीलाएं हमारा मार्गदर्शन करती हुईं विषमताओं से सामंजस्य स्थापित करना सिखाती हैं। छांदोग्य उपनिषद, महाभारत महाकाव्य और भागवत पुराण के अनुसार उनकी जीवन यात्रा को बाल्यकाल, युवावस्था का मैत्रीभाव, गृहस्थ जीवन, गीता का उपदेशक और संन्यासी के रूप में बांटकर सुगमता से समझा जा सकता है।

कृष्ण द्वारा कंस का वध अहंकार पर विजय प्राप्ति का प्रतीक है। जब व्यक्ति हर तरह के अहं का विसर्जन कर देता है तो उसके हृदय में विनयशीलता और दयालुता स्थापित हो जाती है। कृष्ण को प्रायः मुरलीधर के रूप में दिखाया जाता है। मुरली को हर वक्त श्रीकृष्ण अपने संग रखते हैं। मुरली आंतरिक रूप से खाली है और उसमें आठ छिद्र भी हैं। यह इस बात का परिचायक है कि जब हमारा अंतः करण निर्मल और पारदर्शी हो जाता है तो ईश्वरीय कृपा की अनुभूति होने लगती है। गीताकार के रूप में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कहा, 'ज्ञानी पुरुष कर्मफल की इच्छा का परित्याग करते हुए कर्म करता है और समस्त प्रकार के बंधनों से मुक्त होकर आध्यात्मिक आनंद को प्राप्त करता है।'

श्रीकृष्ण अर्जुन को निमित्त मानकर जनसाधारण को संदेश देते हैं, 'अर्जुन! सृष्टि में ज्ञान से श्रेष्ठ कोई दूसरी वस्तु नहीं है और ज्ञान प्राप्ति के लिए श्रद्धा, आस्था और आत्मसंयम को धारण करना अनिवार्य है।' कृष्ण सदैव कर्म के प्रति प्रतिबद्ध दिखाई देते हैं। वह कोई निजी हित साधने या व्यक्तिगत लाभ उठाने के लिए कर्म से प्रेरित नहीं होते। इसलिए अर्जुन के माध्यम से समस्त संसार को कर्मफल की चिंता से मुक्ति का संदेश देते हैं। उपनिषदों अनुसार 16 कलाओं से युक्त व्यक्ति ईश्वरतुल्य होता है। चंद्रमा के प्रकाश की 16 अवस्थाएं हैं उसी तरह मनुष्य के मन में भी एक प्रकाश है। मन को चंद्रमा के समान ही माना गया है, जिसकी अवस्था घटती और बढ़ती रहती है। चंद्र की इन सोलह अवस्थाओं से 16 कलाओं का चलन हुआ। व्यक्ति का देह को छोड़कर पूर्ण प्रकाश हो जाना ही प्रथम मोक्ष है। श्रीकृष्ण 16 कलाओं से युक्त पूर्ण अवसर थे।

# पलटने का चौका

कुशल शासक के संकल्पों और निर्णयों में दृढ़ता होनी चाहिए। केन्द्र की मोदी सरकार अपने पिछले कार्यकाल तक इस सिद्धांत पर पूरी तो नहीं, किंतु काफी कुछ खरी उतरती रही, लेकिन अब अपने नवीन संस्करण में लुचुर-पुचुर दिख रही है। ज्यादा डर मजबूत विपक्ष का और थोड़ा अपनी बैसाखियों का भी है। अभी तो थोड़े ही दिन हुए हैं, निर्णय पलटने का क्रम जारी है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

1995 के वक्फ बोर्ड अधिनियम में कुछ संशोधन प्रस्तावित करने वाला एक बिल सरकार लाई थी। संशोधन वाजिब थे, समर्थक घटक भी हां में हां मिला रहे थे, किंतु विपक्ष और मुस्लिम संगठनों के हो हल्ला के चलते, सरकार ने इसे संयुक्त संसदीय समिति को सौंप कर खटाई में डाल दिया। आरक्षण के बिंदु पर सुप्रीम कोर्ट ने कोटे के अंदर कोटा तय करने का अधिकार हाल ही में सरकारों को दे दिया है। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की है कि इस संवर्ग के संपन्न हो चुके लोग यानी क्रीमी लेयर की पात्रता/अपात्रता भी गौर करने योग्य है। यह सरासर आदर करने योग्य निर्णय व टिप्पणी हैं, लेकिन निहित स्वार्थों से ग्रसित तत्वों ने शोर मचाया और मोदी ने बिना देर लगाए कह दिया हम यह निर्णय नहीं लागू करेंगे और क्रीमी लेयर भी पूर्ववत् लाभान्वित होती रहेगी। एक और सरकारी निर्णय केंद्र में कोई चार दर्जन अफसरों की लेटरल एंट्री को लेकर था। इसके अनुसार बाहर के अनुभवी विशेषज्ञों की भर्ती करना था, जैसी पहले भी सदा होती रही है। इसके विरोध में भी कुछ अपने कुछ पराये मुखर हुए और मोदी सरकार ने एतत्संबंधी विज्ञापन वापस ले लिया।

पलटी मारने की यह हैट्रिक पूरी हो ही पाई थी कि प्रकृति ने भी पलटने में सहयोग कर दिया और अभी कुछ महीना पहले महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के एक किले में मोदी द्वारा अनावृत की गई वीर शिवाजी की 35 फीट ऊंची प्रतिमा पलट गई। वहां मोदी समर्थक एकनाथ शिंदे की सरकार है, जो कह रही है कि मूर्ति का निर्माण भारतीय नौसेना ने करवाया था। बहरहाल राज्य सरकार और नौसेना दोनों मोदी के ही हैं। कार्यों की यह गुणवत्ता देखने लायक है। इस तरह सरकार तीन मास के कार्यकाल में पलटने का चौका लगा चुकी है। आगे देखिए क्या-क्या होता है!

### गरमाई राजनीति : बांग्लादेश के बहाने 80 बनाम 20 फीसदी की राजनीति से वोटबैंक पर नजर

# राजनीति में योगी का नया प्रयोग है बंटेंगे तो कटेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा में कट्टर हिंदुत्व का इकलौता चेहरा बनकर उभर रहे मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पुराने रूप में आ गए हैं। बंटेंगे तो कटेंगे जैसा बयान देकर एक बार फिर उन्होंने राजनीति में नया प्रयोग किया है। बांग्लादेश के बहाने भाजपा में कट्टर हिंदुत्व का इकलौता बनने साथ 80 बनाम 20 फीसदी की राजनीति से वोटबैंक भी साधने की कोशिश कर रहे हैं।


आगरा में वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश के हालात का संदर्भ देते हुए नारा दिया कि बंटेंगे तो कटेंगे। कहा कि बंटना नहीं है, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे और सुरक्षित रहेंगे। इसका लक्ष्य जाति में बंटे वोट को वापस धर्म के आधार पर जोड़ने का है। क्योंकि जिन जातियों का वोट हिंदू धर्म के आधार पर एकजुट होकर मिल रहा था, वह इसबार लोकसभा चुनाव में बंट गया। प्रदेश में ही 2019 के मुकाबले 2024 में भाजपा की 29 सीट घट गई। इसकी बड़ी वजह थी कि कोइरी व कुर्मी वोट 19 प्रतिशत, गैर जाटव दलित वोट 20 प्रतिशत और अन्य ओबीसी वोट 24 प्रतिशत तक घट गया। अब अगले कुछ दिनों में 10 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को हिंदुओं के ध्रुवीकरण के अलावा जीत की गारंटी और कुछ नहीं दिख रही है।

### जिम्मेदारों का काम भय फैलाना नहीं



योगी आदित्यननाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स लिखा कि जिम्मेदार लोगों का काम भय से बचाना होता है, भय फैलाना नहीं। अगर ये किसी के व्यक्तिगत विचार हैं तो गलत हैं और अगर उनके दल के हैं तो और भी गलत हैं। भाजपा राज में बने भय के इस वातावरण में क्या डबल इंजन कहीं दुबक कर जा बैठा है।

### समाज को बांट रहे योगी:ओवैसी



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने योगी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री समाज को विभाजित कर रहे हैं। वे जानते हैं कि भाजपा उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाना चाहती है। यह उनकी असुरक्षा को दर्शाता है। वह इस तरह के नफरत भरे भाषण के माध्यम से मुसलमानों को निशाना बना रहे हैं।

## ट्रेन से आरपीएफ कर्मियों को फेंकने वाले गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार:** चलती ट्रेन से आरपीएफ कर्मियों को बाहर फेंकने वाले चारों शराब तस्करों को उप्र. एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी पटना से की गई है। दो दिन पहले हुई इस घटना में दो आरपीएफ कर्मियों की मौत हो गई थी। मुकदमा गाजीपुर के गहमर थाने में दर्ज किया गया है। एसटीएफ के मुताबिक आरोपी शराब के तस्कर हैं। इसी के विरोध में पुलिस कर्मियों को बाहर फेंका था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पंकज कुमार, प्रेमचंद्र वर्मा, विनय कुमार, विलेंद्र पासी हैं। सभी पटना के रहने वाले हैं।

## सार-संक्षेप

### मूवमेंट के हित में न रुकेंगे, न झुकेंगे : मायावती



**लखनऊ, अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि देश में बहुजनों के आत्म सम्मान व अस्मिता के मूवमेंट के हित में न कभी रूकेंगे और न ही झुकेंगे। टूटना तो दूर की बात है। बसपा प्रमुख मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बहुजनों को केवल अपनी शक्ति पर भरोसा करना सीखना होगा, अन्यथा धोखा खाते रहेंगे और लाचारी व गुलामी का जीवन जीने को मजबूर रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद बहुमत से काफी दूर भाजपा के नेतृत्व में बनी एनडीए सरकार का रवैया समय की मांग के अनुसार अब तक सुधारवादी नहीं लगता है। इस प्रकार इसे स्थाई व मजबूत सरकार नहीं कहा जा सकता है। लोकसभा का चुनाव कई तरह की नई संभावनाएं पैदा करता है।

### पालघर में रेप के आरोपी को प्रयागराज में पकड़ा

**लखनऊ, अमृत विचार :** महाराष्ट्र के पालघर में नाबालिग मूक बधिर किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को एसटीएफ ने प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ ने मुंबई पुलिस के साथ घेराबंदी कर आरोपी को प्राथमिक विद्यालय दांदूपुर के पास पक्की सड़क से पकड़ा। अधिकारियों के मुताबिक महाराष्ट्र में पालघर जिले के वालीव थाने में आरोपी के खिलाफ नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था। महाराष्ट्र पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उप्र. एसटीएफ से संपर्क किया। इस पर एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेश प्रताप सिंह ने निरीक्षक जय प्रकाश राय को आरोपी की गिरफ्तारी में लगाया। मंगलवार को टीम ने महाराष्ट्र पुलिस के साथ घेराबंदी कर आरोपी को उतरांव से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह मुंबई के नाइक पाड़ा वसई विरार में रहता था। वहीं पर एलईडी लाइट कंपनी में काम करता था। वहीं की 16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म किया।

### खेल प्रशिक्षकों के लिए साक्षात्कार 7 सितंबर से

**लखनऊ, अमृत विचार।** खेल निदेशालय की ओर से सहायक प्रशिक्षकों के 13 पदों की भर्ती के विज्ञापन के सापेक्ष 11 पदों पर 54 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चिन्हित किया गया है। इन चिन्हित उम्मीदवारों का साक्षात्कार सात सितंबर से आयोजित किया जाएगा। जिन दो पदों के लिए उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए नहीं मिले उसमें शूटिंग व तलवारबाजी शामिल है। शूटिंग में सहायक प्रशिक्षक के लिए एक भी आवेदन आनलाइन नहीं मिला है। वहीं, तलवारबाजी के लिए कोई योग्य उम्मीदवार ही नहीं मिला है। चिन्हित अभ्यर्थियों की सूची और साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। साक्षात्कार पत्र डाउनलोड करने से पहले सामान्य व ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को 60 रुपये और एससी/एसटी अभ्यर्थियों को 20 रुपये शुल्क आनलाइन जमा करना होगा। दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को कोई साक्षात्कार शुल्क नहीं देना होगा।

### युवाओं को घूमने के लिए सरकार देगी पैसे

**लखनऊ, अमृत विचार :** पर्यटन विभाग की तरफ से शुरू की गई मुख्यमंत्री पर्यटन फेलोशिप योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। 40 आयु वर्ष तक के स्नातक पास युवा आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को पारिश्रमिक के अलावा क्षेत्र भ्रमण के लिए राशि का भुगतान भी किया जाएगा। अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट uptourism.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि आवेदन के लिए मान्यता प्राप्त संस्थानों या विश्वविद्यालयों से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक अथवा उच्च शैक्षणिक योग्यता आवश्यक है। आवेदन पत्र में सूचीबद्ध किसी भी क्षेत्र में प्रासंगिक कार्य का अनुभव तथा बीबीए, एमए, एमफिल, पीएचडी, टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा–ट्रैवल एंड टूरिज्म, हास्पिटैलिटी, पर्यटन एवं पुरातत्व में डिग्री या डिप्लोमा को वरीयता दी जाएगी।

# मथुरा में कुट्टू के आटे से बने पकौड़े खाने से 120 से अधिक लोग बीमार

### अधिकारियों ने छापा मारकर दो दुकानें सील कीं, मुकदमा दर्ज

मथुरा,एजेंसी

मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रखने वाले 120 से अधिक लोग कुट्टू के आटे से बना पकवान खाने के बाद बीमार हो गये और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार कुट्टू के आटे की आपूर्ति करने वाले दो दुकानदारों के यहां जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने छापा मारकर दुकानें सील कर दी हैं और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।



अधिकारियों ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रखने वाले 60 से अधिक लोगों की कुट्टू के आटे से बने पूड़ी और पकौड़े खाने के बाद विषाक्तता के कारण तबीयत बिगड़ गयी। बाद में बीमारों की संख्या बढ़कर 120 से अधिक हो गयी है। इन लोगों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत होने के बाद आगरा और मथुरा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पीड़ितों की हालत स्थिर है और उनका इलाज किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के त्वरित प्रतिक्रिया दल (रैपिड रिस्पांस टीम) के प्रभारी डॉ. भूदेव प्रसाद ने बताया कि यह घटना सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे की है जब फरह थाना क्षेत्र के पांच-छह गांवों में फूड प्वॉयजनिंग होने की शिकायत मिली। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम फरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तथा गांवों में पहुंचीं और मरीजों को पहले सीएचसी में लाया गया, लेकिन जब संख्या बढ़ गई तो उन्हें जिला अस्पताल, वृन्दावन स्थित सौ-शैया संयुक्त चिकित्सालय और आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया जा चुका है, जहां उनका उपचार जारी है। उन्होंने कहा कि लोगों की हालत में सुधार हो रहा है।

## इरफान सोलंकी के मामले की सुनवाई अब 18 सितंबर को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट में पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की आपराधिक अपील पर मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। मामले की सुनवाई आगामी 18 सितंबर को होगी। सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष हुई। मामले के अनुसार कानपुर की सीसामऊ विधानसभा से सपा के निवर्तमान विधायक और उनके भाई सहित चार लोगों को एमपी/एमएलए कोर्ट ने जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा नाम की एक महिला का घर जलाए जाने के मामले में दोषी करार देते हुए 7 जून 2024 को 7 साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई थी। विधायक सोलंकी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सोलंकी सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए थे। सजा के बाद उनकी विधायकी छिन गई है।

# 11,860 बेसहारा बच्चों को सरकार ने दिए 14 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 20 हजार बच्चों को चार हजार रुपये प्रति माह मदद देने का लक्ष्य
- पिछले वित्तीय वर्ष में सात हजार से अधिक को मिले नौ करोड़

**अमृत विचार :** अनाथ, परित्यक्त और बाल भिक्षुओं (ओएएस) को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार स्पांसरशिप योजना चला रही है। केंद्र सरकार के मिशन वात्सल्य कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 11860 बच्चों को 14.23 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की जा चुकी है।

सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में 20 हजार बच्चों को योजना से लाभांवित करने का लक्ष्य रखा है। इस योजना में 18 साल तक उम्र के ओएएस बच्चों को प्रतिमाह चार हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इस योजना में पिछले वित्तीय वर्ष में सात हजार से अधिक बच्चों को 9.10 करोड़ रुपये की सहायता दी गई थी।

महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक संदीप कौर नेबताया कि इस योजना मेंबाल तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति से बचाये गये व दिव्यांग बच्चों को मदद दी जा रही है। इसी साल जनवरी में चितौआना पंचायत में विभाग ने दो लड़के और दो लड़कियों की मदद की। इनके पिता का निधन हो गया था। परिवार आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा था। इनकी मां ने योजना का लाभ मिलते ही बच्चों का स्कूल में प्रवेश करा दिया था।

महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव बी चंद्रकला ने बताया कि ओएएस बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 जुलाई 2022 को स्पांसरशिप योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना में केंद्र सरकार 60 और राज्य सरकार 40 प्रतिशत खर्च वहन करती है। योजना का मुख्य उद्देश्य ओएएस बच्चे के भविष्य को सुनहरा बनाने के साथ उनके स्कूली जीवन को सुनिश्चित करना है।

# वक्फ के साथ कोई नाइंसाफी नहीं होने दी जाएगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मंशा-ए-वाकिफ के खिलाफ है वक्फ संशोधन विधेयक : सैफ

**अमृत विचार :** वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के बनी संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने मंगलवार को राजधानी में मौलाना सैफ अब्बास और मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली से मुलाक़ात की। उन्होंने दोनों धर्मगुरुओं को आश्वस्त किया कि विधेयक से वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा मजबूत होगी और मुसलमानों के विकास के रास्ते खुलेंगे।



मौलाना सैफ अब्बास से बातचीत करते जगदंबिका पाल।

मौलाना अब्बास ने पाल को सुझाव दिया कि भारत के धर्मगुरुओं और बुद्धिजीवियों के साथ संयुक्त संसदीय समिति बैठक करे। विचार विमर्श से जो बात निकले उसे संसद तक पहुंचाएं। पाल ने सरकार की ओर से पेश बिल के फायदे गिनाते हुए कहा कि सरकार वक्फ की रक्षा के लिए यह बिल ला रही है, ताकि कोई भी नुकसान न पहुंचा सके और मुसलमानों का अधिक विकास हो सके। मौलाना ने कहा कि 44 बिंदुओं पर संशोधन कर पेश किए गए बिल में कई कमियां हैं। ये मंशा-ए- वाक़िफ के खिलाफ हैं। मौलाना ने अधिवक्ता मुहम्मद हैदर रिज़वी की टीम के सुझावों और आपत्तियों को प्रस्तुत कर कहा कि इन पर विचार करने की जरूरत है। मौलाना ने पाल से कहा कि विद्वानों और बुद्धिजीवियों एवं संगठन के सुझाव लेने के लिए पोर्टल बनाया जाए। संयुक्त संसदीय समिति के साथ धर्मगुरुओं और बुद्धिजीवियों की बैठक कर वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा भी की जानी चाहिए।

मौलाना खालिद रशीद से पाल ने ऐशबाग स्थित इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया में मुलाकात की। मौलाना ने उन्हें 20 बिन्दुओं का ज्ञापन सौंपा। इसमें जिलाधिकारी को जरूरत से ज्यादा अधिकार देने पर एतराज जाहिर किया गया है। उन्होंने कहा कि संशोधन विधेयक में कई धाराएं वक्फ के वजूद पर खतरा हैं।

### एसएजी जांच में बोल्डर से इंजन टकराने की पुष्टि

**कानपुर, अमृत विचार :** झांसी रूट पर गोविंदपुरी से भीमसेन स्टेशन के बीच 16 अगस्त की रात साबरमती एक्सप्रेस ट्रैक पर बांधे गए बोल्डर (रेल पटरी के टुकड़ा) से टकराने के कारण ही बेपटरी हुई थी। रेलवे की वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (एसएजी) कमेटी की जांच में यही बात सामने आई है। कमेटी ने तीन दिन में सेंट्रल स्टेशन के कम्युनिटी हॉल में 34 कर्मचारियों के बयान दर्ज किए और स्थलीय निरीक्षण के साथ इंजन को देखा और परखा। एसएजी कमेटी की स्थलीय जांच और पूछताछ में यह बात सामने आई कि ट्रैक से बोल्डर बांधा गया था।

## वर्ग पहेली-174

**बाएं से दाएं**

3. 1. खुरदरा, जिसकी सतह चिकनी न हो 2. जिसपर बिस्तर न बिछा हो और सुतली शरीर में गड़ती हो।

5. अत्यधिक भीड़, एक के ऊपर एक गिरना–पड़ना, भेड़ों जैसा अंधानुकरण।

6. (ऐसा प्राणी) जो खुजली रोग से ग्रस्त हो।

**ऊपर से नीचे**


1. वृद्ध, अधिक उम्रवाला।

2. एक प्रत्यय जो निम्नलिखित अर्थ देता है– 1. विपरीत अर्थ

4. 1. क्रांति लाने वाला, क्रांतिकारी, इनकलाब लाने वाला 2. इनकलाब संबंधी।

5. भेदभाव या भिन्नता पैदा करने की नीति, दूसरों में फूट डालने की नीति।

6. हलका आसमानी रंग।





### वर्ग पहेली -173 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 के | 2 श | | 3 अ |
| | 4 खं | त | रा | | म |
| | | | 5 क | दी | र |
| | 6 बं | | त | | स |
| | 7 द | 8 ब | ना | | |
| 9 धी | | 10 ज | मा | ती | |
| 11 ति | ल | का | | | |

## सुडोकू -87

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 4 | 9 | 8 | | 5 | |
| | | | 3 | | 2 | 8 | | |
| 1 | | | 5 | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 9 | 2 | | |
| 4 | 5 | | | | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 8 | | | 3 | | |
| 3 | | | | | 1 | | | 7 |
| | | 2 | 7 | | 4 | | | |
| | 8 | | 2 | 5 | 6 | | 1 | |

### सुडोकू -86 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 4 | 6 | 1 | 7 | 2 | 8 | 3 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 4 | 7 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 3 | 5 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 |
| 3 | 7 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 | 3 | 5 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 | 2 | 4 |

# लखनऊ एयरपोर्ट पर पकड़ा गया 68 लाख का सोना

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** बैंकॉक से पेस्ट के रूप में बेल्ट में छिपाकर लाया गया 68 लाख रुपये से अधिक कीमत का सोना चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पकड़ा गया।



सोमवार की रात थाई एयर एशिया की उड़ान (एफडी 146) से उतरे यात्रियों की जांच के दौरान कस्टम अधिकारियों ने एक यात्री के पास 68 लाख 42 हजार 850 रुपये का सोना पकड़ा। यात्री बेल्ट के अंदर उक्त सोने का पेस्ट बनाकर रखा था। उसके ऊपर अलग कलर का कपड़ा लगाकर सिलाई कर दी थी लेकिन अधिकारियों ने जांच के दौरान यात्री को धर दबोचा। बरामद सोने का वजन 931 ग्राम बताया जा रहा है।

# महाकुंभ में शुद्ध गंगाजल उपलब्ध कराने के संदर्भ में विस्तृत कार्य योजना तलब

विधि संवाददाता,प्रयागराज

- याचिका पर अगली सुनवाई 10 सितंबर को होगी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज में 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ की व्यवस्था पर राज्य सरकार से जानकारी मांगते हुए पूछा कि महाकुंभ में बड़ी मात्रा में श्रद्धालु आएंगे ऐसे में सरकार शुद्ध गंगाजल कैसे उपलब्ध कराएगी। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि प्रदेश के शासन व प्रशासन ने देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं, संतो को स्वच्छ तथा पर्याप्त गंगाजल उपलब्ध कराने पर अब तक व्यवस्थित रूप से विचार नहीं किया है। कोर्ट ने इस संदर्भ में विस्तृत कार्य योजना की जानकारी मांगी है।


उक्त प्रश्न मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने अधिवक्ता सुनीता शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी योगेंद्र कुमार पांडेय और पूर्व पार्षद कमलेश सिंह की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए किया। याचिका में बताया गया है कि लाखों श्रद्धालु, गंगा भक्त और संत महाकुंभ के दौरान प्रयागराज जाते हैं। याची के अधिवक्ता ने यह तर्क दिया कि महाकुंभ में स्नान व पूजन के लिए पर्याप्त और स्वच्छ गंगा जल तभी मिल सकेगा, जब तक कानपुर की टेनरी का पानी रोकने, गंगा में लगातार प्रतिदिन 4 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने, गंगा एवं यमुना में गिरने वाले गंदे नाले को बंद किया जाए। जनहित याचिका पर अगली सुनवाई आगामी 10 सितंबर को सुनिश्चित की गई है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 अगस्त बुधवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–भाद्रपद, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–दशमी 29 अगस्त 01.19 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल–उत्तर। ऋतु–शरद।
चन्द्रबल–मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल–भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–मृगशिरा 15.53 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** – आज आप काफी रोमांटिक मूड में रहेंगे। आवश्यक दस्तावेजों को संभाल कर रखें। ससुराल पक्ष में कुछ परेशानी हो सकती है। अटके हुए कार्यों को तेजी से पूरा करने का प्रयास करेंगे। बच्चों की जिद पूरी करनी पड़ेगी।

**वृष** – आज व्यापार में आप जोखिम भरे निर्णय ले सकते हैं। विदेशों से जॉब के प्रस्ताव मिल सकते हैं। नशे और अनैतिक गतिविधियों में धन बर्बाद न करें। आपको फिट रहने के लिए पर्याप्त व्यायाम और आराम करना चाहिए।

**मिथुन** – आज किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। आपको सहयोगियों से थोड़ा सावधान रहना चाहिए। यदि विवाह को लेकर कोई निर्णय ले रहे हैं तो तुरंत निर्णय लेने से बचें। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क** – आज घरेलू सामान की खरीदारी के लिए बाजार जा सकते हैं। अपनी दिनचर्या संतुलित रखें। फालतू के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। अपनी कार्ययोजना में सुधार लाने का प्रयास करें। मनोनुकूल काम न हो पाने के कारण आपका मन उदास हो सकता है।

**सिंह** – आज घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। मेडिकल छात्रों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। वैवाहिक जीवन में प्रेम भावना बढ़ेगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के अधिकार बढ़ सकते हैं।

**कन्या** – आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। मार्केटिंग से जुड़े कार्यक्षेत्र से आपको उत्तम परिणाम मिलेंगे। उच्चाधिकारी आपके प्रमोशन की चर्चा करेंगे। बच्चों के साथ समय बिताएंगे। परिजनों के साथ आप मूवी देखने के लिए जा सकते हैं।

**तुला** – आज विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। लोहे के व्यापार में थोड़ी कठिनायी आ सकती है। धन उधार देने को लेकर धर्म–संकट में फंस सकते हैं। प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज पुरुष जातक महिलाओं के प्रति भाव शुद्ध रखें। तनाव का आपकी नींद पर बुरा असर पड़ सकता है। घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर का वातावरण थोड़ा अस्त–व्यस्त रहेगा। किसी कानूनी मामले में उलझ सकते हैं।

**धनु** – आज अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। कार्यक्षेत्र में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। व्यवसाय में आप बड़ा निवेश कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम मिल सकते हैं। मांगलिक कार्यों में आप सम्मिलित होंगे।

**मकर** – आज पुराने मतभेदों को लेकर समझौता हो सकता है। संपत्ति के क्रय–विक्रय से धन लाभ मिलेगा। कुछ लोग आपकी छवि को लेकर दुष्प्रचार कर सकते हैं। आपकी प्रभावशाली वाणी की लोग प्रशंसा करेंगे। कपड़ा कारोबारियों को व्यवसाय में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**कुंभ** – आज अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। स्त्रियों को शरीर में थकावट और सूजन जैसी समस्या महसूस हो सकती है। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ चल रहा विवाद बढ़ सकता है। अपने काम को लेकर काफी गंभीर रहेंगे।

**मीन** – आज नौकरीपेशा लोग बॉस से कुछ नाखुश रहेंगे। पति–पत्नी के बीच सामंजस्य में कुछ कमी हो सकती है। व्यापार के दृष्टिकोण से दिन काफी सामान्य रहने वाला है। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
मकसद – सुबह : 10.34
समुराई – रात : 08.05

&pictures
रावणासुर – सुबह : 10.58
गुल मकई – रात : 08.00

SONY PIX
2012 – सुबह : 09.34
गॉडजिला – शाम : 04.41

ZEE CINEMA
शिवा द सुपर हीरो 2 – सुबह : 11.23
पाथु थाला – रात : 08.00

colors CINEPLEX
अमर अकबर एंथोनी – दोपहर : 12.00
दिल है तुम्हारा – रात :07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म





सोनी पिक्स पर शाम : 04.41 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू– तुम लड़कियां लव मैरिज क्यों करती हो?
पिंकी– अनजान नमूना मिलने से अच्छा है, जाना पहचाना नालायक मिल जाए।
लड़की – तुम लड़के लव मैरिज क्यों करते हो?
लड़का– एनाकोंडा मिलने से अच्छा है की पहले से पाली हुई नागिन मिले।

सोनू– यदि आपकी प्रेमिका खूबसूरत, समझदार, ध्यान रखने वाली, कभी न जलने वाली और अच्छे व्यंजन बनाने वाली हो तो उसे आप क्या नाम दोगे?
मोनू– अफवाह...

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2135, राज श्री 1440, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 2010, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1540, सचिन 1585, सूरज 1565, अवसर 1670, राग गोल्ड 1685, गृहणी ली 1595, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1685, चक्र टिन 1950, ब्लू 1715, आशीर्वाद मस्टर्ड 1950, स्वास्तिक 2105 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31000, लाल मिर्च 17000-20000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल-(प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10400, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8850, दाल चना 9450, लाल हिंदुस्तान 9550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13400, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15300, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी-डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 74000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 73000 |
| सिल्वर (पक्की) | 870 (अनुमानित) |

# यूपीएस लाना यू टर्न नहीं है : सीतारमण

## यूनिफाइड पेंशन स्कीम नई योजना, केन्द्र की हिस्सेदारी 14 से बढ़कर अब 18.5 प्रतिशत हो जाएगी

नई दिल्ली, एजेंसी



● सरकारी नौकरी में एससी/एसटी के आने की अधिकतम आयु 37 वर्ष

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए लाई गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) कोई यू टर्न नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह से नई योजना है। सीतारमण ने अनौपचारिक चर्चा में कहा कि इसमें कर्मचारियों की हिस्सेदारी में कोई बढ़ोतरी या कमी नहीं की गई है बल्कि केन्द्र सरकार की 14 प्रतिशत हिस्सेदारी बढ़कर अब 18.5 प्रतिशत हो जायेगी। यूपीएस अगले वित्त वर्ष की शुरूआत से लागू होगी।

उन्होंने कहा कि इसमें कर्मचारियों को 25 वर्ष की नौकरी पर 50% पेंशन मिलेगी। हालांकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के मामले में कुछ राहत हो सकती है क्योंकि उनके लिए आरक्षण में सरकारी नौकरी में आने की अधिकतम आयु 37 वर्ष है। ऐसी स्थिति में उनकी नौकरी 25 वर्ष पूरी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से नई स्कीम है। इसमें पुरानी पेंशन और एनपीएस से कोई लेना देना नहीं है। हालांकि जो अभी एनपीएस में हैं उनको अपने लाभ के अनुसार स्कीम चुनने की सुविधा दी गई है। जिस तरह से लोगों नई कर प्रणाली और रियल एस्टेट के मामले में इंडेक्सेशन से लाभ होगा उसी तरह से इस योजना से भी कर्मचारियों को लाभ होगा। लोगों ने नई कर प्रणाली को अपनाने लगे हैं। केन्द्र सरकार इसे लागू करने के लिए राज्यों पर दबाव नहीं डाल सकती है। जो राज्य जानकारी लेना चाहेंगे तो उसे दी जायेगी लेकिन दबाव नहीं डाला जाएगा।

### चालू वित्त वर्ष में तीन करोड़ जनधन खाते खुलने की संभावना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत तीन करोड़ नए खाते खोले जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी ने 28 अगस्त, 2014 को प्रमुख वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के तौर पर पीएमजेडीवाई की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत बैंक खातों की संख्या मार्च, 2015 में 14.72 करोड़ थी जो 16 अगस्त, 2024 तक चार गुना होकर 53.13 करोड़ हो गई। पीएमजेडीवाई के तहत कुल जमा राशि मार्च, 2015 में 15,670 करोड़ रुपये थी जो बढ़कर अगस्त, 2024 तक 2.31 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई। सीतारमण ने इस योजना की 10वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर कहा कि हमारा लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के दौरान तीन करोड़ से अधिक पीएमजेडीवाई खाते खोलने का है।

### जीएसटी परिषद की अगली बैठक में सुसंगत दरों पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी परिषद की अगले महीने होने वाली बैठक में कर दरों को सुसंगत बनाने पर चर्चा की जाएगी, लेकिन दरों एवं स्लैब में बदलाव पर अंतिम निर्णय बाद में लिया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि विलासितापूर्ण एवं नुकसानदेह उत्पादों पर क्षतिपूर्ति उपकर पर भी चर्चा होने वाली है और नौ सितंबर को या उसके बाद होने वाली बैठक में विचार हो सकता है। जीएसटी दरों को सुसंगत बनाने के लिए गठित मंत्री-समूह (जीओएम) की पिछले सप्ताह बैठक हुई थी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में हुई उस बैठक में जीएसटी स्लैब को पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने पर सहमति बनी। जीओएम ने दरों पर अनुशंसा करने वाले अधिकारियों की फिटमेंट समिति को कुछ वस्तुओं पर दरों में फेरबदल का विश्लेषण करने और उन्हें जीएसटी परिषद के समक्ष लाने के लिए भी कहा।

# पुराने वाहनों को कबाड़ में बदलकर नई गाड़ी लेने पर 1.5- 3% तक छूट

नयी दिल्ली, एजेंसी



● केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक में वाहन विनिर्माताओं ने सहमति जताई

प्रमुख वाणिज्यिक और यात्री वाहन कंपनियां त्योहारों से पहले पुरानी गाड़ियों को कबाड़ में बदलने के बदले नये वाहन खरीदने पर 1.5 से 3% तक छूट देंगी। आधिकारिक बयान में मंगलवार को कहा गया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक में वाहन विनिर्माताओं ने यह सहमति जताई। बयान अनुसार यह पहल देश में संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग (सर्कुलर) वाली अर्थव्यवस्था को गति देने और स्वच्छ, सुरक्षित तथा अधिक कुशल वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

गडकरी ने भारत मंडपम में वाहन कंपनियों के शीर्ष निकाय सियाम (सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स) के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बातचीत के दौरान, मंत्री की सलाह पर गौर करते हुए और वाहनों के आधुनिकीकरण तथा संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग वाली अर्थव्यवस्था के महत्व को पहचानते हुए कई वाणिज्यिक वाहन और यात्री वाहन विनिर्माताओं ने जमा प्रमाणपत्र (स्क्रैपेज सर्टिफिकेट) के बदले सीमित अवधि के लिए छूट देने पर सहमति जताई है। इसमें कहा गया है कि वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता दो साल और यात्री वाहन विनिर्माता एक साल के लिए छूट देने को तैयार हैं। यह छूट पुराने वाहनों को कबाड़ में तब्दील करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इससे सड़कों पर सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक दक्ष वाहनों का चलना सुनिश्चित होगा। मर्सिडीज बेंज इंडिया ने 25,000 रुपये की सीधी छूट देने की पेशकश की है, जो सभी मौजूदा रियायतों के अतिरिक्त होगी।

## बोरोलीन को सुप्रसिद्ध ट्रेडमार्क हाईकोर्ट ने किया घोषित, नकली पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्रेडमार्क अधिनियम के तहत बोरोलीन को सुप्रसिद्ध ट्रेडमार्क घोषित किया तथा कंपनी को ट्रेड ड्रेस बदलने का निर्देश दिया, ताकि यह उस एंटीसेप्टिक क्रीम जैसी न लगे, जो देश के घर-घर में जाना-पहचाना नाम है। ट्रेड ड्रेस से तात्पर्य उत्पाद के समग्र स्वरूप या डिजाइन से है जो इसे बाजार में अन्य उत्पादों से अलग करता है। अदालत ने कहा कि बोरोलीन ट्रेडमार्क की बाजार में साख है तथा यह न केवल भारत बल्कि ओमान और तुर्की जैसे देशों में भी मशहूर है। कोर्ट ने यह फैसला जीडी फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर वाद पर पारित किया। कंपनी के पास ओवर-द-काउंटर एंटीसेप्टिक क्रीम बोरोलीन का स्वामित्व व विपणन का अधिकार है, तथा उसने बोरोब्यूटी नामक भ्रामक रूप से समान उत्पाद के निर्माण और बिक्री के खिलाफ मुकदमा दायर किया था।

● बोरोब्यूटी नामक उत्पाद के निर्माण बिक्री के खिलाफ दायर था मुकदमा

## सड़क कंपनियों की आय में होगी 5-7 % की वृद्धिः क्रिसिल

**नई दिल्ली।** सड़क इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) कंपनियों की आय वृद्धि अगले वित्त वर्ष में नरम होकर पांच से सात प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इसका कारण यह है कि राजमार्ग परियोजनाओं के कम आवंटन से उनके ऑर्डर पर असर पड़ रहा है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट अनुसार, इन कंपनियों की साख स्थिर बनी रहेगी, जिसको परिचालन लाभ और मजबूत बही-खाते का समर्थन प्राप्त है।

## छोटे शहरों, कस्बों में 40% लोग रोज कर रहे डिजिटल भुगतान

**नई दिल्ली।** देश के तीसरे दर्जे के शहरों से लेकर छोटे कस्बों में 40% से अधिक उपभोक्ता दैनिक आधार पर डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल करते हैं जबकि 45% लोग दो दिन में एक बार इसका इस्तेमाल करते हैं। भारत में डिजिटल भुगतान की स्थिति पर जारी चेज इंडिया की रिपोर्ट कहती है कि इसमें देश के तीसरी से लेकर छठी श्रेणी के शहरों में उपभोक्ताओं द्वारा डिजिटल भुगतान के लगातार उपयोग को दर्शाया गया है।

रिपोर्ट में डिजिटल भुगतान सेवाओं को अपनाने में कारोबारियों और उपभोक्ताओं के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों की पहचान की गई है। ग्रामीण भारत में डिजिटल भुगतान का उपयोग नहीं करने वाले आधे कारोबारी इससे अनजान हैं। वहीं, इसका इस्तेमाल नहीं करने वालों में से 94% इससे परिचित है पर उपयोग नहीं करते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी, सीमित ज्ञान, अविश्वास और सेवा-संबंधी समस्याओं से लोग इसका इस्तेमाल नहीं करते हैं।

## जनधन खातों में 2.3 लाख करोड़ रुपये जमा : वित मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत देश में खोले गए 53.13 करोड खाते

प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत अब तक देश में 53.13 करोड खाते खोले जा चुके हैं और इन खातों में 2.3 लाख करोड़ रुपये जमा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने योजना के एक दशक पूर्ण होने की पूर्व संध्या पर मंगलवार को कहा कि इस योजना के तहत शून्य शेष खातों की अनुमति है और इन खातों में न्यूनतम बैलेंस राशि बनाये रखने की अनिवार्यता नहीं है।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत खुले खातों में से 80% चालू हैं और 8.4% खातों में शून्य शेष राशि है। प्रति खाता औसत शेष राशि मार्च 2015 में 1065 रुपये था जो 18 अगस्त 2024 को बढ़कर 4352 रुपये हो गया है।

### जीएसटीः अगली बैठक में सुसंगत दरों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी परिषद की अगले महीने होने वाली बैठक में कर दरों को सुसंगत बनाने पर चर्चा होगी लेकिन दरों एवं स्लैब में बदलाव पर अंतिम निर्णय बाद में लिया जाएगा।

## एयर इंडिया ने ग्राहक सहायता सेवा को सात क्षेत्रीय भाषाएं और जोड़ीं

**मुंबई।** एयर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने आईवीआर प्रणाली में मौजूदा अंग्रेजी और हिंदी के अलावा मराठी, पंजाबी, तमिल और मलयालम सहित सात नई भाषाओं को जोड़कर ग्राहक सहायता सेवाओं को बेहतर बनाया है। एयरलाइन ने कहा कि आईवीआर (इंटरैक्टिव वॉयस रिस्पॉन्स) प्रणाली अब उपयोगकर्ता के मोबाइल नेटवर्क पर ग्राहक की भाषा वरीयता को स्वचालित रूप से पहचान लेगी, जिससे भाषा चुनने की जरूरत समाप्त हो जाएगी और प्रतिक्रिया का समय कम हो जाएगा।

## राष्ट्रीय

# 279 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

## जम्मू कश्मीर विस चुनाव : सात जिलों के 24 विधानसभा क्षेत्रों में 18 सितंबर हो मतदान

जम्मू, एजेंसी

● मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने दी नामांकन करने वालों की जानकारी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण में प्रदेश के सात जिलों के 24 विधानसभा क्षेत्रों में 279 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। 18 सितंबर के चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन का मंगलवार को आखिरी दिन था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से नामांकन करने वालों की जानकारी दी गई है। प्रदेश के अनंतनाग जिले में 72, पुलवामा में 55, डोडा में 41, किश्तवाड़ में 32, शोपियां में 28, कुलगाम में 28, रामबन में 23 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। वहीं, जम्मू संभाग के किश्तवाड़ के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 13 ने 48-इंदरवाल से, 11 ने 49-किश्तवाड़, 8 ने 50-पद्दर-नागसेनी से नामांकन किया। डोडा के तीन विस क्षेत्रों में 16 ने 51-भद्रवाह, 16 ने 52-डोडा, 9 ने 53-डोडा पश्चिम से पर्चा भरा। रामबन के दो विस क्षेत्रों में 54-रामबन से 13 ने, 55-बनिहाल से 10 ने नामांकन किया। कश्मीर में पुलवामा के चार विस क्षेत्रों में 32-पंपोर से 16 ने, 33-त्राल से 13, 34-पुलवामा से 14 ने पत्र दाखिल किया, जबकि 35-राजपोरा से 12, शोपियां के 36-जैनपोरा से 15, 37-शोपियां से 13, कुलगाम के तीन विस क्षेत्रों में 38-डीएच पोरा से 6, 39-कुलगाम से 11, 40-देवसर से 11 तो अनंतनाग के सात विस क्षेत्रों के लिए 12 ने 41-डूरू, 11 ने 42-कोकरनाग (एसटी), 14 ने 43-अनंतनाग पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया है।

### भाजपा ने 29 और प्रत्याशियों की सूची की जारी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 29 और उम्मीदवारों की सूची जारी की। साथ ही पार्टी अब तक 45 सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। भाजपा ने देवेंद्र सिंह राणा को नगरोटा सीट और सतीश शर्मा को बिलावर सीट से उम्मीदवार है। पार्टी ने सोमवार को जारी सूची में एक बदलाव किया है। उसने श्री माता वैष्णो देवी सीट से रोहित दुबे के स्थान पर बलदेव राज शर्मा मैदान में है। भाजपा की ताजा सूची में दूसरे चरण के लिए 10 और तीसरे के लिए 19 उम्मीदवार हैं। भाजपा ने अभी तक नौशेरा के लिए कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है जिसका प्रतिनिधित्व 2014 में उसके मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना ने किया था।

### नेकां ने की 32 नामों की सूची जारी, उमर गंदेरबल से लड़ेंगे चुनाव

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस ने मंगलवार को 32 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला गंदेरबल क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। गंदेरबल श्रीनगर लोकसभा सीट का हिस्सा है और दशकों से अब्दुल्ला परिवार का गढ़ रहा है। उमर अब्दुल्ला के अलावा अन्य उम्मीदवारों में सांसद मियां अल्ताफ के बेटे मियां मेहर अली कंगन से चुनाव लड़ेंगे। दिलचस्प यह है कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद अब्दुल्ला ने राज्य का दर्जा बहाल होने तक विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की कसम खायी थी। इसी के साथ पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भी इसको लेकर चुनाव नहीं लड़ने की प्रतिबद्धता जताई थी।

## मैं पक्षपात करुंगा, मियां मुस्लिमों को कब्जा नहीं करने दूंगा : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि वह पक्षपात करेंगे और मियां मुसलमानों को असम पर कब्जा नहीं करने देंगे। शर्मा नागांव में 14 साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना पर राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर विपक्षी दलों के कार्य स्थगन प्रस्ताव पर विधानसभा में बोल रहे थे।



उन्होंने कहा कि अगर जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित रखा जाता तो अपराध की दर नहीं बढ़ती। विपक्ष के पक्षपात के आरोप पर शर्मा ने कहा कि मैं पक्षपात करुंगा। आप क्या कर सकते है? लोअर असम के लोग अपर असम क्यों जाएंगे? ताकि मिया मुस्लिम असम पर कब्जा कर लें? हम ऐसा नहीं होने देंगे। नोकझोंक के बीच सत्ता और विपक्ष के सदस्य आसन के पास आ गए जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष बिश्वजीत दैमारी को कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। कांग्रेस, एआईयूडीएफ और माकपा विधायकों ने महिलाओं के प्रति अपराध समेत बढ़ती जुर्म से उत्पन्न हालात पर चर्चा के लिए कार्य स्थगन प्रस्ताव दिया था।

## सरकार ने टैक्स टेररिज्म से मध्यम वर्ग की कमर तोड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



● राहुल गांधी बोले- ये सब प्रधानमंत्री के मित्रों की संपत्ति बढ़ाने को हो रहा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर टैक्स टेररिज्म से मध्यम वर्ग की कमर तोड़ने का आरोप लगाया और दावा किया कि यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मित्रों की संपत्ति बचाने एवं बढ़ाने के लिए हो रहा है।

उन्होंने कहा कि वह इस आतंक और अन्याय के विरुद्ध भारतीयों के साथ खड़े हैं। राहुल गांधी ने अपने व्हाट्सऐप चैनल पर पोस्ट किया कि टैक्स टेररिज्म भाजपा राज का एक खतरनाक चेहरा है। यही सच्चाई है। आज हिंदुस्तान में टैक्स टारगेट का भार मध्यम वर्ग की आमदनी पर डाल दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि मध्यम वर्ग के वेतन में वर्षों कोई बढ़ोतरी नहीं हुई, लेकिन आयकर में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि महंगाई के दौर में, हर चीज़ पर जीएसटी देने वाले मध्यम वर्ग को सोचना चाहिए कि क्या आपकी आमदनी बड़े व्यापारियों से ज्यादा है? क्या आपको सरकारी सुविधाओं का कोई विशेष लाभ मिल रहा है? नहीं ना! फिर मध्यम वर्ग से ये वसूली क्यों हो रही है? जब आपको डरा कर, जेब काटी जाए, यही है टैक्स टेररिज्म का चक्रव्यूह। गांधी ने कहा कि मोदी अपने मित्रों की संपत्ति बढ़ाने को मध्यम वर्ग की कमर तोड़ रहे हैं।

## एक नजर

### नीट प्रश्नपत्रः दो अभियुक्तों को पुलिस रिमांड पर भेजा

**पटना।** बिहार में पटना की विशेष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में दो और गिरफ्तार अभियुक्तों को सात दिनों के पुलिस रिमांड पर पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया। सीबीआई ने झारखंड के बोकारो ज़िला निवासी सुदीप कुमार और कुमार युवराज को गिरफ्तार किया था।

### दो महिला चिकित्सकों का पीछा करने में तीन पर केस

**हिसार।** हरियाणा के हिसार में महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज की दो जूनियर महिला चिकित्सकों का पीछा करने तथा अभद्र टिप्पणियां के आरोप में तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि यह घटना 23 अगस्त शाम को अग्रोहा में तब हुई जब महिला चिकित्सक ड्यूटी पूरी करने के बाद हॉस्टल जा रही थीं।

### कोर्ट ने आयुष मंत्रालय की अधिसूचना पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आयुष मंत्रालय की अधिसूचना पर रोक लगा दी, जिसमें आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने वाले औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 के नियम 170 को हटाया गया था। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि अधिसूचना उसके आदेश के विपरीत है।

## सीबीआई ने एएसआई का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की मांगी अनुमति

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

सीबीआई ने कोलकाता की अदालत से शहर के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) अनूप दत्ता का पॉलीग्राफ कराने की अनुमति मांगी है। दत्ता को प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म व हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय का करीबी बताया जाता है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सीबीआई जांच कर रही है कि क्या दत्ता ने अपराध छुपाने में रॉय की मदद की थी। दत्ता ने रॉय को कई तरह के लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सीबीआई पता लगाने में जुटी है कि क्या रॉय ने दत्ता को अपराध के बारे में बताया था और क्या उसे कोई मदद मिली थी। अदालत दत्ता की सहमति लेने के बाद पॉलीग्राफ के आवेदन पर फैसला करेगी।

### महिला चिकित्सक से दरिंदगी

#### ईडी ने अनियमितताओं पर धन शोधन का मामला किया दर्ज

**कोलकाता।** ईडी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और कुछ अन्य के कार्यकाल में हुए कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के तहत धन शोधन का मामला दर्ज किया है। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (के तहत प्राथमिकी के समकक्ष अपनी प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करने के लिए सीबीआई की प्राथमिकी का संज्ञान लिया है।

## 100 कलाकारों ने की सुरक्षित कार्यस्थल की मांग

**कोलकाता।** बंगाली फिल्म उद्योग से जुड़ी सौ से अधिक महिला कलाकारों ने डॉक्टर से दरिंदगी के खिलाफ सरकारी टेली अकादमी को पत्र लिख सुरक्षित कार्यस्थल की मांग की। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में निर्देशक अपर्णा सेन, अभिनेत्री रूपा गांगुली, स्वस्तिका मुखर्जी, पाओली दाम, सोहिनी सरकार, बिदिप्ता चक्रवर्ती, चैताली दास गुप्ता, अनुराधा रे और शकुंतला बरुआ शामिल हैं। पत्र ईस्टर्न इंडिया मोशन पिक्चर एसोसिएशन और वेस्ट बंगाल मोशन पिक्चर आर्टिस्ट फोरम को भेजा गया है।

## धन का उपयोग केजरीवाल की इच्छानुसार हुआ : सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने मंगलवार को दिल्ली की अदालत के समक्ष दावा किया कि आबकारी घोटाले से अर्जित धन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की इच्छानुसार खर्च हुआ, जिन्होंने 2022 के गोवा विधानसभा चुनाव में पार्टी के हर उम्मीदवार को 90-90 लाख रुपये देने का वादा किया था।

सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष यह दलील दी। सीबीआई ने कोर्ट से केजरीवाल और अन्य के खिलाफ दाखिल आरोपपत्र पर संज्ञान लेने का आग्रह किया। अदालत ने इस पर संज्ञान लेने के बारे में आदेश तीन सितंबर तक सुरक्षित रख लिया।

### आबकारी घोटाला

#### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 सितंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 3 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी गई। राउज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया। पूरक आरोपपत्र में पांच अन्य लोगों पर कथित घोटाले से शामिल होने के आरोप लगाए हैं। सीबीआई ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ाने की गुहार लगाई थी, लेकिन अदालत ने उसे ठुकरा दिया।

## जाम में फंसे जज डीजीपी तलब

**रांची।** रांची में खराब यातायात प्रबंधन से नाखुश झारखंड हाईकोर्ट के जज संजय द्विवेदी ने मंगलवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता और अन्य अधिकारियों को कोर्ट में तलब किया। जज ने अधिकारियों को अवगत कराया कि वह 23 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास के सामने बहुत देर तक जाम में फंसे रहे। उस दिन विपक्षी दल भाजपा की विरोध रैली थी। उन्होंने कहा कि यह जज की सुरक्षा में गंभीर चूक है। सुरक्षा केवल राजनेताओं और नेताओं के लिए है। डीजीपी ने पीठ से माफी मांगी व आश्वासन दिया कि सुचारू यातायात सुनिश्चित करेगा।

## सरकारी अस्पताल के पास नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर में घर से लापता 15 साल की लड़की से दो लोगों ने सरकार अस्पताल के पीछे कूड़ा फेंकने के स्थान पर सामूहिक दुष्कर्म किया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने घटना को लेक भाजपा सरकार को घेरा। गहलोत ने एक्स पर लिखा महात्मा गांधी राजकीय अस्पताल में नाबालिग से दुष्कर्म की घटना राज्य में जंगलराज के हालातों का एक और उदाहरण है।

## 18 राज्यों के मुख्य सचिव सुप्रीम कोर्ट में हुए पेश

**नई दिल्ली।** न्यायिक अधिकारियों को बकाया पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान पर द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) की सिफारिशों के कथित गैर-अनुपालन को लेकर 18 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, मेघालय, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, केरल व दिल्ली तथा केंद्र शासित प्रदेशों के अनुपालन हलफनामों पर संज्ञान लिया और सुनवाई बंद करने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई की।

● एसएनजेपीसी प्रस्तावों का गैर-अनुपालन पर किए गए तलब

# उपद्रव फैलाने वाले व्यवहार को बढ़ावा देना दुर्भाग्यपूर्ण

मुंबई, एजेंसी



● बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा- इसे स्वीकार्य मानदंड नहीं बनने दिया जा सकता

बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए टिप्पणी की कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन दिनों अव्यवस्था एवं उपद्रव फैलाने वाले व्यवहार को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अब यह संदेश देने का समय आ गया है कि ऐसे व्यवहार को स्वीकार्य मानदंड नहीं बनाया जा सकता। अदालत ने इसी के साथ शहर के महाविद्यालय द्वारा दुर्व्यवहार के आधार पर पुस्तकालय सहायक को बर्खास्त करने के फैसले को बरकरार रखा।

न्यायमूर्ति आरएम जोशी ने इसी के साथ मल्लीनाथ विट्ठल वथाकर की याचिका रद कर दी, जिसने मुंबई के उपनगर चेम्बूर स्थित नारायण गुरु कॉलेज ऑफ कामर्स द्वारा उदण्ड और अवज्ञाकारी व्यवहार की शिकायत पर बर्खास्तगी के फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने 13 अगस्त को याचिका को रद किया। वथाकर ने सितंबर 2008 में मुंबई विश्वविद्यालय और कॉलेज न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें सेवा से हटाने के कॉलेज के फैसले के खिलाफ उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। याचिकाकर्ता ने 1996 में कॉलेज में नौकरी करनी शुरू की। उसे पहले चौकीदार के पद पर और बाद में पुस्तकालय सहायक के पद पर तैनात किया गया। वथाकर को 2008 में अपने सहकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने, प्राध्यापकों के साथ गाली-गलौज करने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने रेखांकित किया कि वथाकर के खिलाफ जांच प्रक्रिया पारदर्शी और उचित तरीके से की गई और उसे अपनी बात रखने का उचित मौका दिया गया।

### दुर्व्यवहार किसी संस्थान में बर्दाशत नहीं किया जा सकताः कोर्ट

हाईकोर्ट ने कहा कि किसी भी कर्मचारी का उदंड और अवज्ञाकारी व्यवहार किसी संस्थान में बर्दाशत नहीं किया जा सकता। खासतौर पर शैक्षणिक संस्थान में। अदालत ने टिप्पणी की कि दुर्भाग्य से आजकल अव्यवस्था और उपद्रव (फैलाने) वाले व्यवहार को प्रोत्साहन मिल रहा है। समाज को यह स्पष्ट संदेश दिया जाए कि इस तरह के असभ्य, अनियंत्रित और हिंसक व्यवहार को स्वीकार्य मानदंड बनने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## खेल डायरी

### गुकेश ने ड्रॉ खेला, फिरोजा ने बढ़त मजबूत की



**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारत के ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सिंकफील्ड कप में एक बार फिर अपनी बाजी ड्रॉ खेली तथा अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारूआना के साथ अंक बांटे जबकि फ्रांस के खिलाड़ी अलीरेज़ा फ़िरोज़ा ने सातवें दौर में पूरे अंक लेकर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने लगातार सातवीं बाजी ड्रॉ खेली। उन्होंने रूस के इयान नेपोम्नियाचची के साथ अंक बांटे। अब जबकि दो राउंड का खेल बाकी है तब फिरोजा पांच अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने सातवें दौर में चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया। कारूआना उनसे एक अंक पीछे हैं। पांच खिलाड़ी अमेरिका के वेस्ली सो, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव, फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर लाग्रेव, गुकेश और प्रज्ञाननंदा 3 .5 अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। लिरेन और नेपोम्नियाचची इनसे आधा अंक पीछे हैं जबकि नीदरलैंड के अनीश गिरी 2 .5 अंकों के साथ तालिका में

### सेमवाल-निरुपमा ने स्क्वाश में जीते खिताब

**मुंबई।** ओम सेमवाल और निरूपमा दुबे ने यहां गरवारे क्लब हाउस अखिल भारतीय एसआरएफआई स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला ओपन के खिताब जीते। मुंबई के सेमवाल ने पुरुष वर्ग के फाइनल में अपने श्रीलंकाई प्रतिद्वंद्वी और दूसरी वरीयता प्राप्त शमिल वकील को 11-4, 4-11, 6-11, 13-11, 11-4 से हराकर शरद पवार ट्रॉफी जीती। महिलाओं के फाइनल में निरुपमा ने हमवतन तनिष्का जैन पर 11-6, 12-10, 3-11, 11-9 से जीत दर्ज की। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय स्क्वाश महासंघ के तत्वावधान में किया गया था।

### रुतुपर्णा-श्वेतपर्णा कोरिया ओपन के पहले दौर में हारीं

**सोल।** रुतुपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की भारतीय महिला युगल जोड़ी मंगलवार को यहां कोरिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में सीधे गेम में हार के साथ बाहर हो गई। पांडा बहनों को सीह पेई शेन और हुग इन जू की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ 37 मिनट चले मुकाबले में 18-21 5-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में तीन भारतीय आकर्षी कश्यप, मालविका बंसोड़ और अश्मिता चालिहा चुनौती पेश कर रही हैं। आकर्षी को पहले दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन से भिड़ना है जबकि मालविका और अश्मिता को बुधवार को क्रमशः डेनमार्क की होजमार्क जार्सफेल्ट और थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ खेलना है। पुरुष एकल और पुरुष युगल में कोई भारतीय खिलाड़ी चुनौती पेश नहीं कर रहा। मिश्रित युगल में आयुष राज गुप्ता और श्रुति स्वेन के रूप में एकमात्र भारतीय जोड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही है। यह जोड़ी पहले दौर में सुंग ह्युन को और ह्ये वो इयोम की स्थानीय जोड़ी से भिड़ेगी।

### तारिणी को अंडर-19 टूर्नामेंट में दोहरा खिताब



**मुंबई।** मुंबई की तारिणी सूरी ने हैदराबाद में हुए कोटक इंडिया जूनियर अंडर-19 अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के लड़कियों के युगल और मिश्रित युगल वर्ग का खिताब जीता। टूर्नामेंट का आयोजन हैदराबाद की गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में किया गया। 17 साल की तारिणी ने श्रावणी वालेकर के साथ मिलकर लड़कियों के युगल फाइनल में केयला पुत्री और मिशा वारडोयो की इंडोनेशिया की जोड़ी को 21-10, 21-15 से हराया। तारिणी और भव्या छाबड़ा ने इसके बाद मिश्रित युगल फाइनल में उलटफेर करते हुए अतावुत श्रीपीव और पनावी पोलयिआम की थाईलैंड की शीर्ष वरीय जोड़ी को 21-13, 19-21, 21-14 से हराकर खिताब जीता। तारिणी उस भारतीय टीम का भी हिस्सा हैं जो 30 सितंबर से चीन के नानचैंग में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी।

# 25 पदक की सीमा लांघने उतरेंगे 84 पैरालंपियन

## पेरिस पैरालंपिक : सबसे बड़े दल से रिकॉर्ड पदकों की उम्मीद, सुमित और भाग्यश्री होंगे भारत के ध्वजवाहक

पेरिस, एजेंसी



**38** एथलेटिक्स खिलाड़ियों से देश को है काफी उम्मीद

**12** खेलों में इस बार भाग ले रहा है भारतीय दल

**2021** तोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित जीते थे रिकॉर्ड 19 पदक

**24** वें स्थान पर रहा था भारतीय दल समग्र रैंकिंग में

**29** स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 111 पदक जीते थे भारत ने पिछले साल हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों में

**54** सदस्यीय टीम ने तोक्यो में 9 खेलों में लिया था हिस्सा

भारत ने बुधवार से यहां शुरू होने वाले पैरालंपिक खेलों के लिए 84 खिलाड़ियों का मजबूत दल भेजा है जिनसे उसे रिकॉर्ड पदक जीतने की उम्मीद है। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 19 पदक जीते थे और वह समग्र रैंकिंग में 24वें स्थान पर रहा था। इसके तीन साल बाद भारत का लक्ष्य स्वर्ण पदकों की संख्या दोहरे अंक में पहुंचाने और कुल 25 से अधिक पदक जीतना है।

भारत ने यह लक्ष्य इसलिए तय किया है क्योंकि इस बार उसका सबसे बड़ा दल इन खेलों में भाग लेगा। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ियों ने हाल में अच्छा प्रदर्शन करके उम्मीद बढ़ा दी है। भारत ने पिछले साल हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों में 29 स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 111 पदक जीते थे। इसके बाद मई में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने आधा दर्जन स्वर्ण सहित 17 पदक जीते। एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले कई खिलाड़ी पैरालंपिक टीम में शामिल हैं। इनमें विश्व रिकॉर्डधारी भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल (एफ64) और राइफल निशानेबाज अवनि लेखरा (10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1) जैसे शीर्ष सितारे शामिल हैं। ये दोनों तोक्यो में जीते गए अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के लिए उतरेंगे। भारत के लिए पैरा-एथलेटिक्स टीम ने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है और इस बार भी एथलेटिक्स में भाग ले रहे 38 खिलाड़ियों से देश को काफी उम्मीद है।

पदक के अन्य प्रमुख दावेदारों में पैरा तीरंदाज शीतल देवी शामिल हैं, जो अपने पैरों से निशाना लगाती है। उनके अलावा होकाटो सेमा (शॉट पुट) और नारायण कोंगनापल्ले (रोवर) और कई अन्य खिलाड़ी पदक के दावेदार हैं। भारत इस बार 12 खेलों में भाग ले रहा है, जबकि तोक्यो में 54 सदस्यीय टीम ने नौ खेलों में भाग लिया था। निशानेबाज मनीष नरवाल और बैडमिंटन खिलाड़ी कृष्णा नागर भी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जो पिछले पैरालंपिक में जीते गए अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के लिए उतरेंगे। 17 साल की उम्र में एक दुर्घटना में अपना बायां पांव गंवाने वाले सुमित ने मई में पैरा विश्व चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था और वह पेरिस में उसी स्थान पर 75 मीटर का आंकड़ा पार करने की उम्मीद कर रहे हैं जहां नीरज चोपड़ा ने इस महीने के शुरू में ओलंपिक रजत पदक जीता था।

लेखरा ने एक स्वर्ण और एक कांस्य के साथ तोक्यो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दो पदक जीते थे। उनके अलावा सिंहराज अधाना (रजत और कांस्य) ने भी दो पदक हासिल किए थे लेकिन वह मौजूदा टीम में जगह नहीं बना सके। लेखरा पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला थीं। वह अब पैरालंपिक में तीन पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होना चाहेगी। तोक्यो खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने के कारण इस बार पैरालंपिक में भाग नहीं ले पाएंगे। तोक्यो में रजत पदक जीतने वाले सुहास यतिराज (पुरुष एकल और मिश्रित युगल) फिर से पदक के दावेदार होंगे। पैरा तीरंदाजी में शीतल और हरविंदर सिंह पदक के दावेदारों में से होंगे। हरविंदर ने तोक्यो में पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में कांस्य पदक जीता था। तोक्यो में टेबल टेनिस में रजत पदक जीतने वाली भाविनाबेन पटेल का लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना होगा। व्हीलचेयर पर बैठकर खेलने वाली यह खिलाड़ी महिला एकल एस4 और महिला युगल डी10 स्पर्धाओं में भाग लेगी। एशियाई पैरा खेलों में एफ34 स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले सुमित अंतिल और शॉट पुटर भाग्यश्री जाधव पैरालंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार किसी स्टेडियम के बाहर आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे।

### उद्घाटन में होंगे भारतीय दल के 100 से अधिक सदस्य

**पेरिस।** भारतीय दल के 100 से अधिक सदस्य बुधवार को पेरिस पैरालंपिक के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे जिनमें 52 खिलाड़ी शामिल है। यह समारोह खेलो के इतिहास में पहली बार स्टेडियम से बाहर आयोजित होगा। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझडिया ने कहा जिन खिलाड़ियों की 29 अगस्त को स्पर्धायें हैं, वे उद्घाटन समारोह में भाग नहीं लेंगे। निशानेबाजी टीम देशों की परेड में भाग नहीं लेगी। देशों की परेड में भारत के 106 सदस्य हिस्सा लेंगे जिनमें 52 खिलाड़ी और 54 अधिकारी हैं।

## टी-20 विश्व कप में पार करेंगे आखिरी बाधा : कौर

नई दिल्ली, एजेंसी



- 3 से 20 अक्टूबर तक यूएई में होगा महिला टी-20 विश्व कप

कप्तान हरमनप्रीत कौर आशावादी हैं कि भारत आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के दौरान अपना पहला वैश्विक खिताब जीतेगा। उन्होंने कहा कि यूएई की परिस्थितियां उनकी टीम के लिए फायदेमंद होंगी। आईसीसी ने बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए 3 से 20 अक्टूबर तक होने वाले महिला टी-20 विश्व कप को यूएई में स्थानांतरित कर दिया था।

हरमनप्रीत ने कहा जब भी हम इस तरह के मंच पर खेलते हैं तो हम हमेशा अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। हमने अतीत में भी हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है और उम्मीद करते हैं कि इस बार हम अंतिम बाधा को पार करने में सफल रहेंगे और खिताब जीतेंगे। हरमनप्रीत को भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। 35 साल की हरमनप्रीत ने कहा कि यूएई की परिस्थितियां भारत से काफी मिलती-जुलती हैं। उम्मीद है परिणाम टीम के हक में होंगे।

**दलीप ट्रॉफी**

## बीमार सिराज बाहर जडेजा को और आराम की स्वीकृति

**मुंबई।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज बीमारी के कारण दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के मैच में नहीं खेल पाएंगे जबकि बीसीसीआई की चयन समिति ने रविंद्र जडेजा की आराम की अवधि बढ़ा दी है।

दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में दो मैच शामिल होने हैं जो पांच से आठ सितंबर तक खेले जाएंगे। इसमें भारत ए का मुकाबला भारत बी से बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा जबकि भारत सी की टीम भारत डी से अनंतपुर के ग्रामीण विकास ट्रस्ट स्टेडियम ए में खेलेगी।

## लीजेंड्स टूर में खेलेंगे जीव-रंधावा

- 30 से ग्रेटर नोएडा में शुरू होगी प्रतियोगिता, 64 खिलाड़ी शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी




लीजेंड्स चैंपियनशिप के लिए टी-शर्ट लॉन्च करते आयोजक व खिलाड़ी।

भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा सहित 64 खिलाड़ी 30 अगस्त से ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स पर पहली एचएसबीसी इंडिया लीजेंड्स चैंपियनशिप में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।

यह देश में लीजेंड्स टूर की पहली प्रतियोगिता होगी। इसकी इनामी राशि पांच लाख डॉलर है और इसमें 2005 के अमेरिकी ओपन चैंपियन न्यूजीलैंड के माइकल कैंपबेल भी शिरकत करेंगे। इंडिया लीजेंड्स चैंपियनशिप के विजेता को 74,250 डॉलर जबकि उप विजेता को 49,000 डॉलर मिलेंगे। तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी की झोली में 32,700 डॉलर आएंगे। यह प्रतियोगिता 54 होल की होगी और इससे पहले 28 और 29 अगस्त को प्रो-ऐम प्रतियोगिता खेली जाएगी। लीजेंड्स टूर पेशेवर गोल्फ टूर है जिसमें 50 और इससे अधिक वर्ष के पुरुष गोल्फर हिस्सा लेते हैं। इसका संचालन पीजीए यूरोपीय टूर करता है। इसकी शुरुआत 1992 में यूरोपीय सीनियर टूर के रूप में हुई और 2020 में इस लीजेंड्स टूर नाम दिया गया। पीजीटीआई से इस टूर्नामेंट की मेजबानी जीव कर रहे हैं। इसमें 17 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

**अमेरिकी ओपन : 89वां मैच जीत कर जोकोविच ने की रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी**

## दूसरे दौर में पहुंचे नोवाक-गॉफ

न्यूयॉर्क, एजेंसी



मौजूदा चैंपियन नोवाक जोकोविच और कोको गॉफ ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच ने पहले दौर के मैच में मोल्दोवा के क्वालीफायर राडू अल्बोट को 6-2, 6-2, 6-4 से हराया। उन्होंने अमेरिकी ओपन में 89वां मैच जीत कर रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। जोकोविच रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की कवायद में हैं।

जोकोविच का अगला मुकाबला सर्बिया के उनके हमवतन लास्लो जेरे से होगा जिन्होंने जान लेनार्ड स्ट्रफ पर 6-7 (7), 6-1, 6-7 (7), 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। एक साल पहले जोकोविच अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में जेरे से पहले दो सेट हार गए थे लेकिन इसके बाद उन्होंने वापसी करके पांच सेट में यह मुकाबला जीता था। गॉफ ने पहले दौर के मैच में वरवरा ग्रेचेवा को 6-2, 6-0 से पराजित किया। अमेरिकी ओपन में 2017 की चैंपियन स्लोएन स्टीफंस ने क्लारा ब्यूरेल के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन, 24वीं वरीयता प्राप्त डोना वेकिच, 12वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना और 14वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज शामिल है।

### पहले दौर में बाहर हुए सुमित नागल

**न्यूयॉर्क।** भारत के शीर्ष खिलाड़ी सुमित नागल यहां शुरुआती दौर में नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर से सीधे सेटों में हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए। नागल को अपनी पहली सर्विस में संघर्ष करना पड़ा और ग्रिक्सपुर से हार गए। नागल ने 2 :20 मिनट तक चले मैच में दो बार प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ी जबकि नीदरलैंड के खिलाड़ी ने ब्रेक प्वाइंट के 11 मौकों में से छह को भुनाया। नागल को लय हासिल करने में कुछ समय लगा। पुरुष युगल में भारत के रोहन बोपन्ना, युकी भांबरी, एन श्रीराम बालाजी और नागल अलग-अलग जोड़ीदारों के साथ खेलेंगे।

## डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर भारत, पाकिस्तान 8वें स्थान पर

**दुबई।** पाकिस्तान रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 10 विकेट की हार और उसके बाद धीमी ओवर गति की पेनल्टी के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में आठवें स्थान पर खिसक गया है। वहीं, भारत नौ मैचों में छह जीत हासिल करके 74 अंकों और 68.52 के जीत प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है।

पाकिस्तान छह मैचों के बाद 16 अंकों और 22.22 के जीत प्रतिशत के साथ आठवें स्थान पर है। वह केवल वेस्टइंडीज से आगे है। रविवार को समाप्त हुए मैच में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज करने वाला बांग्लादेश 21 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। उसने अब तक अपने पांच में से दो मैच जीते हैं। पाकिस्तान के लिए पहले टेस्ट में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण स्थिति और अधिक निराशाजनक हो गई है।

## जय शाह के बाद बीसीसीआई सचिव पद का कार्यभार संभाल सकते हैं रोहन

दुबई, एजेंसी



- आईसीसी की सबसे दमदार वित्त और व्यावसायिक मामलों की उप समिति के प्रमुख हैं शाह

बीसीसीआई सचिव जय शाह दिसंबर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अगले चेयरमैन बनेंगे क्योंकि इस पद के लिए वह अकेले उम्मीदवार बचे थे। आईसीसी ने मंगलवार को यह घोषणा की। वहीं, भाजपा नेता रहे अरुण जेटली के पुत्र रोहन जेटली बीसीसीआई के सचिव होंगे।

35 वर्ष के शाह निवर्तमान ग्रेग बार्कले की जगह लेंगे जिन्होंने लगातार तीसरी बार दावेदारी नहीं करने का फैसला किया। शाह ने आईसीसी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन के तौर पर नामित होने से अभिभूत हूं। शाह को अब बीसीसीआई सचिव का पद छोड़ना होगा जिस पर वह 2019 से काबिज हैं। बोर्ड की आमसभा की बैठक अगले महीने या अक्तूबर में होगी। शाह इस समय आईसीसी की सबसे दमदार वित्त और व्यावसायिक मामलों की उप समिति के प्रमुख है। वह 2022 में इस उप समिति के अध्यक्ष बने थे।

**बॉलीवुड हलचल**

## कोहरा 2 में शामिल हुईं मोना सिंह



**मुंबई।** सुपरहिट फिल्म मुंज्या में अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के बाद अभिनेत्री मोना सिंह, बरुन सोबती अभिनीत कोहरा के दूसरे सीजन में दर्शकों का मनोरंजन करने आ रही हैं। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने कोहरा सीजन 2 के बारे मे इंस्टाग्राम पर जानकारी दी। उन्होंने कैप्शन में लिखा,एक नया रहस्य, एक नई जांच, कोहरा जल्द ही छंटेगा, कोहरा सीजन 2 जल्द ही आ रहा है, केवल नेटफ्लिक्स पर। कोहरा, जिसने 2023 में दर्शकों को खूब रोमांचित किया था, अब नए चेहरों, नए रहस्य और जांच के साथ दूसरे सीज़न के लिए वापस आने के लिए तैयार है। इस शो के सीजन 1 को खूब सराहना मिली थी। शो कोहरा 2 का निर्देशन फैसल रहमान के साथ शोरनर, निर्माता और सह-निर्माता सुदीप शर्मा द्वारा किया जाएगा और एक्ट थ्री प्रोडक्शंस और फिल्म स्क्वाड प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित किया जाएगा। निर्माता और निर्देशक के रूप में यह सुदीप शर्मा की पहली फिल्म होगी। कोहरा पंजाब की एक पुलिस प्रक्रियात्मक कहानी है जो एक एनआरआई व्यक्ति की हत्या के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें सुविंदर विक्की और बरुण सोबती मामले की जांच कर रहे पुलिसकर्मी की भूमिका निभाते नजर आएंगे, हरलीन सेठी सुरिंदर की बेटी की भूमिका में हैं और लगान की राचेल शेली एनआरआई बच्चे के दोस्त की मां की भूमिका में हैं।

## टोरंटो फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होगी आवारा




**मुंबई।** भारतीय सिनेमा जगत के पहले शोमैन कहे जाने वाले राज कपूर की सुपरहिट फिल्म आवारा टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित की जाएगी। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर घोषणा की कि फिल्म आवारा को टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के क्लासिक सेक्शन 2024 में प्रदर्शित किया जाएगा। इस 4के रेस्टोरेशन के शानदार प्रयास का नेतृत्व एनएफडीसी और ' नेशनल फिल्म आर्काइव ऑफ इंडिया ने किया है। राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन का हिस्सा, रेस्टोरेशन प्रोजेक्ट में कुणाल कपूर की देखरेख में उन्नत कलर ग्रेडिंग शामिल है। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य यही रहा है कि फिल्म अपने मूल रूप में बनी रहे और दर्शकों के सामने उसी तरह आए। इस परियोजना को भारत के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने वित्त पोषित किया है। यह परियोजना कपूर की शताब्दी उत्सव को मनाने के लिए शुरू की गई है, जिसे दिसंबर 2024 में मनाया जाएगा। फिल्म प्रेमियों को आवारा 4के में 13 सितंबर, 2024 को टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में देखने को मिलेगी।



## कियारा से बहुत प्रेरित हैं शरवरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी, कियारा आडवाणी से बहुत प्रेरित हैं। कियारा आडवाणी निस्संदेह भारतीय सिनेमा की बहुमुखी और पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपने काम, अभिनय और इंडस्ट्री में अपने सफर के साथ, कियारा आडवाणी कई युवा अभिनेत्रियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। शरवरी वाघ ने हाल ही में कियारा आडवाणी के बारे में बात की और कहा, मुझे वाकई लगता है कि कियारा आडवाणी का सफर बहुत प्रेरणादायक है, क्योंकि मुझे लगता है कि वह बहुत लंबे समय तक ऐसी फ़िल्मों का हिस्सा रहीं, जिनके बारे में लोगों को पता भी नहीं था और आज वह टॉप अभिनेत्रियों में से एक हैं। मुझे लगता है कि दृढ़ संकल्प, मुझे यकीन है कि उन्हें आगे बढ़ते रहना था और खुद को बेहतर बनाना था और बेहतर प्रदर्शन करना था। मुझे लगता है कि यह कुछ प्रेरणादायक है। कियारा आडवाणी फिल्म गेम चेंजर, वॉर 2 और डॉन 3 में नजर आएंगी, जबकि शरवरी अगली बार फिल्म अल्फा में नजर आएंगी।

## स्त्री 2 की कमाई 400 करोड़ के पार

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2, ने भारतीय बाजार में 400 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं। अमर कौशिक के निर्देशन में बनीं फिल्म स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर तूफान ला दिया है। फिल्म स्त्री 2, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। इससे पूर्व 14 अगस्त को पेड प्रिव्यू से स्त्री 2 ने 8 .50 करोड़ रुपये की कमाई की थी। स्त्री 2 ने शानदार कमाई का सिलसिला जारी रखा है। स्त्री 2 ने देशभर के बॉक्स-ऑफिस पर 400 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। स्त्री 2 का निर्माण दिनेश विजान ने मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर किया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### चीनी जहाजों ने मनीला के जहाज को रोका

**मनीला।** चीन ने 40 जहाजों के अत्यधिक बल प्रयोग से फिलीपीन के दो जहाजों को दक्षिण चीन सागर में एक विवादित द्वीप पर मनीला के सबसे बड़े तटरक्षक जहाज को खाद्य एवं अन्य सामान की आपूर्ति करने से रोक दिया। दक्षिण चीन सागर में क्षेत्रीय विवाद का यह ताजा मामला है। चीन, फिलीपीन ने टकराव के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया है।

### बुर्किना फासो में आतंकी हमले में 100 की मौत

**अबुजा।** मध्य बुर्किना फासो के एक गांव में अल-कायदा से जुड़े आतंकवादियों द्वारा सप्ताहांत में किए गए हमले में 100 ग्रामीणों और सैनिकों की मौत हो गई। एक विशेषज्ञ ने हमले से जुड़े वीडियो के विश्लेषण के बाद यह जानकारी दी। इस हमले को संघर्षग्रस्त बुर्किना फासो में इस वर्ष हुए सबसे घातक हमलों में से एक बताया जा रहा है।

### सूडान में वर्षा, बाढ़ से 132 लोगों की मौत

**खार्तूम।** सूडान में भारी वर्षा होने से अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 132 हो गई है। सूडानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्राकृतिक आपदा से मरने वालों का आंकड़ा 132 तक पहुंच गया है। इससे पहले, सूडानी अधिकारियों ने प्राकृतिक आपदा के कारण 68 लोगों की मौत की सूचना दी थी। उन्होंने कहा था कि पीड़ितों की मौत घर गिरने और डूबने सहित विभिन्न कारणों से हुई है।

### मणिपुर में केवाईकेएल के छह सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले से सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित संगठन कांग्लेई यावोल कान्बा लूप (केवाईकेएल) के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से बंदूक पर लगाए जाने वाले तीन लेंस, सैन्य वर्दी, गोला-बारूद और चार पहिया वाहन बरामद हुआ है। सुरक्षाबलों ने कुछ अन्य जगहों पर छापेमारी कर एक सिंगल बैरल और एक डबल बैरल बंदूक, 75 जिंदा कारतूस, एके-47 की तीन भरी हुई मैगजीन, सात वायरलेस वॉकी-टॉकी सेट और अन्य सामग्री बरामद किया।

### नौसेना ने निकाला लापता विमान का मलबा

**जमशेदपुर।** भारतीय नौसेना के जवानों ने झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में चांडिल बांध से, दो सीट वाले विमान का मलबा बाहर निकाल लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह विमान जमशेदपुर के सोनारी हवाई अड्डे से 20 अगस्त को उड़ान भरने के बाद विमान लापता हो गया था। एनडीआरएफ ने गुरुवार को पायलट कैप्टन जीत सतरू और प्रशिक्षु पायलट शुभ्रोदीप दत्ता के शव बरामद किए थे।

### शिवाजी की मूर्ति मामले में ठेकेदार पर प्राथमिकी

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग पुलिस ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ध्वस्त होने के मामले में प्रतिमा बनाने वाले ठेकेदार और संरचनात्मक सलाहकार सहित दो लोगों के खिलाफ मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की। यह प्रतिमा सिंधुदुर्ग जिले स्थित मालवन बीच पर राजकोट किले में बनी थी।

### दर्शन को दूसरी जेल भेजने पर जल्द फैसला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि रेणुकास्वामी हत्या मामले में यहां परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार में बंद कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को दूसरी जेल में स्थानांतरित करने पर प्राधिकारी कुछ दिनों में फैसला कर सकते हैं। दर्शन की एक आदतन अपराधी समेत तीन अन्य लोगों के साथ जेल परिसर में एक कुर्सी पर बैठ कर और हाथ में कॉफी का मग लेकर धूम्रपान करने की तस्वीर रविवार को वायरल हो गई थी।

## महिला को छूने और आंख मारने पर ठहराया दोषी

**मुंबई, एजेंसी**

- उम्र और आपराधिक इतिहास न होने पर नहीं दी सजा

मुंबई की एक अदालत ने महिला को आंख मारने और उसका हाथ पकड़ने के आरोपी युवक को उसकी (महिला की) गरिमा को ठेस पहुंचाने का दोषी करार दिया, लेकिन आरोपी की उम्र और उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं होने पर उसे सजा नहीं दी। मजिस्ट्रेट आरती कुलकर्णी ने 22 अगस्त को पारित आदेश में कहा कि आरोपी मोहम्मद कैफ फाकिर द्वारा किया गया अपराध उम्रकैद से कम सजा का हकदार नहीं है, लेकिन उसकी उम्र और कोई आपराधिक इतिहास नहीं होने से उसे परिवीक्षा का फायदा मिलना चाहिए।

अदालत ने कहा कि वह महिला को हुई मानसिक पीड़ा और उत्पीड़न को नजरअंदाज नहीं कर सकती, लेकिन आरोपी को सजा देने से उसके भविष्य और समाज में उसकी छवि पर असर पड़ेगा। अदालत ने फाकिर को आईपीसी की धारा 354 के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने फाकिर को 15,000 रुपये का बांड भरने पर रिहाई का आदेश दिया। अप्रैल 2022 में दक्षिण मुंबई के भायखला पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, महिला ने एक दुकान से किराने का सामान मंगवाया था और उसी दुकान पर काम करने वाला आरोपी सामान देने घर पहुंचा था। आरोपी ने महिला से पीने को पानी मांगा और जब वह उसे पानी दे रही थी, तो उसने उसके हाथ को गलत तरीके से छुआ और आंख मारी।

## डिजिटल अरेस्ट : साइबर ठगों ने बिछाया नया जाल



डिजिटल अरेस्ट साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को धोखा देने के लिए अपनाई जाने वाली एक नई और अभिनव रणनीति है। इसमें साइबर अपराधी पुलिस अधिकारी, सीबीआई या कस्टम अधिकारी बनकर लोगों को कॉल कर उन्हें बताते हैं कि उन पर या उनके किसी स्वजन पर कुछ आरोप लगे हैं और उन्हें तुरंत पैसे देने की जरूरत है वरना उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। विश्वास दिलाने के लिए साइबर अपराधी पीड़ितों को वीडियो कॉल पर नकली पुलिस स्टेशन का बैकग्राउंड आदि दिखकर भयभीत करते हैं। इस तरह झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर अपराधी ब्लैकमेल कर पैसे वसूलने की कोशिश करते हैं। सावधानी और जागरुकता से इससे बचा जा सकता है।

### यह तरीके अपनाते हैं अपराधी

**फर्जी कॉल :** अपराधी पुलिस या अन्य सरकारी अधिकारी बनकर कॉल करते हैं और पीड़ित को बताते हैं कि उन पर कुछ आरोप लगे हैं और उन्हें तुरंत पैसे देने की जरूरत है वरना उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**वीडियो कॉल :** अपराधी वीडियो कॉल पर नकली पुलिस स्टेशन का बैकग्राउंड दिखाकर पीड़ित को डराते हैं और उनसे पैसे मांगते हैं।

**फर्जी मेल/मैसेज :** अपराधी फर्जी मेल या मैसेज भेजकर पीड़ित को बताते हैं कि उनके खाते में कुछ समस्या है और उन्हें तुरंत पैसे देने की जरूरत है वरना उनका खाता बंद कर दिया जाएगा।

**नकली वेबसाइट :** अपराधी नकली वेबसाइट बनाकर पीड़ित को बताते हैं कि उन्हें कुछ पैसे देने की जरूरत है वरना उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सोशल मीडिया :** अपराधी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करके पीड़ित को बताते हैं कि उन्हें कुछ पैसे देने की जरूरत है वरना उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ठगी से बचाव के कुछ तरीके

- **सावधानी बरतें :** यदि आपको कोई संदिग्ध कॉल या मैसेज आता है, तो तुरंत प्रतिक्रिया न दें। पहले इसकी सत्यता की जांच करें।
- **सत्यापन करें :** यदि आपको कोई कॉल आती है जिसमें आपसे पैसे मांगे जा रहे हैं, तो पहले कॉल करने वाले की पहचान और संपर्क जानकारी को सत्यापित करें।
- **पर्सनल जानकारी न दें :** अपनी गोपनीय जानकारी न दें, विशेष रूप से बैंकिंग डिटेल्स।
- **हमेशा डॉक्यूमेंट मांगें :** कानूनी आरोपों के बारे में जानकारी को स्वतंत्र रूप से सत्यापित करें और कॉल करने वाले से कानूनी प्रपत्र की मांग करें।

### साइबर सेल से करें संपर्क

शांत रहें और कभी भी घबराएं नहीं क्योंकि वास्तविक कानूनी मामलों को आमतौर पर औपचारिक प्रक्रियाओं के माध्यम से निपटाया जाता है, न कि तत्काल धमकियों के माध्यम से। यदि आपको लगता है कि आप डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो रहे हैं, तो तुरंत पुलिस और साइबर सेल से संपर्क करें और उन्हें पूरी जानकारी देकर सहायता मांगें।

### इंदौर में 1.50 करोड़ की ठगी

**इंदौर।** इंदौर में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी की वारदातें लगातार सामने आ रही हैं। पिछले आठ महीनों में ठग गिरोहों ने ऐसे 13 लोगों को कुल 1.50 करोड़ रुपये का चूना लगाया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने मंगलवार को बताया कि हमें एक जनवरी से अब तक डिजिटल अरेस्ट के नाम पर कुल 1.50 करोड़ रुपये की ठगी को लेकर 13 लोगों की शिकायतें मिली हैं।

## यूक्रेन के प्रति शांति संदेश, मानवीय समर्थन के लिए मोदी की सराहना

### बाइडन ने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात, शांति बहाली की संभावनाओं पर की चर्चा

**वाशिंगटन, एजेंसी**





**हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए भारत से मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और यूक्रेन के लिए उनके शांति के संदेश एवं मानवीय समर्थन को लेकर उनकी सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की कीव की ऐतिहासिक यात्रा पर और संवाद तथा कूटनीति के माध्यम से जल्दी शांति लौटने की संभावना पर चर्चा की। मोदी की 23 अगस्त की कीव यात्रा को कूटनीतिक संतुलन बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि बाइडन प्रशासन ने पिछले महीने उनकी रूस यात्रा की आलोचना की थी और कई पश्चिमी देशों ने इस पर नाराजगी जताई थी। कीव यात्रा के दौरान मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कहा था कि यूक्रेन और रूस को युद्ध समाप्त करने के लिए एक साथ बैठना चाहिए और भारत शांति बहाल करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। मोदी की यात्रा के तीन दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति की पहल पर सोमवार को दोनों नेताओं की बातचीत हुई बाइडन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैंने प्रधानमंत्री मोदी की पोलैंड और यूक्रेन की हालिया यात्रा पर चर्चा करने के लिए फोन पर उनसे बात की और यूक्रेन के लिए शांति के उनके संदेश और मानवीय समर्थन को लेकर उनकी सराहना की।

उन्होंने कहा कि हमने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि में योगदान देने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की। मोदी की रूस, पोलैंड और यूक्रेन की यात्रा तथा बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बातचीत थी। व्हाइट हाउस ने इस फोन वार्ता की जानकारी दी और बांग्लादेश का कोई उल्लेख नहीं किया जिसका प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में जिक्र किया। मोदी की यूक्रेन की लगभग नौ घंटे की यात्रा, 1991 में यूक्रेन की आजादी के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। जिससे कुछ पश्चिमी देशों में नाराजगी फैल गई थी। व्हाइट हाउस ने बताया कि दोनों नेताओं ने मोदी की पोलैंड और यूक्रेन की हालिया यात्रा के साथ-साथ सितंबर में प्रस्तावित संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों पर भी चर्चा की। बाइडन ने यूक्रेन के ऊर्जा क्षेत्र के लिए सहयोग के अलावा वहां शांति और मानवीय समर्थन के वास्ते मोदी के संदेश की भी सराहना की। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन और मोदी ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपने निरंतर समर्थन की पुष्टि की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बाइडन के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने यूक्रेन की स्थिति सहित विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का विस्तृत आदान-प्रदान किया।

### प्रधानमंत्री ने यूक्रेन यात्रा, द्विपक्षीय संबंधों पर पुतिन से की बात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की। उन्होंने यूक्रेन की अपनी हालिया यात्रा से प्राप्त अनुभवों को साझा किया तथा यूक्रेन के साथ संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बातचीत में दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया तथा यूक्रेन की अपनी हालिया यात्रा से प्राप्त अनुभवों को साझा किया। संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। टेलीफोन पर बातचीत में प्रधानमंत्री ने पिछले महीने 22वें भारत-रूस द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अपनी रूस की सफल यात्रा को याद किया। दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## पाकिस्तान में 25 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत कबायली जिले खैबर में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और उसके दो सहयोगी समूहों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए व्यापक अभियान में एक शीर्ष आतंकवादी कमांडर समेत 25 आतंकवादी मारे गए जबकि 11 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा (इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस) ने टीटीपी का जिक्र करते हुए एक बयान में कहा कि ये अभियान ''पुख्ता खुफिया जानकारी'' पर आधारित थे और इससे 'फितना अल खवारिज' और उसके सहयोगियों को बड़ा झटका लगा। सुरक्षा बलों ने अब तक 25 आतंकवादियों को मार गिराया गया है जिनमें इसका सरगना अबुजार उर्फ सद्दाम शामिल है, जबकि 11 आतंकी घायल हुए हैं। अभियान के दौरान चार सैनिकों की भी मौत हो गई।

## भारत अगले माह संरा में उच्च सागर संधि पर हस्ताक्षर करेगा

**चेन्नई, एजेंसी।** भारत अगले महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा में राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता (बीबीएनजे) समझौते, जिसे उच्च समुद्र संधि भी कहा जाता है, पर हस्ताक्षर करेगा। यह महत्वपूर्ण घोषणा मंगलवार को यहां केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सलाहकार पीके श्रीवास्तव ने की। कार्यान्वयन पर केंद्रित दो दिवसीय उच्च स्तरीय कार्यशाला को मंगलवार को संबोधित करते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि मंत्रालय समझौते से संबंधित विकास की निगरानी के लिए एक समर्पित संस्थागत तंत्र स्थापित करेगा। कहा कि यह प्राधिकरण संधि से संबंधित आवश्यक नियमों, अध्ययनों और अन्य गतिविधियों से निपटेगा। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यकताओं के साथ अनुकूलता सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा कानून में संधि पर विस्तृत चर्चा और संशोधन की आवश्यकता है।

## हिप्र विस में निंदा प्रस्ताव पारित हरियाणा में आप का प्रदर्शन

**शिमला/चंडीगढ़, एजेंसी**



- भाजपा सांसद कंगना रनौत के किसानों पर दिए बयान से बवाल

भाजपा सांसद कंगना रनौत के किसानों पर दिए बयान के खिलाफ विपक्ष ने मंगलवार को भी हमला जारी रखा। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में कंगना के बयान की निंदा करने के लिए कांग्रेस समर्थित प्रस्ताव पारित किया गया, जबकि आप ने हरियाणा के विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया।

हिमाचल के मंडी से सांसद रनौत ने दिए साक्षात्कार की क्लिप साझा की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर देश में मजबूत नेतृत्व नहीं होता, तो भारत में 'बांग्लादेश जैसी स्थिति' पैदा हो सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि अब निरस्त हो चुके तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान शव लटक रहे थे और बलात्कार हो रहे थे। उन्होंने इस 'साजिश' में चीन और अमेरिका के शामिल होने का आरोप लगाया। रनौत की टिप्पणी को लेकर उनके कांग्रेस शासित कंगना के गृह राज्य हिमाचल प्रदेश की विधानसभा में तीखी बहस हुई, क्योंकि सदन ने टिप्पणी की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। 'आप' की हरियाणा इकाई ने रनौत की टिप्पणी के खिलाफ राज्य में विरोध प्रदर्शन किया।

### फिल्म इमरजेंसी के निर्माताओं को नोटिस

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने फिल्म इमरजेंसी के निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजा है। सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था का दावा है कि फिल्म में सिखों के चरित्र और इतिहास को गलत तरीके से पेश किया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी जल्द ही सिंगापुर का दौरा करेंगे

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने घोषणा की है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शीघ्र ही सिंगापुर की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। भारत और सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्रियों के रणनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए यहां एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद उन्होंने यह बात कही। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित चार सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने और आपसी हितों के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए सोमवार को यहां दूसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया।

## कुछ वर्षों में गहरी हुई भारत और ब्राजील में साझेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- दोनों देशों की 9वीं संयुक्त आयोग की बैठक में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी पिछले कुछ वर्षों में गहरी और विविधतापूर्ण हुई है और अब यह रक्षा, अंतरिक्ष, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच संबंधों सहित बहुत व्यापक क्षेत्रों तक फैल गई है। दिल्ली में 9वीं भारत-ब्राजील संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) में अपने उद्घाटन भाषण में जयशंकर ने जी-20 बैठकों के सफल आयोजन के लिए लैटिन अमेरिकी देश को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं ब्राजील की जी20 अध्यक्षता के लिए भारत के पूर्ण समर्थन को दोहराना चाहूंगा।

हम एक न्यायपूर्ण विश्व और एक टिकाऊ ग्रह के निर्माण के विषय पर केंद्रित विभिन्न अनूठी पहलों की सराहना करते हैं। यहां 25 अगस्त को पहुंचे ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा ने अपने प्रारंभिक भाषण में कहा कि राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डा सिल्वा को नवंबर में रियो डी जेनेरियो में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करने में खुशी होगी।

## अमेरिका-चीन में टकराव से बचने के तरीकों पर बातचीत

**बीजिंग, एजेंसी।** व्हाइट हाउस के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और चीन यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रहे हैं कि उनके बीच प्रतिस्पर्धा टकराव में तब्दील न हो। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन वरिष्ठ विदेश नीति अधिकारी वांग यी के साथ दो दिनों से बैठक कर रहे हैं। सुलिवन ने वार्ता शुरू होने से पहले संक्षिप्त बयान में कहा कि राष्ट्रपति बाइडन ने राष्ट्रपति शी के साथ अपनी बातचीत में यह स्पष्ट किया कि वह इस अहम संबंध को जिम्मेदारी से संभालने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुलिवन गुरुवार तक चीन में रहेंगे और इस यात्रा का उद्देश्य एक ऐसे रिश्ते में संवाद को बनाए रखने की कोशिश करना है।

## राजमार्गों से अतिक्रमण हटाने को गठित करें टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने कब्जों पर चिंता जताते हुए केंद्र को दिए निर्देश
- कोर्ट ने पोर्टल भी बनाने को कहा जहां लोग जानकारी दे सकें

राष्ट्रीय तथा राज्यों के राजमार्गों पर अतिक्रमण को लेकर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को निर्देश दिया कि सड़कों पर अनधिकृत कब्जों के लगातार और नियमित निरीक्षण के लिए विभिन्न दल बनाए जाएं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मंत्रालय को यह निर्देश भी दिया कि एक पोर्टल बनाएं जहां लोग राजमार्गों पर अतिक्रमण के बारे में जानकारी दे सकते हैं और तस्वीरें अपलोड कर सकते हैं। केंद्र को पोर्टल का व्यापक प्रचार करने का निर्देश देते हुए पीठ ने कहा कि एक टोल-फ्री नंबर जारी किया जाए जहां लोग राजमार्गों पर अतिक्रमण की सूचना दे सकते हैं।

शीर्ष अदालत ज्ञान प्रकाश नामक व्यक्ति द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग (भूमि एवं यातायात) नियंत्रण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के कार्यान्वयन एवं राजमार्गों से अतिक्रमण हटाने के लिए विभिन्न निर्देश जारी करने का अनुरोध किया था। न्यायमित्र नियुक्त की गईं अधिवक्ता स्वाति घिल्डियाल ने कहा कि मंत्रालय ने 18 मार्च, 2020 को एक परिपत्र जारी किया था।

## भारत विरोधी पोस्ट पर छात्रा को वापस भेजा बांग्लादेश

**सिलचर, एजेंसी।** असम के सिलचर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) में पढ़ने वाली एक बांग्लादेशी छात्रा को सोशल मीडिया पर भारत विरोधी पोस्ट पर 'लव' इमोजी के साथ प्रतिक्रिया देने के बाद उसके देश वापस भेज दिया गया। कछार के पुलिस अधीक्षक नुमल महत्ता ने मंगलवार को दावा किया कि यह निर्वासन नहीं था, बल्कि बांग्लादेश के अधिकारियों के परामर्श से उसे वापस भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एनआईटी सिलचर के इलेक्ट्रॉनिक और संचार विभाग में चौथे सेमेस्टर की छात्रा मैशा महजबीन को सोमवार को करीमगंज जिले के सुतारकंडी में एकीकृत जांच चौकी के रास्ते बांग्लादेश वापस भेज दिया गया।

## यौन उत्पीड़न : अभिनेता मोहनलाल ने एएमएमए अध्यक्ष का पद छोड़ा

### अन्य पदाधिकारियों ने भी दिया इस्तीफा

**कोच्चि, एजेंसी**

अपने कई सदस्यों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के मद्देनजर, एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स (एएमएमए) के अध्यक्ष और शीर्ष अभिनेता मोहनलाल सहित इसके सभी पदाधिकारियों ने मंगलवार को अपने पदों से इस्तीफा दे दिया।

एसोसिएशन ने एक बयान में कहा कि मौजूदा प्रशासनिक समिति ने आरोपों को लेकर नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दिया है। बयान के अनुसार, आम सभा की बैठक बुलाए जाने के बाद दो महीने के भीतर नयी प्रशासनिक समिति चुनी जाएगी। बयान में कहा गया है कि एसोसिएशन ने उसकी आलोचना करने और उसमें सुधार लाने के लिए सभी का आभार जताया।

### बांग्ला फिल्म उद्योग में भी होता है यौन उत्पीड़न

**कोलकाता।** मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर गंभीर खुलासे करने वाली न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बांग्ला अभिनेत्री ऋताभरी चक्रवती ने आरोप लगाया कि ऐसी कई रिपोर्ट यहां उनके अनुभवों से मेल खाती हैं। चक्रवर्ती ने सोमवार रात को फेसबुक पर अपने पोस्ट में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को टैग करते हुए उनसे केरल में हेमा समिति की तर्ज पर ऐसी ही जांच करवाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मलयालम फिल्म उद्योग में यौन उत्पीड़न का पर्दाफाश करने वाली हेमा समिति की रिपोर्ट ने मेरे मन में यह विचार पैदा किया है कि बांग्ला फिल्म उद्योग ऐसे ही कदम क्यों नहीं उठा रहा है? सामने आयीं कई रिपोर्ट मेरे अनुभवों से मेल खाती हैं या कुछ अभिनेत्रियों के अनुभवों से मेल खाती है जिन्हें मैं जानती हूं।

## मुझे कुछ हुआ तो सेना-आईएसआई जिम्मेदार : इमरान



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को दोहराया कि उनकी हालत के लिए सेना और आईएसआई जिम्मेदार हैं और उन्होंने जान को खतरे का अंदेशा भी जताया। अदियाला जेल में बंद खान (71) ने सरकार पर आरोप लगाया कि उसे देशभर में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और पाकिस्तान क्रिकेट को बर्बाद करने को लेकर आलोचना बर्दाश्त नहीं है। अगर मेरे साथ कुछ भी होता है, तो सेना प्रमुख और डीजी आईएसआई जिम्मेदार होंगे।

## ब्लैक होल के बिना जीवन संभव नहीं हो सकता

**संवाददाता, नैनीताल**



- जीवन के लिए आवश्यक पर्यावरणीय मिश्रण की आपूर्ति करता है ब्लैक होल

**अमृत विचार :** हमारे जैसा जीवन व सौर मंडल ब्लैकहोल के बिना संभव नहीं है। नए शोध के अनुसार दुर्लभ जीवन के लिए सटीक पर्यावरणीय मिश्रण की आवश्यकता होती है, जो ब्लैक होल ही प्रदान कर सकता है।

नए शोध में माना गया है कि जीवन को संभव बनाने के लिए तत्वों के एक निश्चित संयोजन की आवश्यकता होती है। जिसमें हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, कार्बन, ऑक्सीजन, फॉस्फोरस और सल्फर का मिश्रण शामिल है। महाविस्फोट के कुछ मिनटों के बाद से ही हाइड्रोजन ब्रह्मांड के चारों ओर घूम रहा है, लेकिन अन्य तत्व केवल तारों के अंदर संलयन प्रक्रियाओं से आते हैं। हमारे जैसा सौर मंडल संभव होने से पहले आकाशगंगाओं को तारे के जन्म और मृत्यु की कई पीढ़ियों की आवश्यकता होती है। यदि तारों की बात की जाय तो आकाशगंगा में तारे का निर्माण बहुत तेजी से हो सकता है। तारों की पीढ़ियां पलक झपकते ही आ और जा सकती हैं। तारों के निर्माण प्रक्रिया को सुपरमैसिव ब्लैक होल ही रोक सकता है। ब्लैक होल द्वारा छोड़ी जाने वाली सामग्री में जीवन के आवश्यक तत्व मौजूद होते हैं, जो जीवन की उत्पत्ति के बेहद जरूरी हैं। बुद्धिजीवी जीवन की उत्पत्ति को लेकर कई शोध हो चुके हैं। ब्रह्मांड में पृथ्वी के अलावा अभी तक किसी अन्य जगह पर जीवन का नहीं मिलना एक बड़ा रहस्य है, जबकि खगोलविद मानते हैं कि विशाल अंतरिक्ष में हम जैसा या फिर किसी अन्य रूप में जीवन अवश्य मौजूद होगा। जिसकी तलाश अभी तक पूरी नहीं हो सकी है।

### कैसे आया पृथ्वी पर जीवन

पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति को लेकर कई विचार सामने आए हैं, जो जीवन की उत्पत्ति के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं। मगर अभी तक ठोस सबूतों की कमी बनी हुई हैं। जिसके चलते वैज्ञानिकों के शोध आज भी जारी हैं।